

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0:

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 5 अंक: 27 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 06 नवम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले लाखों परि-वारों को मिलेगा पक्का मकान, रेखा सरकार ने लागू की नई नीति

'जहां झुग्गी, वहां मकान' की दिशा में बड़ा कदम, 1 जनवरी 2025 से पहले की पात्र झुग्गियों को मिलेगा पुनर्वास का लाभ

नई दिल्ली। दिल्ली की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लाखों प रिवारों के लिए राहत की खबर



है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार ने 'दिल्ली स्लम एंड झुग्गी-झोपड़ी रिलोकेशन एंड रिहैबिलिटेशन पॉलिसी-2026' अधिसूचित कर दी है। नई नीति के तहत 1 जनवरी 2025 से पहले स्थापित झुग्गियों में रहने वाले पात्र परिवारों को वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

सरकार की इस पहल से करीब पांच लाख परिवारों और लगभग 20 लाख लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। नीति में आवास के साथ स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी और खेल मैदान जैसी सुविधाओं का भी प्रावधान है। हालांकि, मकान का लाभ निर्धारित पात्रता, दस्तावेजों और सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने वाले परिवारों को ही मिलेगा।

पीएम मोदी का 'वर्ल्ड क्लास प्लेयर' बनाने का संकल्प स्वागतयोग्य, लेकिन चयन व्यवस्था में पारदर्शिता और योग्यता की अनदेखी कैसे होगी बर्दाश्त?

विश्वस्तरीय खिलाड़ी चाहिए तो मेरिट और प्रतिभा को मिले सर्वोच्च प्राथमिकता

114 पदक जीतकर पैरा खिलाड़ियों ने बढ़ाया देश का गौरव, अब खेल व्यवस्था को भी बनाना होगा विश्वस्तरीय; सामाजिक न्याय और प्रतिभा के बीच संतुलन जरूरी

समाज जागरण

खेल महाशक्ति बनने का सपना और व्यवस्था की चुनौती

भारत को विश्वस्तरीय खिलाड़ी देने और दुनिया के लिए विश्वस्तरीय खेल उपकरण बनाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प स्वागतयोग्य है। लेकिन इस लक्ष्य के साथ एक बुनियादी सवाल भी खड़ा होता है कि क्या भारत की खेल व्यवस्था प्रतिभा, मेहनत और योग्यता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए तैयार है? विश्वस्तरीय खिलाड़ी तैयार करने के लिए केवल योजनाएं, बजट और बड़े-बड़े संकल्प पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि ऐसी व्यवस्था भी जरूरी है जिसमें हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी को अपनी क्षमता साबित करने का निष्पक्ष अवसर मिले।

114 पदकों ने दुनिया को दिखाई भारतीय खिलाड़ियों की ताकत

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एशियन पैरा गेम्स 2026 में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य विश्वस्तरीय खिलाड़ी तैयार करने के साथ-साथ विश्वस्तरीय खेल उपकरणों का निर्माण करना भी है।

भारत ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में 114 पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसमें 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि भारतीय खिलाड़ियों की मेहनत, संघर्ष और अदम्य इच्छाशक्ति का प्रमाण है।

आरक्षण बनाम मेरिट नहीं, अवसर और योग्यता का संतुलन जरूरी

खेल के मैदान में सफलता का आधार खिलाड़ी की प्रतिभा, अभ्यास, अनुशासन, तकनीकी दक्षता और प्रदर्शन होता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि खेल संस्थानों में चयन प्रक्रिया कितनी पारदर्शी है और क्या वास्तव में योग्य खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का पर्याप्त अवसर मिल रहा है?

देश में आरक्षण और सामाजिक न्याय को लेकर लंबे समय से बहस चल रही है। संविधान में वंचित वर्गों को अवसर देने की व्यवस्था का अपना सामाजिक और ऐतिहासिक आधार है। लेकिन खेल जैसे प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्र में योग्यता और प्रदर्शन के मानकों को भी मजबूत बनाए रखना जरूरी है। सामाजिक न्याय और मेरिट को एक-दूसरे का विरोधी बनाने के बजाय ऐसी



व्यवस्था होनी चाहिए, जिसमें हर वर्ग की प्रतिभा को उचित अवसर मिले और राष्ट्रीय टीम में चयन का स्तर भी विश्वस्तरीय बना रहे।

कानून का उद्देश्य न्याय, क्रियान्वयन में निष्पक्षता भी जरूरी

एससी-एसटी अत्याचार निवारण कानून को लेकर भी समाज में अलग-अलग विचार और बहस देखने को मिलती है। इस कानून का उद्देश्य कमजोर वर्गों को अत्याचार और भेदभाव से सुरक्षा देना है। लेकिन किसी भी कानून के क्रियान्वयन में निष्पक्षता, पारदर्शिता और न्यायिक प्रक्रिया का पालन अनिवार्य है। शिकायतकर्ता को न्याय मिले और किसी निर्दोष के अधिकार प्रभावित न हों, यह सुनिश्चित करना भी कानून के शासन की जिम्मेदारी है। सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए संवाद और न्यायपूर्ण व्यवस्था आवश्यक है।

मेड इन इंडिया खेल उपकरणों से वैश्विक बाजार तक पहुंचने की तैयारी

प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के लिए 1,800 करोड़ रुपये से अधिक के बजट का उल्लेख किया। उनका कहना है कि भारतीय खिलाड़ियों के जूते, कपड़े और खेल उपकरण भी मेड इन इंडिया होने चाहिए। इससे देश में खेल उद्योग, रोजगार, अनुसंधान और तकनीकी विकास को बढ़ावा मिल सकता है।

प्रतिभा को सम्मान मिलेगा, तभी बनेगा खेलों में विश्वगुरु भारत

भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए गांवों और छोटे शहरों से प्रतिभाओं की पहचान, आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर मैदान, वैज्ञानिक सुविधाएं और आर्थिक सहयोग जरूरी हैं। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही होनी चाहिए। खिलाड़ियों को उनकी मेहनत और प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री का विश्वस्तरीय खिलाड़ी और विश्वस्तरीय खेल उपकरण बनाने का सपना तभी साकार होगा, जब देश की खेल व्यवस्था भी विश्वस्तरीय बनेगी। भारत की पहचान केवल पदकों की संख्या से नहीं, बल्कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा, उत्कृष्ट प्रदर्शन और प्रतिभा को मिलने वाले सम्मान से भी तय होगी।

> "विश्वस्तरीय खिलाड़ी तैयार करने के लिए केवल योजनाएं और बजट नहीं, बल्कि प्रतिभा को पहचानने वाली पारदर्शी व्यवस्था भी जरूरी है।"
>
> "सामाजिक न्याय और मेरिट के बीच टकराव नहीं, ऐसा संतुलन होना चाहिए जिसमें हर प्रतिभा को आगे बढ़ने का समान अवसर मिले।"
>
> "भारत को खेल महाशक्ति बनना है तो चयन का आधार निष्पक्षता, प्रशिक्षण का आधार उत्कृष्टता और सफलता का आधार प्रदर्शन होना चाहिए।"

स्वदेशी 'प्रलय' मिसाइल का सफल परीक्षण, भारत की रक्षा ताकत को मिली नई मजबूती

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी जानकारी, यूजर इवैल्यूएशन ट्रायल के दौरान मिसाइल ने पूरे किए सभी निर्धारित लक्ष्य



समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत ने अपनी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार सुबह 11:10 बजे ओडिशा तट के पास सतह से सतह पर मार करने वाली स्वदेशी 'प्रलय' मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह परीक्षण यूजर इवैल्यूएशन ट्रायल के तहत किया गया। मिसाइल ने अपने सभी निर्धारित उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया। विभिन्न रेंज उपकरणों से प्राप्त आंकड़ों ने परीक्षण की सफलता की पुष्टि की है।

रक्षा मंत्री ने इसे भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने डीआरडीओ ने स्वदेशी हाई एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म सिस्टम का भी सफल परीक्षण किया था। इस दौरान प्लेटफॉर्म ने 21 किलोमीटर की ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया था। लगातार हो रहे इन सफल परीक्षणों से भारत की रक्षा अनुसंधान, तकनीकी आत्मनिर्भरता और स्वदेशी सैन्य उपकरण निर्माण की क्षमता को नई मजबूती मिल रही है।

दिवाली पर यूपी के लाखों कर्मचारियों को 30 दिन का बोनस, योगी सरकार ने जारी किए 1,022 करोड़ रुपये

समाज जागरण

लखनऊ। दीपावली से पहले उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने लाखों सरकारी कर्मचारियों को बोनस देने की घोषणा की है। सरकार की ओर से पात्र कर्मचारियों को 30 दिन का बोनस दिया जाएगा। इसके लिए कुल 1,022 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस फैसले से प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।

बोनस का लाभ राज्य सरकार के कर्मचारियों के साथ सहायता प्राप्त शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों तथा राजकीय विभागों के कार्यभारित कर्मचारियों को भी मिलेगा। 31 मार्च 2026 तक एक वर्ष की सेवा पूरी करने वाले पात्र कर्मचारी भी इसके दायरे में आएंगे।











अखिलेश के मुस्लिम किले पर ओवैसी की सियासी चोट



अमेरिका के मिशिगन में अब्दुल अल-सयद की जीत ने हजारों किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश की राजनीति में बहस छेड़ दी है। अमेरिकी सीनेट पहुंचने वाले पहले मुस्लिम नेता की सफलता को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने यूपी के राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जोड़ दिया। उनका संदेश है अब अब्दुल दूसरों की पार्टियों के लिए दरी नहीं बिछाएगा, खुद नेता और विधायक बनेगा। नारा असरदार है, लेकिन इसकी चुनावी राह आसान नहीं। सवाल है कि क्या ओवैसी असंतोष को भरोसे, संगठन और सीटों में बदल पाएंगे? तीन नवंबर 2026 को हुए अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल-सयद ने रिपब्लिकन माइक रोजर्स को हराया। 42 वर्षीय अल-सयद डॉक्टर और मिशिगन के पूर्व सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी हैं। उनके अभियान में स्वास्थ्य सेवाएं, महंगाई, कामकाजी परिवारों की मुश्किलें और राजनीति में कॉरपोरेट धन का प्रभाव प्रमुख मुद्दे रहे। वह अमेरिकी सीनेट के पहले मुस्लिम सदस्य होंगे। लेकिन इसे केवल धार्मिक पहचान की जीत कहना उनकी राजनीति को छोटा करना होगा। उन्होंने पहचान के साथ आर्थिक परेशानियों को भी चुनावी विमर्श के केंद्र में रखा।

ओवैसी ने इस जीत को यूपी की सियासत का आईना बनाने की कोशिश की। चार नवंबर की पोस्ट में उन्होंने कहा कि मिशिगन में एक अब्दुल जीत गया, अब उत्तर प्रदेश के अब्दुल को अपनी सियासी पहचान मजबूत करनी होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अब्दुल को तंज बनाया गया और मुस्लिम समाज को चुनाव में भीड़ और वोट की तरह इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन नेतृत्व और फैसलों में बराबर जगह नहीं मिलती। यह बात प्रतिनिधित्व की पुरानी शिकायत को छूती है। यह बहस केवल दलों की प्रतिस्पर्धा नहीं, लोकतंत्र में हिस्सेदारी, जवाबदेही और राजनीतिक आत्मसम्मान की भी कसौटी बनेगी। 2011 की जनगणना के अनुसार यूपी में मुस्लिम आबादी 19.26 प्रतिशत थी। यह बड़ा सामाजिक समूह है, लेकिन इसे एकमुश्त वोट बैंक मानना गलत होगा। पश्चिमी यूपी, रुहेलखंड, तराई और पूर्वांचल में स्थानीय समीकरण अलग हैं। कहीं उम्मीदवार की छवि, कहीं गठबंधन और कहीं भाजपा को हराने की संभावना निर्णायक होती है। मुस्लिम मतदाता भी एक जैसे फैसले नहीं लेते। इसलिए 143 सीटों पर उनके निर्णायक होने जैसे दावों को क्षेत्रवार प्रमाण के बिना दोहराना ठीक नहीं। संख्या राजनीतिक महत्व बताती है, हर सीट पर जीत की गारंटी नहीं।

सपा की चुनौती इसलिए गंभीर है कि उसका मुस्लिम-यादव यानी एमवाई आधार लंबे समय से चुनावी ताकत रहा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा को 32.06 प्रतिशत वोट मिले और उसने 111 सीटें जीतीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उसने उत्तर प्रदेश की 80 में से 37 सीटें जीतकर विस्तार दिखाया। अखिलेश यादव ने पीडीए पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के जरिए सामाजिक गठबंधन व्यापक बनाने की कोशिश की। इस सफलता में मुस्लिम समर्थन अहम रहा, मगर इसे केवल मुस्लिम वोटों का परिणाम बताना सरलीकरण होगा। अखिलेश के सामने दोहरी कसौटी है। उन्हें मुस्लिम मतदाताओं का भरोसा भी बनाए रखना है और पिछड़े-दलित समूहों को भी साथ रखना है। टिकट वितरण, संगठन और फैसलों में मुस्लिम नेताओं की भूमिका सीमित दिखी तो ओवैसी का सवाल धार पकड़ेगा। हर सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारना समाधान नहीं; सपा को दिखाना होगा कि उसके मुस्लिम नेता प्रचार और वोट जुटाने तक सीमित नहीं, बल्कि नीति, संगठन और सत्ता में भी भागीदार हैं। भाजपा को रोकने के नाम पर स्थायी समर्थन मांगना पर्याप्त नहीं होगा।

ओवैसी की राह में सबसे बड़ी बाधा उनका चुनावी रिकॉर्ड है। 2022 में एआईएमआईएम ने करीब 95 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, लेकिन एक भी सीट नहीं जीती। उसे लगभग 4.51 लाख वोट और 0.49 प्रतिशत मत मिले। पार्टी ने मौजूदगी दर्ज कराई, पर विधानसभा में प्रतिनिधित्व नहीं पा सकी। 2017 में भी उसका प्रदर्शन सीमित रहा। अपना नेतृत्व बनाने की अपील को बूथ स्तर के संगठन, स्थानीय चेहरों और भरोसेमंद उम्मीदवारों से जोड़ना होगा। केवल सभाओं से 403 सीटों वाले राज्य में जमीन नहीं बनती। मुस्लिम युवाओं के बीच प्रतिनिधित्व का सवाल अहम हो सकता है। शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाएं, छोटे कारोबार, सुरक्षा और स्थानीय निकायों में हिस्सेदारी उनकी चिंता हैं। केवल ह्यअपना विधायक चुनोह्ल कहना काफी नहीं; यह भी बताना होगा कि वह स्कूल, अस्पताल, रोजगार और प्रशासनिक जवाबदेही के लिए क्या करेगा। अल-सयद की जीत से सबक है कि पहचान के साथ नीतिगत मुद्दे जोड़ने पड़ते हैं। यूपी में भी शिक्षा, नौकरी, महंगाई और कानून-व्यवस्था पर ठोस प्रस्ताव जरूरी हैं।

भाजपा के लिए विपक्षी मतों का बंटवारा चुनावी गणित बदल सकता है। किसी करीबी सीट पर एआईएमआईएम सपा के समर्थकों का हिस्सा लेती है तो भाजपा को लाभ संभव है। लेकिन हर जगह ऐसा होगा, यह जल्दबाजी है। असर उम्मीदवार, मतदान प्रतिशत, गठबंधन और जीत के अंतर पर निर्भर करेगा। सपा का वोट घटने से भाजपा की जीत अपने आप तय नहीं होती; उसे भी अपने समर्थन का हिसाब देना होगा। मिशिगन और यूपी की तुलना की सीमा भी समझनी होगी। अमेरिका का चुनावी ढांचा, दल और सामाजिक संदर्भ भारत से अलग हैं। अल-सयद की जीत को यूपी में मुस्लिम राजनीति का तैयार मॉडल मानना भूल होगी। वहां उन्होंने व्यापक मतदाताओं के सामने आर्थिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य का एजेंडा रखा। यहां भी राजनीतिक ताकत केवल अलग पार्टी बनाने से नहीं, व्यापक समर्थन और शासन का भरोसा हासिल करने से बनेगी।

ओवैसी ने सपा के सामने असहज सवाल रखा है, लेकिन उनके सामने भी जवाबदेही है। क्या एआईएमआईएम केवल सपा के वोट काटेगी या कुछ सीटों पर जीतने लायक संगठन खड़ा करेगी? क्या वह मुस्लिम प्रतिनिधित्व से आगे बढ़कर दलितों, पिछड़ों और अन्य वंचित समूहों को जोड़ेगी? क्या उसके पास स्थानीय समस्याओं का स्पष्ट कार्यक्रम है? अखिलेश को भी बताना होगा कि पीडीए केवल चुनावी नारा नहीं, साझा नेतृत्व और हिस्सेदारी का वादा है। 2027 का चुनाव इस बहस की परीक्षा होगा। मुस्लिम मतदाता विदेशी जीत की नकल करके फैसला नहीं करेंगे; वे उम्मीदवार, भाजपा को चुनौती देने की क्षमता और मुद्दों पर दलों का रिकॉर्ड देखेंगे। ओवैसी ने दरी के बहाने सम्मान और हिस्सेदारी का सवाल उठा दिया है। सपा उसे अनसुना नहीं कर सकती और एआईएमआईएम केवल नारे से जवाब नहीं दे सकती। वोट देने वाला समाज नेतृत्व चाहता है, लेकिन नेतृत्व का दावा करने वालों को जीतने की क्षमता और काम का खाका भी दिखाना होगा। मिशिगन ने संभावना दिखाई है; यूपी में उसका अर्थ मतदाता तय करेंगे।

स्वदेश कुमार ,लखनऊ

यूपी में प्रियंका की परीक्षा, कांग्रेस की ताकत बनाम सीटों की चाह



उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सबसे बड़ी मुश्किल भाजपा नहीं, अपनी राजनीतिक हैसियत का भ्रम है। पार्टी अभी संगठन खड़ा करने की स्थिति में है, लेकिन चर्चा सीटों की ऐसी दावेदारी की हो रही है, जैसे प्रदेश की राजनीति में उसका स्वतंत्र जनाधार निर्णायक हो। प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनावी तैयारी और समाजवादी पार्टी से तालमेल की जिम्मेदारी देना इसी विरोधाभास को उजागर करता है। सवाल सीधा है, प्रियंका कांग्रेस को अपने पैरों पर खड़ा करेंगी या अखिलेश यादव के सामने पार्टी की कमजोरियों का हिसाब लेकर जाएंगी? तीन नवंबर को प्रियंका ने उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर संगठन, चुनावी समितियों, प्रचार और सपा के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा की। दिवाली के बाद बातचीत आगे बढ़ाने की बात कही गई है। बीस नवंबर के बाद ह्यवोट चोरीह्ल के मुद्दे पर प्रदेश में रैलियां करने की तैयारी भी है। लेकिन अभी सीटों का कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है और रैलियों के स्थान-तारीख भी तय नहीं हैं। यानी कांग्रेस के पास फिलहाल तैयारी की घोषणा है, चुनावी ताकत का प्रमाण नहीं। प्रियंका की वापसी को कांग्रेस का तुरुप का इक्का बताने वाले 2019 और 2022 का हिसाब क्यों भूल जाते हैं? 2019 में उन्हें पूर्वी उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई थी। नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस राज्य की 80 लोकसभा सीटों में सिर्फ रायबरेली बचा पाई और अमेठी में राहुल गांधी तक हार गए। 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रियंका ने महिला-केंद्रित अभियान चलाया, ह्यलड़की हूं, लड़ सकती हूंह्ल का नारा दिया और लगातार प्रचार किया। फिर भी कांग्रेस 403 में से केवल दो सीटें जीत सकी। उसका वोट हिस्सा 2.33 प्रतिशत पर सिमट गया।

कांग्रेस के समर्थक 2024 के लोकसभा चुनाव को अपनी वापसी का प्रमाण बताते हैं। उत्तर प्रदेश में पार्टी ने सपा के साथ 17 सीटों पर चुनाव लड़ा और छह जीतीं। सपा ने 62 सीटों पर लड़कर 37 सीटें हासिल कीं। कांग्रेस का वोट हिस्सा करीब 9.5 प्रतिशत रहा। लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे और गठबंधन की लहर काम करती है; विधानसभा में हर सीट पर स्थानीय चेहरा, जातीय समीकरण, बूथ प्रबंधन और वर्षों का संपर्क निर्णायक होता है। अखिलेश यादव की राजनीतिक स्थिति कांग्रेस से कहीं मजबूत है। 2022 में सपा ने 111 सीटें जीती थीं और 32.06 प्रतिशत वोट पाए थे। कांग्रेस दो सीटों पर सिमटी थी। 2024 में सपा 37 लोकसभा सीटें जीतकर प्रदेश में विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी। ऐसे में अखिलेश कांग्रेस को साथ रख सकते हैं, लेकिन उसे अपनी शर्तों पर जगह देंगे, यह मानकर चलना ज्यादा यथार्थवादी है। कांग्रेस की कथित 175 सीटों की सूची और 125 सीटों की शुरूआती महत्वाकांक्षा पर सबसे बड़ा सवाल यही है कि जीतने की क्षमता का पैमाना क्या है? 2024 के लोकसभा नतीजों के विधानसभा-खंडवार विश्लेषण में कांग्रेस कुछ क्षेत्रों में आगे और कई में दूसरे स्थान पर रही। लेकिन दूसरे नंबर पर होना जीत की तैयारी नहीं है। हर सीट पर बूथवार आंकड़े, पिछले विधानसभा परिणाम, उम्मीदवार की स्वीकार्यता और सपा के संगठन की मौजूदगी देखे बिना दावा करना राजनीतिक गणित नहीं, मोलभाव की ऊंची बोली है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसान, जाट, मुस्लिम और स्थानीय नेतृत्व के समीकरण अलग हैं। अवध में सपा का पुराना नेटवर्क कांग्रेस की दावेदारी को चुनौती देगा। बुंदेलखंड में कांग्रेस को पहले कार्यकर्ता और प्रभावशाली उम्मीदवार खोजने होंगे। पूर्वांचल में जातीय गोलबंदी, स्थानीय क्षत्रप और भाजपा का संगठन चुनाव को कठिन बनाएंगे। पार्टी के पास चेहरे, मुद्दे, बूथ प्रभारी और चुनाव के दिन मतदाता को मतदान केंद्र तक लाने वाली मशीनरी होनी चाहिए। कांग्रेस की असली कमजोरी यही है। जिला इकाइयां कितनी सक्रिय हैं? कितने विधानसभा क्षेत्रों में उसके पास ऐसा नेता है, जो अपने दम पर मुकाबला कर सके? कितने बूथों पर प्रशिक्षित कार्यकर्ता मौजूद हैं? कितने पुराने नेता पार्टी के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं और कितने केवल टिकट की प्रतीक्षा में हैं? इन सवालों का जवाब दिए बिना प्रियंका की बैठकें तस्वीरें तो बना सकती हैं, चुनावी ढांचा नहीं। गुटबाजी, निष्क्रियता और टिकट के लिए खींचतान पर लगाम लगाना किसी भी रैली से ज्यादा जरूरी है। 2017 का अनुभव भी चेतावनी देता है। सपा-कांग्रेस गठबंधन ने बड़े प्रचार और साझा नारे के साथ चुनाव लड़ा था, लेकिन सपा 47 और कांग्रेस सात सीटों पर सिमट गई। 2027 में भी अगर दोनों दलों के समर्थक एक-दूसरे के उम्मीदवार को अपना उम्मीदवार नहीं मानेंगे, तो भाजपा को विपक्ष की आपसी खींचतान का सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा को केवल सत्ता-विरोधी नारों से नहीं हराया जा सकता। 2022 में उसने 255 सीटें और 41.29 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। उसके पास बूथ स्तर तक फैला संगठन, संसाधन, नेतृत्व और सत्ता का लाभ है। कांग्रेस और सपा को बेरोजगारी, महंगाई, भर्ती परीक्षाओं, किसानों, महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य पर ठोस विकल्प देना होगा। ह्यवोट चोरीह्ल का आरोप राजनीतिक मुद्दा बन सकता है, लेकिन मतदाता यह भी पूछेगा कि उसकी रोजमर्रा की जिंदगी में बदलाव का रास्ता क्या है।

प्रियंका के सामने इसलिए दोहरी परीक्षा है। उन्हें कांग्रेस के भीतर अनुशासन और संगठन पैदा करना है, साथ ही अखिलेश के सामने ऐसी सीटों का दावा रखना है, जिन पर जीतने की वास्तविक संभावना हो। अगर कांग्रेस अपनी ताकत से ज्यादा सीटें मांगती है, तो बातचीत टकराव में बदल सकती है। अगर बिना लड़े पीछे हटती है, तो कार्यकताओं का मनोबल और पार्टी की पहचान दोनों कमजोर होंगे। सही रास्ता है सीटों की संख्या नहीं, जीतने योग्य सीटों का ठोस और पारदर्शी हिसाब। यही सबसे कठिन राजनीतिक कसौटी है। प्रियंका गांधी को यह भी तय करना होगा कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में स्वतंत्र राजनीतिक पहचान बनाएगी या हर चुनाव में गठबंधन की छतरी तलाशेगी। 2024 ने दिखाया कि सपा के साथ आने से कांग्रेस को राहत मिली; लेकिन राहत और राजनीतिक पुनर्जीवन एक बात नहीं हैं। राहुल गांधी ने प्रियंका को जिम्मेदारी देकर कांग्रेस की उम्मीदें उनके कंधों पर रख दी हैं। अब उन्हें भाषणों और बैठकों से आगे बढ़कर बूथ, उम्मीदवार और संगठन की कठोर परीक्षा देनी होगी। अखिलेश यादव भी भावनाओं से नहीं, चुनावी लाभ से फैसला करेंगे। 2027 में कांग्रेस की असली हैसियत इस बात से तय नहीं होगी कि वह कितनी सीटें मांगती है, बल्कि इससे होगी कि कितनी सीटों पर भाजपा और सपा दोनों को चुनौती देने की ताकत रखती है। वरना प्रियंका की कमान के बावजूद कांग्रेस एक बार फिर अपनी राजनीति नहीं, अपनी मजबूरी का सौदा करती दिखाई देगी।



अजय कुमार

घर बसाने की रस्में बहुत, घर बचाने की शिक्षा कहां?



हमारे समाज में शादी की हर तैयारी होती है, बस शादी निभाने की नहीं। दूल्हे के सेहरे, दुल्हन के लहंगे, बरात की गाड़ियों और पकवानों की फेहरिस्त महीनों पहले तैयार हो जाती है। मगर जिन दो लोगों को पूरी जिंदगी साथ बितानी है, उनके स्वभाव, आदतों और अपेक्षाओं का मेल कैसा होगा, इस पर शायद ही कोई गंभीरता से सोचता है। शादी के दिन चेहरे मुस्कराते रहें, इसकी चिंता सबको होती है; लेकिन शादी के बाद उन चेहरों पर मुस्कान कैसे बनी रहेगी, यह सवाल अनुत्तरित रह जाता है। इसी विडंबना के बीच गोवा के एक कॉलेज ने विवाह से पहले 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की पहल की है। यह अनूठा प्रयास केवल एक पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि विवाह और रिश्तों को लेकर हमारी सोच पर गंभीर सवाल है।

गोवा के होम साइंस कॉलेज में दिसंबर से शुरू होने वाला ह्यमैरिज रेडीनेसह्ल पाठ्यक्रम युवाओं को विवाह के लिए मानसिक और व्यावहारिक रूप से तैयार करेगा। पहली नजर में सवाल उठता है—क्या अब शादी के लिए भी डिग्री चाहिए? नौकरी, कारोबार और वाहन चलाने के लिए हम प्रशिक्षण लेते हैं, लेकिन जीवनभर साथ निभाने वाले रिश्ते के लिए कोई तैयारी नहीं करते। विवाह केवल मंडप, मेहंदी और तस्वीरों का उत्सव नहीं, बल्कि स्वयं को समझने, साथी को जानने और जिम्मेदारियां निभाने का नाम है। कॉलेज के ब्रोशर में भी सवाल है—करियर के लिए बीस साल लगाने वाले लोग विवाह की तैयारी के लिए कुछ दिन क्यों नहीं निकाल सकते? यह सवाल हमारी सोच की बड़ी कमी उजागर करता है।

विवाह टूटने का एक कारण यह भी है कि हम जीवनसाथी चुनते समय उसकी कमाई और परिवार की हैसियत देखते हैं, स्वभाव और व्यवहार नहीं। कुंडली के गुण मिलाते हैं, लेकिन गुस्से, धैर्य, अपेक्षाओं और विचारों पर ध्यान नहीं देते। बाद में यही अनदेखी विवाद बन जाती है। गोवा में 2022 से 2025 के बीच तीन हजार से अधिक विवाह और तलाक संबंधी याचिकाएँ सिविल अदालतों में दर्ज हुईं, जिनमें अकेले 2024 में 947 मामले शामिल हैं। तलाक के मामलों में कमी लाने के लिए राज्य सरकार भी विवाह-पूर्व परामर्श की जरूरत जता चुकी है। कॉलेज का यह पाठ्यक्रम इसी दिशा में पहल है। अदालतों में विवाद पहुंचने के बाद रिश्ते सुधारने से बेहतर है कि विवाह से पहले ही संभावित टकराव के कारण समझ लिए जाएं।

आज रिश्ते बनाना आसान हुआ है, निभाना नहीं। डेटिंग ऐप पर स्वाइप से परिचय, सोशल मीडिया पर बातचीत और कुछ मुलाकातों में भविष्य के सपने सजने लगते हैं। लेकिन तस्वीर पसंद करना और जीवन की जिम्मेदारियां साझा करना अलग बातें हैं। इसलिए पाठ्यक्रम में डेटिंग का अर्थ, पुरुषत्व और स्त्रीत्व की धारणाओं का रिश्तों पर प्रभाव तथा शादी और विवाह के अंतर जैसे विषय शामिल हैं। युवा समानता की बात करते हैं, पर व्यवहार में पुरानी सोच और अपेक्षाएं बनी रहती हैं। पति से कमाने और पत्नी से घर संभालने की उम्मीदें तब टकराती हैं, जब दोनों समान अधिकार और स्वतंत्रता चाहते हैं। विवाह को मालिक-सेवक का संबंध नहीं, बल्कि दो बराबर व्यक्तियों की साझेदारी मानना जरूरी है।

विवाह की असली परीक्षा कुछ दिन बाद रसोई से शुरू होती है। दोनों नौकरी करते हैं, थककर लौटते हैं और घर व बच्चों की जिम्मेदारियां सामने होती हैं। खाना कौन बनाएगा, बच्चों को कौन संभालेगा, खर्च-बचत कैसे होगी और बुजुर्गों की देखभाल कौन करेगा? इन सवालों पर पहले बात न हो, तो घर शिकायतों का अड्डा बन जाता है। इसलिए आत्म-जागरूकता जरूरी है। अपनी कमजोरियों, जरूरतों और अपेक्षाओं को समझे बिना व्यक्ति साथी से समझदारी की उम्मीद करता है और उसके न बदलने की शिकायत करता है। जबकि कई बार साथी नहीं, हमारी समझ अधूरी होती है। प्रेम के साथ एक-दूसरे की थकान, परेशानी और भावनाओं को समझना भी जरूरी है।

प्रेम पंद्रह दिन की कक्षा में नहीं सिखाया जा सकता। कोई पाठ्यक्रम न प्रेम पैदा कर सकता है, न सफल विवाह की गारंटी दे सकता है। लेकिन धैर्य, संवाद और जिम्मेदारी सीखी जा सकती है। खिलाड़ी हर मैच नहीं जीतता, विद्यार्थी हर परीक्षा में सफल नहीं होता, फिर भी अभ्यास और तैयारी नहीं छोड़ता। विवाह में भी माफी मांगना, गलती स्वीकारना, असहमति का सम्मान करना और जरूरत पर समझौता करना जरूरी है। स्नातक-स्नातकोत्तर विद्यार्थियों और अविवाहित युवाओं के लिए यह पाठ्यक्रम विवाह से पहले ही उन्हें संभावित उलझनों के प्रति सजग बनाने का प्रयास है। इसका उद्देश्य प्रमाणपत्र नहीं, रिश्तों की व्यवहारिक समझ विकसित करना है।

समाज का बदलता ढांचा भी ऐसी पहल की जरूरत बताता है। संयुक्त परिवार टूटकर छोटे परिवारों में सिमट रहे हैं और शिक्षा-रोजगार के लिए युवा घरों से दूर बस रहे हैं। पहले बुजुर्ग अपने अनुभव से रिश्तों की उलझनें सुलझाते थे, अब युवाओं को फोन पर माता-पिता और सीमित अनुभव वाले दोस्तों की सलाह मिलती है। ऐसे में रिश्तों की व्यवस्थित शिक्षा उपयोगी हो सकती है। स्वयं को समझना, भावनाओं का सम्मान करना, माफी मांगना और मतभेद बातचीत से सुलझाना हर रिश्ते के लिए जरूरी है। शिक्षा में नौकरी-कमाई पर जोर है, लेकिन भावनात्मक परिपक्वता पर कम चर्चा होती है। स्कूलों में यौन शिक्षा के साथ स्वस्थ रिश्तों और जिम्मेदार साझेदारी की समझ भी विकसित की जानी चाहिए।

गोवा की यह पहल दूसरे राज्यों के लिए भी मिसाल बन सकती है। विवाह की तैयारी में कुंडली, खरीदारी, दहेज और समारोह पर ध्यान दिया जाता है, लेकिन जीवनसाथी के स्वभाव, विचारों, आर्थिक सोच और अपेक्षाओं को समझना भी जरूरी है। पंद्रह दिन का पाठ्यक्रम सफल विवाह की गारंटी नहीं, पर रिश्तों की समझ जरूर बढ़ा सकता है। विवाह विश्वास, प्रेम, धैर्य और आपसी व्यवहार से टिकता है। यदि युवा इसकी मदद से विवाह से पहले जिम्मेदारियों और अपेक्षाओं पर खुलकर बात करना सीखें, तो यही इसकी सफलता होगी। क्योंकि शादी एक दिन का आयोजन है, लेकिन विवाह जीवनभर की साझेदारी। सात फेरों के वचन तभी सार्थक हैं, जब वे रस्मों में नहीं, रोजमर्रा के व्यवहार में दिखाई दें।



प्रो. आरके जैन अरिजीत

बाजारों में रौनक और शुभ-लाभ के भाव!

बाजारों में रौनक आई, दीपों
का त्योहार है,
शुभ-लाभ और स्वागत के
बढ़ गए भाव हैं।
कभी दस रुपये में मिलें थे,
मंगल के संदेश,
कीमत सुन सोच रहा, आम
आदमी विशेष।

स्वागत करना महँगा, शुभ-
लाभ भी महँगा,
महँगाई ने कर दिया है, हर
उत्सव को तंगा!
लक्ष्मीजी के चरणों का हैं,
बढ़ गया बाजार,
पूजा से पहले जेब टटोले,
हरेक दुकानदार।

शंख, स्वास्तिक व कलश,
सभी के दाम बढ़े,
खुशियों के इस पर्व में,
बजट के पहिए अड़े।
तीन दिनों का बाजार हुआ,
5 दिनों से कम,
खरीदार की जेब में पैसा,
दुकानदार को गम।

तीस फीसदी दाम बढ़े हैं,
ग्राहक हुआ उदास,
बिक्री की उम्मीदों पर भी,
पड़ने लगी है घास।
शुभ-लाभ के खेल में, लाभ
किसे मिल पाए?
शुभ की आशा लें ग्राहक,
खाली हाथ न जाए।

लक्ष्मी पूजा तभी सफल,
जब मन में हो प्यार,
अब मंगल के प्रतीकों को ना
बनाओं व्यापार।
दीप जलें हर घर-आँगन,
खुशियों की बरसात,
महँगे शुभ-लाभ से बेहतर,
'सस्ती' हो सौगात।


संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

झुग्गी पुनर्वास नीति में पात्रता की शर्तें तय, आवास के लिए देने होंगे 1.50 लाख रुपये

0 से 3 किलोमीटर के दायरे में मकान उपलब्ध कराने का प्रयास, कंप्यूटरीकृत लॉटरी से होगा आवंटन



समाज जागरण

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की नई झुग्गी पुनर्वास नीति के तहत पात्र परिवारों को वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। सरकार की प्राथमिकता झुग्गी बस्ती के आसपास ही पुनर्वास की रहेगी। सामान्यतः 0 से 3 किलोमीटर के दायरे में आवास उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

इन शर्तों पर मिलेगी आवास की सुविधा

नई नीति के अनुसार झुग्गी 1 जनवरी 2025 से पहले अस्तित्व में होनी चाहिए। आवेदक भारतीय नागरिक और कम से कम 18 वर्ष का होना चाहिए। पात्रता का निर्धारण निर्धारित दस्तावेजों, मतदाता सूची और सरकारी सर्वेक्षण में दर्ज जानकारी के आधार पर किया जाएगा। जिन परिवारों के पास देश में पहले से पक्का मकान है, उनकी पात्रता भी प्रभावित हो सकती है।

आवास के लिए निर्धारित होगा भुगतान

पात्र लाभार्थियों को वैकल्पिक आवास के लिए 1.50 लाख रुपये अथवा सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित राशि का भुगतान करना होगा। मकानों का आवंटन कंप्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

केवल मकान नहीं, बुनियादी सुविधाओं पर भी जोर

नई आवासीय बस्तियों में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सुविधाएं और बच्चों के लिए खेल मैदान जैसी सामुदायिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान है। नीति का उद्देश्य झुग्गीवासियों को सुरक्षित आवास के साथ बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराना है।

अब क्रियान्वयन पर टिकी निगाहें

नीति अधिसूचित होने के बाद अब सबसे बड़ी चुनौती पात्र परिवारों की पहचान, दस्तावेजों का सत्यापन, आवास निर्माण और समयबद्ध आवंटन की होगी। झुग्गीवासियों को वास्तविक राहत तभी मिलेगी, जब पुनर्वास की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से जमीन पर उतरेगी।

छह नवंबर से उचित दर दुकानों पर मिलेगा नवंबर का मुफ्त राशन

अंत्योदय कार्डधारकों को 35 किलो और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट पांच किलो खाद्यान्न

गौतमबुद्धनगर। जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नवंबर माह का मुफ्त खाद्यान्न वितरण छह से 30 नवंबर तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी नीलेश उत्पल ने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किलो गेहूं और 14 किलो चावल यानी कुल 35 किलो खाद्यान्न मिलेगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट तीन किलो गेहूं और दो किलो चावल दिया जाएगा। वितरण सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तथा दोपहर दो से शाम छह बजे तक होगा। राशन आधार प्रमाणीकरण के जरिए मिलेगा। आधार से सत्यापन नहीं होने पर 30 नवंबर को मोबाइल ओटीपी से राशन प्राप्त किया जा सकेगा। शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1967 और 1800-1800-150 जारी किए गए हैं।

सेक्टर-126 पुलिस ने 3.150 किलो गांजे के साथ आरोपी को दबोचा

असगरपुर से गढ़ी जाने वाले मार्ग पर हुई गिरफ्तारी, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस



के अनुसार स्थानीय सूचना और बीट पुलिसिंग के आधार पर ग्राम असगरपुर से गढ़ी की ओर जाने वाले मार्ग पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र उर्फ जीतू उर्फ मच्छर निवासी ग्राम असगरपुर, सेक्टर-128 नोएडा के रूप में हुई है। उसके कब्जे से काले रंग के बैग में रखा 3 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी आबकारी और एनडीपीएस एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ब्याज माफी योजना-2026 लागू, व्यापारियों को मिलेगी बड़ी राहत

10 लाख रुपये तक के मूल बकाये पर 100 प्रतिशत ब्याज माफ, अर्थदंड में भी पूरी छूट

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। प्रदेश सरकार ने विभिन्न कर अधिनियमों के तहत 31 दिसंबर 2025 तक सृजित बकायों पर ब्याज और अर्थदंड में राहत देने के लिए ब्याज माफी योजना-2026 लागू की है। योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के मूल बकाये पर पूरा ब्याज माफ होगा। 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक के बकाये पर 90 प्रतिशत, एक से पांच करोड़ रुपये तक 75 प्रतिशत तथा पांच करोड़ रुपये से अधिक के बकाये पर 50 प्रतिशत ब्याज माफ किया जाएगा। बकाया मूलधन जमा करने पर निर्धारित शर्तों के अनुसार अर्थदंड में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। योजना तीन महीने तक प्रभावी रहेगी। इच्छुक बकायेदार वाणिज्य कर विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

20 नवंबर को होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह

पात्र जोड़ों से ऑनलाइन आवेदन की अपील, कन्या के खाते में मिलेंगे 64 हजार रुपये

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले में 20 नवंबर 2026 को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए कन्या की आयु कम से कम 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक निर्धारित है। योजना के तहत कन्या के बैंक खाते में 64 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 21 हजार रुपये की वैवाहिक उपहार सामग्री तथा 15 हजार रुपये प्रति जोड़ा भोजन, टेंट और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी जनसेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



सात नवंबर को स्काउट एवं गाइड स्थापना दिवस, अधिकारियों को लगाए स्टिकर

डीएम मेधा रूपम और एसपी ग्रेटर नोएडा समेत कई अधिकारियों ने लिया हिस्सा

गौतमबुद्धनगर। भारत स्काउट एवं गाइड के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिले में जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी एवं जिला संस्था की अध्यक्ष मेधा रूपम तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका को स्थापना दिवस के स्टिकर लगाए गए। इसके बाद एसपी ग्रेटर नोएडा अर्चना सिंह, एआरटीओ डॉ. उदित नारायण, जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार सहित अन्य अधिकारियों को भी स्टिकर लगाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन की गतिविधियों और स्थापना दिवस के प्रति लोगों को जागरूक करना है।



खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, 65 किलो रसगुल्ले नष्ट कराए

जेवर टोल पर दिल्ली जा रहे पनीर के पांच नमूने लिए, कुल छह खाद्य पदार्थों की जांच

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। दीपावली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने जेवर टोल प्लाजा, नोएडा फेज-2 और कासना क्षेत्र में कार्रवाई की। जेवर टोल पर दिल्ली ले जाए जा रहे पनीर के पांच नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। वहीं ग्रेटर नोएडा के कासना स्थित बीकानेर स्वीट्स से छेना रसगुल्ले का नमूना लिया गया। प्रथम दृष्टया मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए जाने पर करीब 65 किलो रसगुल्ले नष्ट कराए गए। विभाग ने खाद्य कारोबारियों को लाइसेंसी आपूर्तिकताओं से ही सामान खरीदने और बिल सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।



जिले में 766 मतदान केंद्र और 1926 मतदेय स्थल निर्धारित

विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



गौतमबुद्धनगर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि निर्वाचन आयोग से अनुमोदित सूची के अनुसार जिले में 766 मतदान केंद्र और 1926 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों से निर्वाचन प्रचार सामग्री की प्रस्तावित दरों पर सुझाव मांगे हैं। साथ ही विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में बीएलए से बीएलओ को सहयोग देने की अपील की गई। नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 और मतदाता सूची में संशोधन के लिए फॉर्म-8 की जानकारी भी दी गई।

जेवर में अवैध शराब बेचते एक आरोपी को आबकारी विभाग ने पकड़ा

35 पव्वा देशी शराब बरामद, आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग और थाना जेवर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान मुनेन्द्र पुत्र छत्रपाल



निवासी नगालिया जहांगीरपुर को जफरगढ़ से चौकी रोड पर अवैध रूप से शराब बेचते पकड़ा गया। उसके कब्जे से 200 एमएल के 35 पव्वे चेतक देशी मसाला शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना जेवर में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई।

जेवर में पुलिस मुठभेड़, हत्या के मामले में वांछित आरोपी गोली लगने से घायल

पुलिस पर फायरिंग कर भागने का किया प्रयास, तमंचा और कारतूस बरामद

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। थाना जेवर पुलिस की गुरुवार देर रात हत्या के मामले में वांछित आरोपी से मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार जहांगीरपुर से हसनपुर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने



भागने का प्रयास किया। पीछा करने पर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। उसकी पहचान सालू पुत्र फिरोज खान निवासी पहासू, बुलंदशहर के रूप में हुई है। उसके कब्जे से .315 बोर का एक तमंचा, एक खोखा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी इमरान हत्याकांड में वांछित था। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुराने सेल टैक्स बकायों पर ब्याज माफी योजना का व्यापार मंडल ने किया स्वागत

विकास जैन बोले- छोटे और मध्यम व्यापारियों को वर्षों पुराने कर विवादों से मिलेगी राहत

समाज जागरण

नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार की ब्याज माफी योजना-2026 का उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने स्वागत किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि पुराने सेल टैक्स और अन्य कर बकायों पर ब्याज में 100 प्रतिशत तक छूट तथा निर्धारित अर्थदंड की पूर्ण माफी से छोटे और मध्यम व्यापारियों को राहत मिलेगी। सेक्टर-148 नोएडा में वाणिज्य कर विभाग के कमिश्नर प्रीक्षित खटाना ने व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर योजना की जानकारी दी। विकास जैन ने कहा कि वर्षों से लंबित कर मामलों के निस्तारण का व्यापारियों को अवसर मिलेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल ने भी इसे व्यापारिक वर्ग के लिए राहतकारी कदम बताया। संगठन ने पात्र व्यापारियों से निर्धारित समय में आवेदन करने की अपील की।



व्हाट्सऐप से गांजे की ऑनलाइन सप्लाई करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

12 किलो 200 ग्राम गांजा, मोटरसाइकिल और दो मोबाइल बरामद; फ्लैट, पीजी और हॉस्टल थे निशाने पर

समाज जागरण

नोएडा। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने व्हाट्सऐप के माध्यम से गांजे की तस्करी और बिक्री करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 12 किलो 200 ग्राम गांजा, एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान सुमित राघव और मनीष कुमार झा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी ऑनलाइन डिलीवरी कंपनियों के नाम वाले पैकेटों में गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया तैयार कर दिल्ली-एनसीआर के फ्लैटों, पीजी, हॉस्टल और कॉलेजों में मांग के अनुसार सप्लाई करते थे। मनीष कुमार झा के कब्जे से 10 किलो 300 ग्राम तथा सुमित के पास से 1 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



इलेक्ट्रिक चाक ने बदली जेवर के फारूक की जिंदगी, मिट्टी के दीयों से बढ़ी आमदनी

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से मिला आधुनिक उपकरण, पुश्तैनी कुम्हारी को मिली नई पहचान

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। दीपावली पर मिट्टी के दीये बनाने वाले पारंपरिक कारीगरों के लिए आधुनिक तकनीक आर्थिक उन्नति का माध्यम बन रही है। जेवर निवासी फारूक को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत इलेक्ट्रिक चाक मिलने से पुश्तैनी कुम्हारी के काम में बड़ी सहूलियत मिली है। फारूक बताते हैं कि पहले हाथ से चलने वाले चाक पर मिट्टी के बर्तन और दीपक बनाने में अधिक समय और मेहनत लगती थी। अब बिजली से चलने वाले चाक की मदद से कम समय में अधिक उत्पादन हो रहा है। इससे उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार में बिक्री के अवसर भी बढ़े हैं। फारूक ने योजना का लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया।



जिला कारागार में 2118 बंदी निरुद्ध, विधिक सहायता की सुविधाओं का लिया जायजा

सचिव शिवानी रावत ने किशोर और महिला बैरकों का किया निरीक्षण

गौतमबुद्धनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत ने गुरुवार को जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान बताया गया कि जेल में वर्तमान में 2118 बंदी निरुद्ध हैं, जिनमें 43 बंदी 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के हैं। सचिव ने किशोर और महिला बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से उनके मुकदमों तथा निःशुल्क कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कारागार प्रशासन को महिला बंदियों की कानूनी सहायता के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी और सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया।



21 हजार दीपों से जगमगाएगा यमुना तट, सात नवंबर को होगा सनातन ज्योति महासंगम

काशी के 11 वैदिक आचार्य करेंगे मां यमुना की महाआरती, सेक्टर-94 में जुटेंगे श्रद्धालु

समाज जागरण

नोएडा। नोएडा में पहली बार श्री यमुना सनातन ज्योति महासंगम-2026 का आयोजन सात नवंबर को सेक्टर-94 स्थित यमुना तट पर कालिंदी कुंज पुल के समीप किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में 21 हजार दीपों से यमुना तट को रोशन किया जाएगा। काशी से आए 11 वैदिक आचार्य मां यमुना



की भव्य महाआरती करेंगे। अखिल भारतीय गुरुकुल एवं गौशाला अनुसंधान संस्थान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वैदिक महायज्ञ, सामूहिक दीपदान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। आयोजन दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक चलेगा।

संस्था के संस्थापक डॉ. गुरुजी गौतम ऋषि ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन संस्कृति के संरक्षण के साथ यमुना स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है।

16 नवंबर से शुरू होगी जनगणना की स्व-गणना, 30 नवंबर तक मिलेगा मौका

डीएम ने अधिकारियों को व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के दिए निर्देश, 14 नवंबर को बाल दिवस पर होंगे विशेष कार्यक्रम

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। जनगणना-2027 के तहत जिले में 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। नागरिक निर्धारित पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से अपनी स्व-गणना कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने विद्यालयों और महाविद्यालयों में 14 नवंबर को बाल दिवस पर निबंध, पोस्टर और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित करने को कहा। इसके अलावा वार्डों, गांवों और सोसायटियों में सहायता बूथ स्थापित कर लोगों को स्व-गणना में सहयोग देने के निर्देश दिए गए। स्व-गणना पूरी होने के बाद मिलने वाली एसई-आईडी सुरक्षित रखना जरूरी होगा।



ग्रेटर नोएडा के 64 गांवों के आबादी क्षेत्रों में लगेंगी स्ट्रीट लाइटें

करीब नौ करोड़ रुपये होंगे खर्च, तिलपता से सिरसा तक बसवे पर भी होगी रोशनी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 64 गांवों के विकसित आबादी क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना तैयार की है। इस परियोजना पर करीब 9 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। प्राधिकरण के अनुसार गांवों में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए 5.18 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके अलावा 130 मीटर चौड़ी सड़क पर तिलपता रोटरी से सिरसा रोटरी तक प्रस्तावित बसवे के किनारे भी आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी, जिस पर करीब 4.70 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि बेहतर प्रकाश व्यवस्था से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की सुरक्षा बढ़ाने में मदद मिलेगी।



दीपावली पर सजावटी रोशनी से जगमगाएगा ग्रेटर नोएडा

प्रमुख चौराहों का होगा सौंदर्यीकरण, 14 नवंबर तक खराब स्ट्रीट और हाईमास्ट लाइटें होंगी दुरुस्त

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर में विशेष प्रकाश व्यवस्था अभियान शुरू किया है। इसके तहत प्रमुख मार्गों, चौराहों, गोलचक्करों और रोटरी पर सजावटी लाइटें लगाई जा रही हैं। सूरजपुर घंटाघर चौक से परी चौक तक एक्सपो रोड की सातों रोटरी को झालर लाइटों से सजाया गया है। तिलपता से सिरसा तक 130 मीटर चौड़ी सड़क की आठ रोटरी पर भी सजावटी रोशनी की व्यवस्था की गई है। प्राधिकरण के निदेर्शानुसार दो से 14 नवंबर तक अभियान चलाकर बंद स्ट्रीट लाइटों और हाईमास्ट लाइटों को ठीक कराया जाएगा। कर्मचारियों को शाम छह से रात 12 बजे तक निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।



छात्राओं ने पोस्टर और स्लोगन से दिया साइबर सुरक्षा का संदेश

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेश्वर में जागरूकता प्रदर्शनी और प्रतियोगिताएं आयोजित

थानेश्वर। साइबर जागरूकता दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेश्वर में चार और पांच नवंबर को साइबर सुरक्षा पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदर्शनी, स्लोगन लेखन और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं हुईं। प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार और विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अंजू ने कार्यक्रम में भाग लिया। कंप्यूटर साइंस की प्राध्यापिका एवं कार्यक्रम संयोजक पल्लवी गर्ग ने छात्राओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन सुरक्षा और साइबर बुलिंग से बचाव के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया।



दीपावली पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने किया ₹22,250 के उत्पादों का कारोबार, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की गयी सराहना

समाज जागरण
सम्भल (बहजोई)।



दीपावली के पावन पर्व पर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर, बहजोई में विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए आकर्षक स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों पर महिलाओं ने अपने हुनर, मेहनत एवं रचना त्मकता से तैयार दीपावली से संबंधित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा स्टॉलों का अवलोकन कर महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की गुणवत्ता, आकर्षक प्रस्तुति एवं उनके प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी द्वारा उत्पादों की खरीदारी कर महिलाओं का उत्साहवर्धन भी किया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सम्भल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 04 नवम्बर को स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ₹1,650 की बिक्री हुई, जबकि 05 नवम्बर को बिक्री बढ़कर ₹20, 600 पहुंच गई। इस प्रकार दो दिनों में कुल ₹22,250 के उत्पादों का विक्रय किया गया तथा समूहों को ₹6,700 की शुद्ध आय प्राप्त हुई। इस पहल में सात स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने सहभागिता की। जिलाधिकारी अंकित खण्डे लवाल ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद स्थानीय हुनर, मेहनत और स्वरोजगार का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। ऐसे आयोजनों से महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का बेहतर अवसर मिलता है, जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति भी मजबूत होती है। उन्होंने जन पदवासियों से अपील की कि दीपावली सहित अन्य त्योहारों पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित दीपक, सजावटी सामग्री एवं घरेलू उपयोग के उत्पादों को प्राथमिकता दें, ताकि स्थानीय उत्पादों एवं महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस प्रकार के आयोजन महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने के साथ ही उनके आत्मविश्वास एवं उद्यमशीलता को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु स्व-गणना एवं जनगणना कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें: मुख्य विकास अधिकारी

समाज जागरण



बहजोई। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन तथा स्व-गणना (Self Enumeration) के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी दिशा-निदेशों के क्रम में जनपद में जनगणना संबंधी गतिविधियों की तैयारियों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत दिनांक 16 नवम्बर से 30 नवम्बर, 2026 तक स्व-गणना (Self Enumeration) तथा दिनांक 01 दिसम्बर, 2026 से 04 जनवरी, 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत दिनांक 05 जनवरी से 09 जनवरी, 2027 तक पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित है। स्व-गणना के अंतर्गत परिवार स्वयं आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि स्व-गणना अभियान का प्रचार-प्रसार केवल कार्यालयों एवं औपचारिक माध्यमों तक सीमित न रखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत, वार्ड, मोहल्ले, बस्ती एवं परिवार तक पहुंचाया जाए। इसके लिए ग्राम प्रधानों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, पंचायत सचिवों एवं अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों का सहयोग लिया जाए। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्हाट्सएप समूहों, सोशल मीडिया, स्थानीय समाचार पत्रों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों एवं अन्य जनसंचार माध्यमों के जरिए व्यापक जागरूकता उत्पन्न की जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े देश एवं प्रदेश की विकास योजनाओं तथा नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतः आमजन को स्व-गणना की प्रक्रिया, निर्धारित समयावधि एवं ऑनलाइन पोर्टल के संबंध में सरल भाषा में जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे अधिक से अधिक परिवार स्वेच्छा से स्व-गणना में प्रतिभाग कर सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनगणना कार्य से संबंधित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्य संपन्न कराने हेतु समुचित समन्वय स्थापित किया जाए। साथ ही प्रचार-प्रसार गतिविधियों की नियमित समीक्षा करते हुए उनकी प्रगति, फोटोग्राफ एवं वीडियो सहित विवरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि स्व-गणना से लेकर घर-घर जनसंख्या गणना एवं पुनरीक्षण तक की समस्त गतिविधियां निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सफल तापूर्वक संपन्न हो सकें।
बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनगणना कार्य से जुड़े संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दीपोत्सव मनाकर परिक्रमा पथ को किया जागृत

संभल तीर्थ परिक्रमा बनेगी प्रदेश और देश की शान और पहचान - डॉ. अरविंद गुप्ता

समाज जागरण



संभल। इतिहास संकलन समिति एवं हिंदू जागृति मंच के संयुक्त तत्वावधान में संभल तीर्थ परिक्रमा पथ को जागृत करते हुए धूमधाम से दीपोत्सव पर्व मनाया गया।
ग्राम भवानीपुर में परिक्रमा पथ पर दीपोत्सव पर्व मनाते हुए हिंदू जागृति मंच की प्रदेश प्रभारी आशा गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी के साथ शोभा गर्ग, राकेश कुमार शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, वैभव गुप्ता, दुर्वेश सैनी, अतुल कुमार शर्मा, नवीन कुमार शर्मा, अरविंद शंकर शुक्ला, उमंग अग्रवाल आदि ने रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर स्वास्तिक, ओम, फूल, श्री और लक्ष्मी यंत्र बनाकर 151 दीप जलाए। इस अवसर पर इतिहास संकलन समिति के जिला संरक्षक डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि हिंदू जागृति मंच द्वारा परिक्रमा के रूप में बोया गया बीज आज क्षेत्र की जनता के परिश्रम, सहयोग, उत्साह और समर्पण के कारण वटवृक्ष बन गया है। शीघ्र ही संभल तीर्थ परिक्रमा प्रदेश और देश की शान एवं पहचान बनेगी। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संभल तीर्थ परिक्रमा पर रंगोली बनाना, दीप जलाना, मंत्रोच्चारण के साथ पूजन, पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ दीपोत्सव मनाने का अर्थ है कि हम भगवान श्री कल्कि विष्णु से प्रार्थना करते हैं कि संभल तीर्थ परिक्रमा दिव्य, भव्य, रमणीक और संभल का यशगान करने वाली बने। देश और विश्व स्तर पर इस परिक्रमा पथ की कीर्ति पताका फहरे। उन्होंने इतिहास संकलन समिति, हिंदू जागृति मंच एवं समस्त ग्रामवासियों से आह्वान किया कि धन त्रयोदशी से लेकर भाई दूज तक परिक्रमा पथ पर जगह-जगह दीपोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक भक्तों के जुड़ने की अपेक्षा है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान विनय चौधरी, किशन चौधरी, ओमवीर सिंह ,देवेंद्र तेवतिया, अमित शर्मा, सोनू शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। शिव मंदिर भवानीपुर के महंत स्वामी रामचंद्र गिरी ने सभी को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास संकलन समिति के जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने की तथा संचालन हिंदू जागृति मंच के उपाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा तथा युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष वैभव गुप्ता ने किया।

पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा आगामी त्योहारों धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन एवं भाई दूज के दृष्टिगत थाना गुन्नौर क्षेत्रान्तर्गत भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया

समाज जागरण



सम्भल। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा आगामी त्योहारों धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन एवं भाई दूज को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत, क्षेत्रा धिकारी गुन्नौर, थाना प्रभारियों एवं भारी पुलिस बल के साथ थाना गुन्नौर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं पटाखा बाजारों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्थानीय आमजन से संवाद स्थापित कर त्यौहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई । इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अराजक तत्वों द्वारा प्रसारित की जाने वाली भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्टों पर जनपदीय सोशल मीडिया सेल द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जनपद के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। सम्भल पुलिस आमजन से अपील करती है कि त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्ति जनक सामग्री प्रसारित न करें। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

स्व-गणना के प्रति आमजन को जागरूक करें अधिकारी, व्यापक स्तर पर कराएं प्रचार-प्रसार : अपर जिलाधिकारी

समाज जागरण



बहजोई। कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के अंतर्गत जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्व-गणना के महत्व एवं इसकी प्रक्रिया के संबंध में आमजन को जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक जनपदवासी स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकें।
बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनगणना कार्य के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों तथा संबंधित विभागों के माध्यम से जनसामान्य तक जनगणना संबंधी जानकारी पहुंचाई जाए। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। जनगणना के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही स्व-गणना प्रक्रिया में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर जनगणना जिला प्रभारी अनिल मौर्य, जिला विकास अधिकारी राम आशीष,उप जिलाधिकारी संभल विकास चंद्र, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी सुबोध प्रमोद मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीश चंद्र सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं समस्त तहसीलदार, समस्त खंड विकास अधिकारी अथवा समस्त खंड शिक्षा अधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वाल्मीकि बस्ती के बच्चों संग भारत विकास परिषद ने मनाई दीपावली , बांटी मिठाइयां व पटाखे

समाज जागरण



चन्दौसी।शाश्वत शाखा चंदौसी के तत्वावधान में खुर्जा गेट स्थित वाल्मीकि बस्ती में बच्चों के साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को पटाखे एवं मिठाइयाँ वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी गई। बच्चों का उत्साह और उल्लास पूरे वातावरण को आनंदमय बना रहा था। बच्चों के साथ उनकी माता को भी बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का हिस्सा बनाया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सी ए सचिन गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद केवल एक सामाजिक संगठन नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर कार्य करने वाला संगठन है। परिषद का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को परस्पर जोड़ना, जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना तथा भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का संवर्धन करना है। शाश्वत शाखा इसी विचारधारा को आत्मसात कर सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। शाखा सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने अपने वक्तव्य में दूसरों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरना ही दीपावली का सच्चा उत्सव है। दीपावली की सार्थकता घरों को रोशन करने में नहीं, बल्कि उन चेहरों पर मुस्कान जगाने में है, जिनकी खुशियाँ अक्सर हमारी उत्सवधर्मिता से अछूती रह जाती हैं। बच्चों के साथ मनाया गया यह पर्व हमें सिखाता है कि खुशियाँ बाँटने से ही उत्सव का वास्तविक अर्थ साकार होता है। समाज में समरसता, अपनत्व और समानता का भाव स्थापित करना ही ऐसे आयोजनों का मूल उद्देश्य है। प्रत्येक बच्चे को प्रसन्नता, सम्मान और उत्सव में समान भागीदारी का अधिकार मिलना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों को पटाके, फुलझड़ी, मिठाई, बिस्किट चिप्स के पैकेट, आदी खाद्य सामग्री वितरित की गई कार्यक्रम में अमिता सिंह, डॉ. दुर्गा टंडन, अभिषेक गुप्ता, शीतल ,मोनिका, सहज एवं सी ए सचिन गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

श्रीकृष्ण पर टिप्पणी के विरोध में यादव महासभा ने सौंपा ज्ञापन।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और यूपी में कथा आयोजनों पर रोक लगाने की मांग।

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओर से भगवान श्रीकृष्ण को लेकर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी और एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। एसएसपी ने मामले में उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। ज्ञापन में कहा गया कि मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा में आयोजित कथा के दौरान धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप और लीलाओं को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की तुलना कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई। महासभा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण करोड़ों श्रद्धालुओं के आराध्य हैं। धार्मिक मंच से इस तरह की टिप्पणी समाज में वैमनस्य पैदा कर सकती है। पदाधिकारियों ने मांग की कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही उत्तर प्रदेश, विशेषकर ब्रज क्षेत्र में उनके कथा आयोजनों पर रोक लगाई जाए। भविष्य में किसी भी धार्मिक मंच से किसी समाज या आराध्य के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग रोकने के लिए भी कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में पूर्व अध्यक्ष अशोक यादव, रामवीर सिंह यादव, राधेश्याम यादव, बृजेश यादव, देवेंद्र यादव एडवोकेट, डॉ. डीपी यादव, आरपी सिंह यादव, राहुल यादव एडवोकेट, पार्षद पंकज यादव, राजेंद्र यादव, धर्मवीर सिंह यादव केके यादव, निशांत यादव एडवोकेट, अखिल यादव एडवोकेट, त्रिभुवन नाथ एडवोकेट और राजेश यादव एडवोकेट आदि शामिल रहे।

एरियर और बढ़ा वेतन नहीं मिलने पर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों में आक्रोश।

2021 से बकाया भुगतान के लिए लगा रहे चक्कर, मांग उठाने पर नौकरी से निकालने की धमकी देने का आरोप।

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन और एरियर भुगतान का मामला तूल पकड़ने लगा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि शासन की ओर से वेतन 20 हजार रुपये किए जाने की घोषणा के बावजूद उन्हें इसका लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं, सितंबर 2021 से नवंबर 2024 तक का बकाया एरियर भी अब तक नहीं दिया गया है। इससे नाराज कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 2021 से एरियर भुगतान की मांग की जा रही है। उस समय भी अधिकारियों और संबंधित कंपनी की ओर से भुगतान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन करीब पांच साल बीतने के बाद भी उन्हें बकाया धनराशि नहीं मिली। कर्मचारियों का आरोप है कि जब भी वे एरियर की मांग करते हैं तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। वही सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन मौके पर पहुंचे और उनसे धरना समाप्त करने की अपील की परंतु वह नहीं माने तो उन्होंने कहा कि आप लोगों को धरना देने से पहले एक नोटिस भेजना चाहिए था हमने तुम्हारी मांगे संबंधित अधिकारियों को भेज दी है स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल से मरीज परेशान हो गए हैं

गिरधारी इंटर कॉलेज में एसडीएम सिरसागंज ने अश्वनी जैन को किया सम्मानित

समाज जागरण



सिरसागंज। गिरधारी इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल गंगवार, सतवीर सिंह एवं कुलदीप सिंह के संयोजन में जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को गोरखपुर में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार मिलने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम सिरसागंज सिद्धार्थ पाठक ने अश्वनी जैन को शॉल ओढ़ाकर एवं समस्त आयोजकों ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।
सिद्धार्थ पाठक ने सभी जनमानस को बताया कि अश्वनी कुमार जैन ने माध्यमिक शिक्षा विभाग में राज्य पुरस्कार प्राप्त करके जनपद फिरोजाबाद एवं नगर सिरसागंज के नाम को सम्पूर्ण प्रदेश में रोशन किया है। सतवीर सिंह ने सभी को बताया कि श्री जैन ने जनपद में लगभग 1000 से भी अधिक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित कराकर विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न किया है। उनको यह पुरस्कार विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान आदि एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। कुलदीप सिंह ने सभी को बताया कि उनके निर्देशन में जनपद में विज्ञान और शैक्षिक कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानाचार्य विशाल गंगवार ने श्री जैन को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि यह अत्यंत गौरव का विषय है कि जैन माध्यमिक शिक्षा विभाग में राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले जनपद फिरोजाबाद के प्रथम शिक्षक हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन सतवीर सिंह ने किया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल गंगवार, सतवीर सिंह, कुलदीप सिंह एवं समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ अपने परिवार, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिवकांत त्रिपाठी, संजय पाण्डे, प्रेम सिंह, मधुरेश शुक्ल, पवन कुमार, श्रीमती मधुबाला एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

दीपावली पर पानी की किल्लत न हो, अफसरों को दिए निर्देश

120 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और नंदपुर इंटेक का किया निरीक्षण।

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। दीपावली पर शहर में पेयजलापूर्ति सुचारु बनाए रखने के लिए गुरुवार को 120 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और नंदपुर रॉ वाटर इंटेक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों को त्योहार पर पर्याप्त पानी



की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्लांट में कच्चे पानी की उपलब्धता, शोधन प्रक्रिया और पेयजल के क्लोरीनेशन की स्थिति देखी गई। इसके बाद नंदपुर रॉ वाटर इंटेक का जायजा लिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि दीपावली से पहले इंटेक पर पर्याप्त कच्चे पानी की व्यवस्था रखी जाए। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में शोधन के बाद शहर को जरूरत के अनुसार पानी की आपूर्ति की जाए।

बजरंग दल जिला बिजनौर के द्वारा हुतात्मा दिवस कार्यक्रम पर नगर बिजनौर के शुभम सर्वम चैरिटेबल ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर



बिजनौर बजरंग दल बिजनौर जिले के द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में बजरंग दल के कार्यकताओं के द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर का शुभारंभ भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके किया गया। शिविर का शुभारंभ हेमंत सारस्वत प्रांत गौरक्षा प्रमुख बजरंग दल मेरठ प्रांत और अभय पांडे पुलिस क्षेत्राधिकारी के द्वारा किया गया। जिला संयोजक अरुण चौधरी ने बताया कि आज हुतात्मा दिवस के उपलक्ष्य में जिला बिजनौर के सभी 14 प्रखंड से कार्यकताओं ने बिजनौर पहुंच कर रक्तदान किया जिस में 51 कार्यकताओं ने रक्तदान किया व आगे भी जरूरत पड़ने पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा शिविर में मनोज शर्मा विभाग मंत्री,राजीव गुप्ता जिला अध्यक्ष, सौरभ शर्मा जिला मंत्री,सुनील वर्मा जिला सह मंत्री,करूंण शर्मा जिला संगठन मंत्री,अरुण चौधरी जिला संयोजक बजरंग दल,नवदीप चौधरी जिला सह संयोजक, डॉ रजत चौधरी जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख, अभिषेक त्यागी जिला सुरक्षा प्रमुख ,रॉकी नायक जिला विद्यार्थी प्रमुख,नितिन जी जिला सह संयोजक ,सत्यम राणा,राघव खेड़ा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

21 लाख की स्मैक बरामद, नशा तस्करी के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

ऑपरेशन सवेरा के तहत कैराना पुलिस की कार्रवाई, आरोपी के कब्जे से 104 ग्राम स्मैक बरामद

नशे के अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क को खंगालने में जुटी पुलिस, तस्करी की आगे-पीछे की कड़ियों की जांच शुरू

समाज जागरण वाजिद अली



कैराना। जनपद में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत कैराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 104 ग्राम स्मैक बरामद करने का दावा किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 21 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस आरोपी से जुड़े नशा तस्करी के नेटवर्क की कड़ियां खंगालने में जुट गई है। सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपम हानिरीक्षक के नेतृत्व में संचालित ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्रा धिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में गुरुवार को कैराना पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिलाल पुत्र दिलशाद उर्फ दिल्ला निवासी ग्राम बसेड़ा, थाना कैराना के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 104 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर कैराना कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 714/2026 के तहत एनडीपीएस अधि नियम की धारा 8/21 में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी स्मैक की खेप कहां से लाया था और इसकी आपूर्ति किन लोगों को की जानी थी। इसके लिए नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंक की जांच की जा रही है।कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक योगेश कुमार, हेड कांस्टेबल ज्योति प्रकाश, राहुल कुमार तथा कांस्टेबल विपिन कुमार एवं योगेंद्र शामिल रहे। उधर, शामली पुलिस ने आमजन से नशे के अवैध कारोबार की रोकथाम में सहयोग की अपील की है। पुलिस का कहना है कि नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

जैन मिलन बड़ौत ने धूमधाम के साथ मनाया दीपावली आनंद महोत्सव

समाज जागरण



बागपत। जैन मिलन नगर बड़ौत द्वारा कौशल भवन सभागार में पारिवारिक दीपावली आनंद महोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन के साथ नितिन जैन ने किया।भगवान महावीर के चित्र के समक्ष चित्र अनावरण राकेश जैन सभासद के द्वारा तथा दीप प्रज्वलन दीपक जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समारोह अध्यक्ष सुनील जैन तथा मुख्य अतिथि अतुल जैन रहे।कार्यक्रम का संचालन वरदान जैन द्वारा किया गया। स्वागत अध्यक्ष राजेंद्र जैन एवं सुषमा जैन द्वारा सभी अतिथियों को दीपावली उपहार देकर सम्मानित किया गया। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र जैन राजकमल द्वारा सभी को दीपावली की शुभकामना दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक राजेश भारती द्वारा सभी को आकर्षक गेम भी खिलाए गए।वात्सल्य भोज एवं उपहार वितरण जैन मिलन नगर के अध्यक्ष विनय जैन, कार्यकारी अध्यक्ष अनंत जैन, मंत्री अंचित जैन एडवोकेट, कोषाध्यक्ष विपिन जैन द्वारा किया गया।इस अवसर पर महिला जैन मिलन नगर,युगल जैन मिलन अरिहंत एवं सिद्ध तथा युवा जैन मिलन नगर के सदस्यों की भी उपस्थिति रही।अर्निका जैन,विदुषी जैन और आरोही जैन के सुंदर नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।अरिहंत जय जय की स्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य संयोजक सतीश जैन, संयोजक डॉक्टर राकेश जैन, जे के जैन, मुकेश जैन, आशीष जैन, जैन कुमार जैन, संजय जैन, सुधीर जैन, प्रोफेसर महेंद्र जैन वीरेंद्र जैन पिन्टी, प्रशांत जैन, कमलेश जैन, संगीता भारती आदि उपस्थित थे।

मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज का वार्षिकोत्सव एवं क्रीड़ा महोत्सव संपन्न

समाज जागरण



बिनौली। मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज और चौधरी दलीप सिंह इंटर कॉलेज के संयुक्त वार्षिकोत्सव एवं क्रीड़ा महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन धूमधाम से किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ रालोद नेता जागेश चौधरी और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ व्यापारी नेता योगेश जिंदल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, रस्साकसी सहित सभी क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आनंदपाल राणा ने की। दोनों कॉलेजों के प्रबंधक बृजपाल सिंह शास्त्री ने सभी अतिथियों का फूल माला और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जयप्रकाश यादव, सौदान शास्त्री, रवि पंवार, बबलू धामा, राजीव गुप्ता, नवीन बालियान, शबाना, देशपाल सिंह तोमर, अश्विनी मोघा, विष्णु धामा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बनारसी दास गुप्ता ने समाज की कुरीतियों को दूर करने में सार्थक प्रयास किया - अभिमन्यु गुप्ता

समाज जागरण



अग्रवाल मंडी टटीरी। वैश्य समाज के पुरोधा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यसभा सांसद बनारसी दास गुप्ता की जयंती पर उन्हें याद किया गया। अखिल भारतीय अग्र वाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि बनारसी दास गुप्ता ने सर्व समाज और वैश्य समाज से कुरीतियां दूर करने में सार्थक प्रयास किया। उन्होंने महाराजा अग्रसेन के जीवन, दर्शन और समाजवाद की अनूठी पहल को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।उन्होंने कहा कि बनारसी दास गुप्ता ने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन और अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की स्थापना कर वैश्य समाज को एकजुट किया और जीवन पर्यंत कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रयास किया। राजनीति में भी उन्होंने कई सिद्धांत प्रतिपादित किए और आजीवन उनका पालन कर सभी को प्रेरणा दी। जयंती के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला अग्रवाल मंडी टटीरी में गरीब स्त्री-पुरुषों को कंबल वितरित किए गए। अभिमन्यु गुप्ता ने सभी से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष दीपक गोयल, महासचिव मनोज गुप्ता, डॉक्टर मयंक गोयल, विभोर जिंदल,अतुल जिंदल, अंकित जिंदल,अंकित गोयल, अमन गोयल, प्रमोद जैन, डॉक्टर रामलाल मौजूद रहे।

सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर टटीरी में हुआ भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

समाज जागरण



बागपत। सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर टटीरी में गुरुवार को छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा एवं कलात्मक कौशल को निखारने के उद्देश्य से एक भव्य रंगोली प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 102 भैया, बहनों ने कुल 32 समूहों (ग्रुप्स) में उत्साहपूर्वक सहभागिता की और एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं संदेशप्रद रंगोलियां बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सफल मूल्यां कन हेतु निर्णायक मण्डल की महत्वपूर्ण भूमिका में डॉ सुभाष (नगर संघ चालक), प्रवीन चन्द (सह नगर संघ चालक) तथा मिथिलेश बंसल (पूर्व प्रधानाचार्या, वैदिक कन्या इण्टर कॉलेज) उपस्थित रहे। निर्णायक मण्डल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी शिशुओं को पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रचारक अनुज कुमार एवं विद्या भारती के जिला प्रशिक्षण प्रमुख ऋषभ ढाका ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाई गई सुंदर रंगोलियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा सभी शिशुओं को अपना शुभाशीष प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेन्द्र शर्मा, गजेंद्र शर्मा, अंकुश कुमार, लोकेश कुमार, सुदेश, कविता, प्रतिभा सहित विद्यालय का समस्त आचार्य परिवार एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्री राम कॉलेज में दीपावली पर हुई रंगोली प्रतियोगिता

समाज जागरण



बागपत। श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज बागपत के प्रागंण मे दीपावली महोत्सव के उपलक्ष्य में रंगोली एंवम आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे सभी संकायों से अध्यनरत विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में प्रबंध समिति से अरविंद गुप्ता, वैभव मित्तल, दिनेश अग्रवाल व पुलिस प्रशासन से शेर सिंह ने निष्पक्ष व कुशल तरीके से सभी प्रतियोगिताओं का अवलोकन करते हुए मूल्यांकन किया व समूह का परिणाम घोषित किया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता- 2026 प्रथम स्थान खुशी, गुंजन, कैथरीन, द्वितीय स्थान ग्रुप नंबर 5, दिव्या, हिमांशी, रिया, खुशी, तृतीय स्थान ग्रुप नंबर 8, माही, निधि, सलोनी, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता 2026- प्रथम स्थान निकिता, द्वितीय स्थान कैथरीन, तृतीय स्थान गोरी ने प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य रोहित शर्मा जी के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम संयोजक हरीश चौहान, पूजा चौहान, मुक्ता वर्मा, रेनू शर्मा रहे। इसके अतिरिक्त अंकित शर्मा, अकिंत कटारिया, डा पूजा, प्रियांशी, अक्षिता चौहान, अक्षय शर्मा, हिमांशु शर्मा, आदि का विशेष सहयोग रहा।

पत्रकार संगठन कैराना के अध्यक्ष सुधीर चौधरी के आवास पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित

पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों तथा सामाजिक व राजनीतिक हस्तियों सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों ने की शिरकत

समाज जागरण



कैराना। पत्रकार संगठन कैराना के अध्यक्ष सुधीर चौधरी के आवास पर दीपोत्सव के पावन अवसर पर दीपावली मिलन समारोह का आयो जन किया गया, जिसमें पत्रकारों के साथ-साथ पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों तथा नगर की प्रमुख सामाजिक एवं राजनीतिक हस्तियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे, एकता और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। नगर के मोहल्ला आलकलां, पानीपत रोड स्थित चौधरी सिताब सिंह मार्किट में अध्यक्ष सुधीर चौधरी के आवास एवं शिविर कार्यालय पर आयोजित समारोह में पत्रकारों, सामाजिक कार्यकताओं और राज नीतिक हस्तियों ने एक-दूसरे से मुलाकात कर दीपावली की खुशियां साझा की। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष सुधीर चौधरी ने कहा कि दीपावली खुशियों, रोशनी, प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। यह पर्व हमें आपसी एकता, सद्भाव और एक-दूसरे की भावनाओं एवं धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भारत की असली खूबसूरती उसकी गंगा-जमुनी तहजीब, विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच आपसी सम्मान और साझा सांस्कृतिक परंपराओं में निहित है। विभिन्न त्योहार लोगों को एक-दूसरे के करीब आने तथा समाज में प्रेम, शांति, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने समारोह में शामिल संगठन के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह के समापन पर सभी अति थियों एवं पत्रकारों के लिए भोज की व्यवस्था की गई थी, जिसमें सभी ने सहभागिता करते हुए एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसडीएम कैराना शिवाजी यादव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, किलागेट चौकी प्रभारी एसआई राजकुमार बघेल, पूर्व नपा चेयरमैन राशिद अली तथा पत्रकार संगठन कैराना के संरक्षक महराब चौधरी, निवर्तमान अध्यक्ष संदीप इन्सां, वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक रियासत अली ताबिश, मोहम्मद यूसुफ त्यागी, एम. इकबाल हसन, मेहरबान अली कैरानवी, अजम तुल्ला खान, स्वदेश पंवार, आशीष सैनी, देवराज चौहान, वाजिद अली, अहसान सैफी, सलमान चौधरी एवं एडवोकेट नसीम चौधरी, एडवोकेट अनुज रावल, पूर्व ब्लॉक उपप्रमुख गुरदीप चौधरी, इस्लाम बागवान सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

समारोह आपसी प्रेम, एकता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

खेकड़ा में दो सड़क हादसों में दो युवक घायल, पुराल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

रेलवे अंडरपास के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आया स्कूटी सवार, गंभीर हालत में दिल्ली रेफर

दूसरे हादसे में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से पैदल राहगीर घायल

समाज जागरण



बागपत। खेकड़ा क्षेत्र में लग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में दो युवक घायल हो गए। रेलवे अंडरपास के पास पुराल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान ट्रॉली उसके ऊपर से उतर गई। वहीं, दूसरे हादसे में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से पैदल जा रहा युवक घायल हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार मुबारिकपुर निवासी अनु दोपहर करीब एक बजे स्कूटी से मंडोला की ओर से अपने गांव जा रहा था। जब वह खेकड़ा रेलवे अंडरपास के पास पहुंचा तो सामने से आ रही पुराल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गया। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया और ट्रॉली उसके ऊपर से उतर गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन हड़बड़ी में ट्रॉली पलट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित चालक को हिरासत में ले लिया। उधर, घायल अनु के परिजन उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए दिल्ली ले गए। दूसरी घटना में खेकड़ा निवासी नवनीत पैदल कहीं जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसके पैर में चोट लग गई। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। नवनीत के पैर में पांच टांके आए हैं। फिलहाल उसकी हालत सुरक्षित है। पुलिस दोनों मामलों में आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

कैंसर से जूझ रहे आरएसएस कार्यकर्ता के इकलौते बेटे का निधन, परिवार में पसरा मातम

35 वर्षीय अमित गुप्ता ने दिल्ली के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम, व्यापारियों ने जताया शोक

समाज जागरण



बागपत। खेकड़ा कस्बे के मोहल्ला औरंगाबाद निवासी आरएसएस कार्यकर्ता एवं व्यापारी विष्णु गुप्ता के इकलौते बेटे अमित गुप्ता (35) का बुधवार रात निधन हो गया। वह काफी समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे और दिल्ली के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं कस्बे के व्यापारियों और मोहल्ले के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। विष्णु गुप्ता कस्बे के बाजार में किताबों की दुकान करते हैं और आरएसएस से जुड़े हुए हैं। उनका इकलौता बेटा अमित पिछले काफी समय से कैंसर से जूझ रहा था। परिजन उसका दिल्ली के अस्पताल में उपचार करा रहे थे, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका। बुधवार रात उपचार के दौरान अमित ने दम तोड़ दिया। अमित के निधन की खबर मिलते ही परिचितों, व्यापारियों और मोहल्ले के लोगों का उनके घर पहुंचना शुरू हो गया। लोगों ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

दीपोत्सव से विदेशों तक पहुंच रही यूपी की सांस्कृतिक पहचान

ज्योतिर्मय यूपी अयोध्या दीपोत्सव में शामिल होने के लिए बागपतवासियों को दिया आमंत्रण

जिलाधिकारी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

समाज जागरण



बागपत। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को देश-विदेश तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न सांस्कृ तिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अयोध्या का दीपोत्सव, काशी की देव दीपावली और प्रयाग राज का कुंभ प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई पहचान दे रहे हैं। इसी क्रम में ज्योतिर्मय यूपी अयोध्या दीपोत्सव कार्यक्रम में जनपदवासियों को आमंत्रित करने के लिए सूचना विभाग का विशेष प्रचार अभियान शुरू किया गया है।जिलाधिकारी दिव्यांशु पटेल ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम की जानकारी देगा और उन्हें इसमें शामिल होने के लिए जागरूक करेगा। इस अवसर पर कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। विकास भी, विरासत भी' की सोच के साथ धार्मिक और पर्यटन स्थलों को नई पहचान मिल रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख आस्था केंद्र पुरा महादेव मंदिर सहित जनपद के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को भी व्यापक स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी ने जन पदवासियों से अयोध्या के दीपोत्सव में शामिल होकर प्रदेश की सांस्कृ तिक और आध्यात्मिक विरासत से जुड़ने का आह्वान किया।

सेबी का म्यूचुअल फंड के लिए फैसला, शेयरों की खरीद-बिक्री का हिसाब आसान होगा, 1 अप्रैल से नए नियम

शेयर बाजार की निगरानी करने वाली संस्था सेबी (SEBI) ने म्यूचुअल फंड कंपनियों के लिए एक अहम फैसला लिया है। अब म्यूचुअल फंड की कोई स्कीम शेयर खरीदने और बेचने पर बनने वाली भुगतान की रकम को आपस में एडजस्ट कर सकेगी। इससे फंड कंपनियों को कुछ समय के लिए अतिरिक्त पैसे का इंतजाम करने की जरूरत कम होगी। साथ ही शेयरों की खरीद-बिक्री का भुगतान पूरा करने की प्रक्रिया भी आसान हो सकेगी। सेबी ने गुरुवार, 5 नवंबर को जारी सर्कुलर में यह जानकारी दी। नए नियम 1 अप्रैल 2027 से लागू होंगे। इससे पहले सेबी इस तरह की सुविधा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को भी दे चुका है। क्या है सेबी का नया नियम? अभी तक म्यूचुअल फंड स्कीमों को शेयर खरीदने और बेचने पर बनने वाले भुगतान को अलग-अलग पूरा करना होता था। नए नियम के तहत एक ही म्यूचुअल फंड स्कीम तय समय में कुछ शेयर खरीदती है और कुछ दूसरे शेयर बेचती है, तो खरीद और बिक्री की रकम को आपस में एडजस्ट कर सकेगी। इसे नेट सेटलमेंट कहा जाता है। इसे आसान उदाहरण से समझें। मान लीजिए किसी म्यूचुअल फंड स्कीम ने 10 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे और उसी सेटलमेंट अवधि में 7 करोड़ रुपये के दूसरे शेयर बेचे। ऐसे में खरीद और बिक्री की रकम एडजस्ट होने के बाद स्कीम को केवल 3 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। इससे फंड को शेयर खरीदने के लिए कुछ समय के लिए अतिरिक्त पैसे जुटाने की जरूरत कम हो सकती है। क्या सभी स्कीमों में मिलेगी सुविधा? सेबी ने साफ किया है कि यह सुविधा केवल एक ही म्यूचुअल फंड स्कीम के भीतर मिलेगी। अगर किसी म्यूचुअल फंड कंपनी की दो अलग-अलग स्कीमें हैं, तो उनके भुगतान को आपस में एडजस्ट नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा अगर एक ही स्कीम एक ही सेटलमेंट अवधि में किसी शेयर को खरीदती भी है और बेचती भी है, तो उस शेयर के सौदों पर यह सुविधा लागू नहीं होगी। ऐसे सौदों का पूरा हिसाब पहले की तरह अलग-अलग किया जाएगा। सेबी के मुताबिक, नया नियम केवल शेयर बाजार के कैश सेगमेंट में तय शर्तों के तहत होने वाली सीधे खरीद या बिक्री की डील पर लागू होगा।

किन सौदों पर लागू नहीं होगा नियम? सेबी ने बताया कि डेरिवेटिव्स, शेयर उधार लेने और देने, शॉर्ट सेलिंग से जुड़े सौदों और दूसरे ऐसे लेनदेन पर यह सुविधा नहीं मिलेगी, जिन्हें नए नियम में शामिल नहीं किया गया है। इसके अलावा शेयरों का ट्रांसफर पहले की तरह पूरा किया जाएगा। केवल भुगतान की रकम को एडजस्ट करने की सुविधा दी गई है।

यानी नए नियम से शेयरों की डिलीवरी के तरीके में कोई बदलाव नहीं होगा। नया संवत, नई शुरूआतः AMFI सीईओ चलसानी ने म्यूचुअल फंड निवेशकों को दिए तीन मूल मंत्र म्यूचुअल फंड कंपनियों को क्या करना होगा? सेबी ने एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) को नए नियम लागू करने के लिए जरूरी व्यवस्था तैयार करने को कहा है। एम्फी इस काम के लिए क्लियरिंग कॉरपोरेशन, स्टॉक एक्सचेंज, कस्टोडियन और दूसरे संबंधित पक्षों से बातचीत करेगा।

ब्रेक फेल होने से खड़े ट्रक में घुसा कैंटर, चालक गंभीर घायल

-बड़ागांव के पास ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा, केबिन में फंसे चालक को पुलिस ने बाहर निकाला

समाज जागरण



बागपत। ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर बड़ागांव के पास बुधवार रात ब्रेक फेल होने से एक तेज रफ्तार कैंटर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि कैंटर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें फंस गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रतापगढ़ निवासी सुशील कैंटर चालक है। बुधवार को वह हिमाचल प्रदेश से कैंटर में सेव भरकर छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुआ था। रात में बड़ागांव के पास ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर पहुंचने के दौरान अचानक कैंटर के ब्रेक फेल हो गए। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कैंटर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक सुशील केबिन में फंस गया और उसका एक पैर भी टूट गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद घायल चालक को केबिन से बाहर निकाला और खेकड़ा अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि घायल चालक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

ट्रंप की हार और डेमोक्रेट्स की जीत भारतीय लोकतंत्र के लिए सुखद संकेतः रवि प्रकाश भारद्वाज

AAP के पूर्व जिलाध्यक्ष का भाजपा पर निशाना, कहा "झूठ, विभाजन और मुफ्त के लालच की राजनीति का दौर अब समाप्त

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा/ अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की जीत को आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने भारतीय जनमानस के लिए एक सुखद संकेत करार दिया है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र और विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए इसे भविष्य का एक बड़ा खतरा बताया है। रविवार को जारी एक बयान में आप नेता रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी की सफलता का मुख्य आधार नफरत और विभाजनकारी राजनीति का कड़ा विरोध रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि इस चुनाव में विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक, जातीय और अलग-अलग मूल पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में जीत



दर्ज की है, जिसे हर वर्ग के मतदाताओं का व्यापक समर्थन मिला है।

आप नेता ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े और शक्तिशाली लोकतंत्र का यह जनादेश पूरी दुनिया को एक नया विचार देने और सोचने पर मजबूर करता है। अमेरिकी मतदाताओं ने चुनाव से ठीक पहले दिए गए लोक-लुभावन और लालच भरे वादों को सिरे से नकार दिया है। भारद्वाज ने भारतीय संदर्भ में बात करते हुए कहा कि देश के भीतर लोकतंत्र की रक्षा के लिए जारी आंदोलन और स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए हो रहे संघर्षों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाला समय केवल जनता के असली मुद्दों पर केंद्रित होगा। अब झूठ बोलना, लालच देना और नफरत व विभाजन की राजनीति करना चुनाव जीतने का जरिया नहीं बन सकता। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि अलोकतांत्रिक, जनविरोधी और दुनिया को धमकाने वाली सस्ती राजनीति के बल पर लोकप्रियता हासिल करने की नीतियां पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। ट्रंप की यह पराजय विश्व भर के उन नेताओं के लिए एक बड़ी नसीहत है जो इसी प्रकार की कार्यशैली और समझ में विश्वास रखते हैं।

मथुरा में आगामी पर्वों को लेकर प्रशासनिक चौकसी तेज

डीएम और एसएसपी ने यमुना घाटों और बाजारों का लिया जायजा

प्रवीण मिश्रा समाज जागरण

मथुरा/आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज (यम द्वितीया) और देव प्रबोधनी एकादशी जैसे प्रमुख पर्वों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने संयुक्त रूप से शहर की सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जमीनी जायजा लिया।



नौका विहार कर परखी घाटों की सुरक्षा

अधिकारियों के दौरे की शुरूआत यमुना नदी से हुई। डीएम और एसएसपी ने नौका विहार करते हुए बंगाली घाट से विश्राम घाट तक यमुना नदी और इसके तटों पर स्थित विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा के लिए की जाने वाली बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं के लिए स्नान की व्यवस्था का बारीकी से मुआयना किया।

भाईदूज और अन्य पर्वों पर यमुना घाटों पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए उन्होंने जल पुलिस और गोताखोरों की तैनाती के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विश्राम घाट से होली गेट तक किया पैदल भ्रमण

घाटों का निरीक्षण करने के बाद जिलाधिकारी और एसएसपी ने विश्राम घाट से लेकर व्यस्ततम इलाके होली गेट तक पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने बाजारों, मुख्य मार्गों और आसपास के इलाकों में यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, अतिक्रमण और सुरक्षा इंतजामों की वास्तविक स्थिति को परखा।

अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

स्थलीय निरीक्षण के दौरान डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि त्योहारों के मद्देनजर शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। उन्होंने प्रमुख



बाजारों, मंदिरों और संपर्क मार्गों पर नियमित कूड़ा उठान और पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करने को कहा। इसके साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं के आवागमन वाले रास्तों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

समन्वय के साथ कार्य करने की अपील

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी तालमेल बनाकर अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां सामने आई हैं, उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

इस संयुक्त निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमरेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा समेत विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

मथुरा में दीपावली से पूर्व मंडराया आतंकी साया

नगर निगम को मिला धमकी भरा मेल, जन्मभूमि समेत धार्मिक स्थल छावनी में तब्दील

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा/पावन पर्व दीपावली की तैयारियों के बीच कान्हा की नगरी मथुरा पर आतंकी साया मंडराने से हड़कंप मच गया है। नगर निगम के नगर आयुक्त की आधिकारिक ईमेल आईडी पर आए एक सनसनीखेज मेल ने पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। धमकी भरे इस पत्र में 8 नवंबर से 27 नवंबर के बीच मथुरा, काशी और अयोध्या जैसे देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों और शिक्षण संस्थानों को सिलसिलेवार बम धमाकों से दहलाने की खुली चेतावनी दी गई है।



खालिस्तानी कनेक्शन का जिक्र, साइबर सेल ट्रेस कर रही आईपी एड्रेस

बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे प्राप्त हुए इस ईमेल में कुछ खालिस्तान समर्थक व्यक्तियों और अलगाववादी संगठनों का उल्लेख किया गया है। मामला सामने आते ही नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने तत्परता दिखाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, खुफिया इकाई (एलआईयू), साइबर सेल और आईटी विशेषज्ञों की संयुक्त टीम हरकत में आ गई है। शुरूआती जांच में ईमेल भेजने वाले के आईपी एड्रेस और डिजिटल लोकेशन को ट्रेस करने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है, ताकि भेजने वाले शातिर का सुराग लगाया जा सके।

श्री कृष्ण जन्मभूमि पर कमांडो तैनात, शहर में सघन चेकिंग अभियान

धमकी की गंभीरता को देखते हुए पूरे जनपद में रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। विश्वप्रसिद्ध श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर और उसके आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों को अभेद्य किले में तब्दील कर दिया गया है। जन्मस्थान के मुख्य द्वारों पर पुलिस बल के साथ-साथ विशेष कमांडो यूनिट, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते को तैनात कर हर आने-जाने वाले पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, गेस्ट हाउस और पर लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की कड़ाई से जांच की जा रही है।

पुलिस प्रशासन की अपीलः अफवाहों से बचें, सतर्क रहें

एसएसपी श्लोक कुमार ने जिलेवासियों और श्रद्धालुओं को आश्वस्त करते हुए कहा है कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए बल तैनात है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें, संयम बनाए रखें और यदि कोई लावारिस वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

मथुरा में अनियंत्रित स्विफ्ट कार हाईवे से खेत में उतरी सेवानिवृत्त शिक्षक समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत; चालक गंभीर

प्रवीण मिश्रा समाज जागरण

मथुरा/थाना राया क्षेत्र अंतर्गत बरेली हाईवे पर गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाला दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार से दौड़ रही लाल रंग की स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर ढलान से हवा में उछलती हुई हाईवे से 100 मीटर दूर खेत में जा घुसी। कार की चपेट में आने से खेत में काम कर रहे एक ही परिवार के तीन लोगों पूर्व शिक्षक, उनके पुत्र और पौत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक भी बुरी तरह घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गज्जू निवासी जवाहर सिंह (75 वर्ष), जो कि एक सेवानिवृत्त शिक्षक थे, गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे अपने बेटे रणवीर (37 वर्ष) और पोते अंकित (27 वर्ष) के साथ हाईवे के पास स्थित अपने खेत में काम कर रहे थे। उसी दौरान अनियंत्रित स्विफ्ट कार ढलान से लहराती हुई सीधी खेत में जा पहुंची और तीनों को रौंद डाला। हादसा इतना भीषण था कि तीनों की जीवनलीला समाप्त हो गई और कार चालक भी क्षतिग्रस्त वाहन में बुरी तरह फंस गया।

पुलिस-प्रशासन का मौका-मुआयना, गांव में मातम

घटना की सूचना मिलते ही राया पुलिस, सीओ महावन और स्थानीय



प्रशासनिक बल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस टीम ने कार चालक को कटर और ग्रामीणों की मदद से गाड़ी से बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी हालत अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

हादसे की गंभीरता को देखते हुए एसपी देहात (SPRA) आलोक राजनारायण सिंह और एडीएम प्रशासन अवनीश कुमार ने घटनास्थल का मुआयना कर स्थिति का जायजा लिया। वहीं, पोस्टमार्टम गृह पर तहसीलदार मांट रंजीत सिंह सचान अपनी टीम के साथ डटे रहे।

पूर्व मंत्री ने जताया शोक

दर्दनाक हादसे से गांव गज्जू में मातम का सन्नाटा पसर गया है। पूर्व शिक्षा मंत्री और कांग्रेस नेता श्याम सुंदर शर्मा ने पोस्टमार्टम गृह पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और सांत्वना दी। हादसे की खबर फैलते ही पोस्टमार्टम हाउस पर ग्रामीणों व शुभचिंतकों का भारी जमावड़ा लगा रहा। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

कार में दो सवारी बाल-बाल बचे बल्कर की टक्कर से पुल के नीचे गिरी कार

समाज जागरण

सिंगरौली (विनय कुमार):-तेज रफ्तार बल्कर की टक्कर से गुरुवार शाम करीब 4 बजे परेवा नाला पुल पर भीषण सड़क हादसा हो गया। सिंगरौली से बरगवां की ओर जा रही मारुति सिलेरियो कार को विपरीत दिशा से आ रहे बल्कर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर पलटते हुए पुल से नीचे नाले में जा गिरी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें सवार दोनों व्यक्ति बाल-बाल बच गए। दोनों को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, कार क्रमांक टढ 66 इ 1943 में दीपक कुमार जायसवाल और शैलेन्द्र पाठक सवार थे। दोनों सिंगरौली से बरगवां की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार अपनी दिशा में जा रही थी, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बल्कर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सड़क पर पलटते हुए सीधे पुल के नीचे जा गिरी।



सीट बेल्ट बनी जीवनरक्षक

पुल से नीचे गिरने के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके परखच्चे उड़ गए। इसके बावजूद कार सवार दोनों व्यक्तियों की जान बच गई। बताया जा रहा है कि दोनों ने सीट बेल्ट लगा रखी थी, जिसके कारण गंभीर हादसे के बावजूद उन्हें केवल हल्की चोटें आई। यह घटना एक बार फिर वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की अहमियत को रेखांकित करती है।

बल्कर छोड़कर चालक फरार

हादसे के बाद बल्कर चालक मौके से वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने उसका पीछा किया तो चालक बल्कर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बल्कर को जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश में जुटी है।

हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार, बरगवां पुलिस ने की कार्रवाई लगभग कीमत 5 लाख 60 हजार रूपए बताया गया

बाघाडीह में घर के पास ब्राउन शुगर बेचने की मिली थी सूचना, पुलिस ने 56 ग्राम मादक पदार्थ किया जब्त

समाज जागरण

सिंगरौली (विनय कुमार):-जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बरगवां पुलिस ने एक महिला को 56 ग्राम हेरोइन (ब्राउन शुगर/स्मैक) के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 5 लाख 60 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पुलिस महानिरीक्षक रीवा गौरव राजपूत एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक रीवा हेमंत सिंह चौहान के निर्देश पर अवैध नशे के कारोबार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शियाज के. एम. एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा के निर्देशन तथा एसडीओपी मोरवा अमित कुमार के मार्गदर्शन में बरगवां थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पटेल ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई की। पुलिस को 4 नवंबर 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बाघाडीह के कजरदह टोला में रमाबाई बसोर अपने घर के पास हेरोइन (ब्राउन शुगर) की बिक्री कर रही है। सूचना पर थाना प्रभारी ने पलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान रमाबाई बसोर (35 वर्ष), पति धर्मेंद्र बसोर, निवासी बाघाडीह, थाना बरगवां के कब्जे से 56 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद की गई। जब्त मादक पदार्थ की कीमत 5 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी महिला के विरुद्ध अपराध क्रमांक 775/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। फिलहाल मामले में विवेचना की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पटेल, उपनिरीक्षक सूरज सिंह, उपनिरीक्षक प्रियंका सिंह बघेल, सहायक उपनिरीक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक शिवराज सिंह तोमर, आरक्षक नंदकिशोर बागरी, अरविंद यादव, महेश पटेल एवं महिला आरक्षक कीर्ति कुशवाहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्नेह में पुलिस की लगातार गश्त, ढाबा और होटल संचालकों को दी हिदायत, शराब पीने-पिलाने पर होगी कार्रवाई

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

रनेह। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रनेह थाना पुलिस लगातार गश्त कर रही है। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों, मुख्य मार्गों, ढाबों एवं होटलों का निरीक्षण किया जा रहा है।

गश्त के दौरान पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ढाबा संचालकों और होटल संचालकों को स्पष्ट रूप से समझाइश दे रहे हैं कि अपने प्रतिष्ठानों पर शराब पीने-पिलाने की अनुमति न दें। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए या नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।



पुलिस द्वारा संचालकों को यह भी निर्देश दिए जा रहे हैं कि अपने प्रतिष्ठानों पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि संचालित न होने दें तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। साथ ही देर रात तक अनावश्यक भीड़ जमा न होने देने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की जा रही है।

रनेह थाना पुलिस की इस सतत गश्त और समझाइश का उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

मोहली में वन्यप्राणी रेस्क्यू कार्यशाला संपन्न, 50 अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण

वन्यप्राणियों के सुरक्षित रेस्क्यू और संरक्षण के तरीकों की दी गई जानकारी, मैदानी अमले को किया गया प्रशिक्षित

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

दमोह/सागर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर के प्रशिक्षण केंद्र मोहली में सामान्य वन मंडल दक्षिण सागर के अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों के लिए वन्यप्राणी रेस्क्यू विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 50 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वन क्षेत्रों एवं ग्रामीण इलाकों में वन्यप्राणियों की मौजूदगी अथवा उनके आबादी क्षेत्र में पहुंचने पर उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए वन अमले को प्रशिक्षित करना था। इस दौरान वन्यप्राणियों के रेस्क्यू के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षा उपायों तथा मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए वन्यजीवों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के महत्व पर जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों को बताया गया कि वन्यप्राणियों के रेस्क्यू के समय



जल्दबाजी या लापरवाही से बचना आवश्यक है। रेस्क्यू की पूरी प्रक्रिया निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में की जानी चाहिए, ताकि वन्यप्राणी के साथ-साथ रेस्क्यू करने वाले कर्मचारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

कार्यशाला में मैदानी कर्मचारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा गया कि वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रशिक्षित अमले की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है और आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर समन्वय के साथ कार्रवाई करने में मदद मिलती है।

मोहली स्थित प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित इस कार्यशाला में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वन्यप्राणी संरक्षण और सुरक्षित रेस्क्यू से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला को वन्यजीव संरक्षण की दिशा में मैदानी अमले को दक्ष बनाने की महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार विकास की महत्वपूर्ण कड़ी : विधायक जयंत मलैया

मनका और चिरई में विकास कार्यों का किया भूमि पूजन, 34 लाख रुपये की लागत से होंगे घाट एवं पुलिया निर्माण

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

दमोह। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। क्षेत्र के विकास, किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने तथा ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और विकास कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराना प्राथमिकता है। यह बात विधायक जयंत मलैया ने ग्राम मनका एवं चिरई में विकास कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान कही। विधायक जयंत मलैया ने ग्राम मनका में 15 लाख रुपये की लागत से होने वाले घाट निर्माण कार्य तथा ग्राम चिरई में 19 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। दोनों निर्माण कार्यों पर कुल 34 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस अवसर पर विधायक श्री मलैया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन, जल संरक्षण और सिंचाई जैसी सुविधाओं का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इन निर्माण कार्यों के पूरा होने से स्थानीय ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिलेगी। घाट निर्माण से ग्रामीणों को संबंधित जल स्रोत तक पहुंचने में सुविधा होगी, वहीं पुलिया निर्माण से आवागमन सुगम होगा और लोगों को आने-जाने में होने



वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का वास्तविक लाभ तभी मिलता है, जब निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि इनका लाभ लंबे समय तक ग्रामीणों को मिल सके। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। ग्रामीणों की मांगों और जरूरतों के अनुरूप सड़क, पुलिया, घाट, सिंचाई सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर ग्रामीण जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाना है।

मनका और चिरई में विकास कार्यों के भूमि पूजन से ग्रामीणों में खुशी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने इन निर्माण कार्यों को क्षेत्र की आवश्यकता बताते हुए इनके पूर्ण होने से मिलने वाली सुविधाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की।

सतधारु सिंचाई परियोजना का शेष कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा करें : विधायक मलैया

96 प्रतिशत काम पूरा, निर्माण एजेंसी को जेसीबी और श्रमिक बढ़ाने के निर्देश, लापरवाही पर होगी ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

दमोह। विधायक जयंत मलैया ने सतधारु सिंचाई परियोजना के शेष निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिए कि परियोजना का शेष कार्य हर हाल में दिसंबर 2026 तक पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों को जल्द सिंचाई सुविधा का लाभ मिल सके।



निरीक्षण के दौरान विधायक ने बताया कि परियोजना का लगभग 96 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन शेष कार्य में अपेक्षित गति नहीं आ रही है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को तत्काल जेसीबी मशीनों और श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर अतिरिक्त टीमें लगाने तथा युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों से अपील की कि वे खेतों में पाइपलाइन बिछाने के शेष कार्य में एजेंसी को सहयोग प्रदान करें।

विधायक श्री मलैया ने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध ब्लैकलिस्ट सहित नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि लगभग 97 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना की सिंचाई क्षमता 7,620 हेक्टेयर है। परियोजना पूर्ण होने पर दमोह तहसील के 39 गांवों के करीब 11 हजार किसानों को पाइपलाइन के माध्यम से सीधे खेतों तक सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। इससे कृषि उत्पादन बढ़ने के साथ किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी। वर्तमान में बांध में सिंचाई एवं पेयजल की आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध है।

डीसी साहिल गुप्ता ने समाधान शिविर में पांच शिकायतों का मौके पर ही किया समाधान

- नागरिकों की समस्याओं का किया जाए स्थायी समाधान : डीसी साहिल गुप्ता

- डीसी ने दिए आदेशः क्रीड द्वारा फैमिली आईडी, आधार कार्ड संबंधित समस्याओं का कैंप लगाकर किया जाए समाधान



दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 05 नवंबर। डीसी साहिल गुप्ता ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनीं। डीसी ने फैमिली आईडी से संबंधित पांच शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया। इसके साथ ही उन्होंने क्रीड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विशेष कैंप आयोजित कर जिला मुख्यालय पर हल होने वाली फैमिली आईडी और आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं का स्थायी समाधान करें ताकि मुख्यालय स्तर पर री-ओपन ना हों। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों की मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी स्वयं समीक्षा करते हैं। वहीं दूसरी ओर डीसी ने नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। नागरिक इन शिविरों में अपनी समस्या रख सकते हैं। डीसी के समक्ष गांव बवानी खेड़ा निवासी पूजा देवी ने बिजली बिल की स्टेटमेंट जारी करवाने, देवीलाल कॉलोनी निवासी सुनील ने अवैध गाय डेयरी बंद करवाने तथा गली में भैंस बांधने पर रोक लगाने और गांव हरियावास निवासी पवन कुमार ने कासनी माइनर पुल की टूटी हुई रेलिंग ठीक करवाने की शिकायत रखी। इसी प्रकार गांव संडवा निवासी संदीप कुमार, गांव दांग खुर्द निवासी राहुल, जागृति कॉलोनी निवासी मामराज, गांव पपोसा निवासी यशु, गांव बलियाली निवासी अंजली, गांव सिवाड़ा निवासी कृष्ण कुमार, गांव साहलेवाला निवासी पूजा कुमारी, गांव मानहेरू निवासी केशव, हनुमान गेट निवासी बिजेंद्र कुमार और मंजू ने फैमिली आईडी में त्रुटियां दुरुस्त करवाने की समस्या रखी।

डीसी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक मामले की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीटीएम अनिल कुमार, डिप्टी सीईओ रविंद्र दलाल, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा गैर सरकारी सदस्य रामकिशन हलवासिया, सुनील वर्मा नंबरदार, अजीत शेखावत और केके ग्रोवर मौजूद रहे।

बीआरसीएम ज्ञानकुंज की एनएसएस इकाई ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया विद्यालय का गौरव

रंगों और रचनात्मकता के संगम से स्वयंसेविकाओं ने दिखाई प्रतिभा, नवाचार एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन



दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

बहल, 05 नवंबर। बीआरसीएम ज्ञानकुंज विद्यालय, बहल की एन एसएस इकाई ने दीपावली के पावन अवसर पर आयोजित रंगोली प्रति योगिता एवं दीया सजावट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है तथा सभी ने विजेता स्वयंसेविकाओं की सराहना की है। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय परिसर में बड़े हर्षोल्लास के साथ एनएसएस कोऑर्डिनेटर जोगिंदर सिंह के कुशल नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में एनएसएस इकाई की सभी स्वयं सेविकाओं ने बड़े उत्साह, उमंग और जोश के साथ भाग लिया। दीपावली जैसे पावन पर्व पर आयोजित इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपनी भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

स्वयंसेविकाओं ने रंगोली में दीपावली के पारंपरिक रंगों, दीपों की रोशनी, शुभ लाभ, मां लक्ष्मी के स्वागत, समृद्धि और खुशहाली के संदेश को बड़े ही सुंदर और आकर्षक ढंग से उकेरा। रंग-बिरंगे फूलों, रंगों और दीपों से सजी रंगोली ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी, रंगों की छटा और उत्सव के माहौल से सजा हुआ नजर आया। इस उपलब्धि में मान्या शर्मा, साक्षी, नैन्सी, अंजलि, प्रियंका, भारती एवं खुशी ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक कौशल और सामूहिक प्रयासों से शानदार प्रदर्शन किया। सभी स्वयंसेविकाओं ने आपसी तालमेल, टीम भावना और नवाचार का परिचय देते हुए एक आकर्षक और मनमोहक रंगोली बनाई। उन्होंने यह साबित कर दिया कि जब प्रतिभा के साथ मेहनत और टीम भावना जुड़ जाती है, तो सफलता अवश्य मिलती है। दीया सजावट प्रतियोगिता में भी स्वयंसेविकाओं ने अपनी कला और कल्पना से सबका मन मोह लिया। रंग-बिरंगे दीयों को सुंदर डिजाइनों में सजाकर उन्होंने अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने रंगोली के जरिए दीपावली के पर्व के महत्व, स्वच्छता, भाईचारा, एकता और सकारात्मक सोच का संदेश भी दिया। उन्होंने यह संदेश दिया कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं है, बल्कि अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने और समाज में खुशियां बांटने का पर्व है। इस अवसर पर विद्यालय की उपप्राचार्या सरस्वती दीक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सभी स्वयंसेविकाओं को हार्दिक बधाई दी तथा उन्हें और उनके परिवारों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रकार की रचनात्मक एवं नवाचारपूर्ण गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, सहयोग, अनुशासन, समय प्रबंधन और सृजनात्मक सोच का विकास करती हैं। पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत आवश्यक हैं।

अंत में उन्होंने एनएस एस को ऑर्डिनेटर जोगिंदर सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा सभी प्रतिभागी स्वयंसेविकाओं के प्रयासों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा, ताकि विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को मंच मिल सके।

ड्राफ्ट मतदाता सूची में नाम नहीं है, तो पूर्व मतदाता भी भरें फॉर्म-6 : डीसी

- पात्र नागरिकों को एसआईआर के दौरान नाम दर्ज करवाने का मिलेगा अवसर

- दावे व आपत्तियां के लिए 20 नवंबर तक करें आवेदन

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 5 नवंबर। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शानुसार एसआईआर-2026 के दौरान यदि किसी पात्र नागरिक का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो उसे परेशान होने या किसी कानूनी कार्रवाई की आशंका रखने की जरूरत नहीं है। पूर्व में मतदाता रह चुके पात्र नागरिक भी फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। दावे व आपत्तियां के लिए 20 नवंबर 2026 तक बूथ पर बीएलओ के पास या ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 3 नवंबर 2026 को जारी स्पष्टीकरण में स्पष्ट किया है कि एसआईआर के दौरान प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में जिन पात्र नागरिकों के नाम शामिल नहीं हैं, उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म-6 भरकर नए सिरे से आवेदन करना होगा। यह व्यवस्था सभी पात्र नागरिकों पर समान रूप से लागू होगी, भले ही वे पहली बार मतदाता बनने के लिए आवेदन कर रहे हों या पहले मतदाता सूची में



उनका नाम दर्ज रहा हो। उन्होंने स्पष्ट किया है कि केवल इस आधार पर कि संबंधित व्यक्ति का नाम पहले मतदाता सूची में दर्ज था, उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि, संबंधित व्यक्ति का नाम किसी अन्य संसदीय या विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में पहले से दर्ज नहीं होना चाहिए तथा उसे कानून के अनुसार पात्रता शर्तें पूरी करनी होंगी। डीसी ने बताया कि जिन पात्र नागरिकों के नाम एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची में भी शामिल नहीं हो पाते हैं, वे अंतिम सूची के प्रकाशन के बाद निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आगामी विशेष अभियान अथवा मतदाता सूची के निरंतर अद्यतन के दौरान फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आयोग द्वारा जारी सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक तक सही जानकारी पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि यदि एस आईआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची में उनका नाम शामिल नहीं है, तो वे किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई की आशंका के बिना निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाएं। किसी भी पात्र नागरिक को जानकारी के अभाव या भ्रम के कारण अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहना चाहिए।

जिला में कुल एक लाख 57 हजार 630 नोटिस जनरेट हुए थे, जिसमें 54-लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 27 हजार 555, 57- भिवानी विधानसभा क्षेत्र में 54 हजार 896, 58-तोशाम विधानसभा क्षेत्र में 35 हजार 797 व 59-बवानीखेड़ा(अ.जा.) में 39 हजार 382 नोटिस जनरेट हुए है। इन सभी नोटिसों का ईसीआई के नियमानुसार निपटारा कर दिया गया है।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत दो माह तक चलेगा विशेष जागरूकता अभियानः डीसी

- डीसी साहिल गुप्ता ने महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए हैं जरूरी निर्देश

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



भिवानी, 05 नवंबर। बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए जिले में 21 अक्टूबर से 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। डीसी साहिल गुप्ता ने 21 अक्टूबर से 21 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान बाल विवाह पर पूर्ण रूप से रोकथाम लगाने व जागरूकता के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विवाह स्थलों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। डीसी साहिल गुप्ता ने महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ बाल संरक्षण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे विवाह समारोह पर नजर रखें। यदि कहीं भी बाल विवाह करवाने की सूचना मिले तो उस पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें। धार्मिक संस्थाओं, विवाह स्थलों, बैंड, डीजे, कैटरर्स और टेंट हाउस संचालकों में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता लाएं। इसके साथ ही शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवा कर बच्चों को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूक करें। डीसी ने कहा है कि बाल विवाह न केवल सामाजिक बुराई है बल्कि कानूनी अपराध भी है। बाल विवाह के बारे में पंचायतों और आमजन को जागरूक होना चाहिए। यदि कहीं पर बाल विवाह करवाने की सूचना मिलती है तो इसके बारे में महिला एवं बाल विकास, बाल संरक्षण इकाई या जिला प्रशासन को सूचित करें। वहीं दूसरी ओर महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए डीसी साहिल गुप्ता के निदेर्शानुसार विभाग द्वारा जिले में अलग-अलग निगरानी टीमों का गठन किया गया है। विभाग द्वारा महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। विवाह समारोह स्थलों पर निगरानी भी की जा रही है।

राशन डिपो का लाइसेंस बनवाने के नाम पर डेढ़ लाख की रिश्वत मांगने वाला AFSO गिरफ्तार

पहले 20 हजार रुपये ले चुका था आरोपी, शेष 30 हजार रुपये लाइसेंस जारी होने के बाद देने की थी बात

भिवानी एसीबी ने एक लाख रुपये लेते अधिकारी को रंगे हाथों दबोचा, मौके से रिश्वत की राशि बरामद

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



भिवानी। हरियाणा में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) भिवानी की टीम ने सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी मुकेश कुमार को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पर राशन डिपो का लाइसेंस जारी करवाने की एवज में कुल डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। एसीबी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप लगाकर यह कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने एसीबी को दी शिकायत में बताया कि भिवानी में तैनात सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी मुकेश कुमार ने सुमन पत्नी कृष्णा के नाम राशन डिपो का लाइसेंस जारी करवाने के बदले डेढ़ लाख रुपये की मांग की थी। सुमन ने इस कार्य के लिए शिकायतकर्ता को अधिकृत किया हुआ था। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी पहले ही 20 हजार रुपये ले चुका था। इसके बाद एक लाख रुपये की राशि लेते समय एसीबी की टीम ने उसे पकड़ लिया। शेष 30 हजार रुपये लाइसेंस का काम पूरा होने के बाद देने की बात तय हुई थी। एक लाख रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

भिवानी विजिलेंस एवं एसीबी इंचार्ज जगजीत सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद एसीबी भिवानी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप लगाया। कार्रवाई के दौरान आरोपी मुकेश कुमार को शिकायतकर्ता से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। टीम ने रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज इस मामले में थाना एसीबी हिसार में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। एसीबी की टीम आरोपी से पूछताछ और मामले की आगामी जांच में जुटी हुई है। रिश्वत मांगने पर इन नंबरों पर करें शिकायत राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रमुख एस. चावला ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाएं। शिकायत के लिए उपलब्ध माध्यमः - टोल फ्री नंबरः 1064 - टोल फ्री नंबरः 1800 -180-2022 - व्हाट्सएप नंबरः 94178-91064 - मोबाइल ऐपः सतर्क हरियाणा शिकायत के साथ फोटो, वीडियो, ऑडियो और संबंधित दस्तावेज भी उपलब्ध करवाए जा सकते हैं।

एससी/एसटी अधिनियम के तहत दर्ज सभी मामलों में पीड़ितों को सरकारी सहायता राशि त्वरित मिलेः एसडीएम

- एसडीएम महेश कुमार ने उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

- सात मामलों की समीक्षा कर चार मामलों को किया निरस्त

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



भिवानी, 05 नवंबर। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एससी/एसटी अधिनियम के तहत दर्ज सभी मामलों में सरकारी सहायता राशि त्वरित दें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिनियम के तहत दर्ज सभी मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। पीड़ित व्यक्तियों को समय पर सहायता राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। बैठक में एसडीएम ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989, 95 व 2016 के तहत दर्ज सात मामलों को दी जाने वाली राहत राशि तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध की प्रकृति के अनुसार पीड़ितों को 85 हजार रुपये से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की सहायता राशि प्रदान करने का प्रावधान है। यह सहायता हत्या, दुष्कर्म, गंभीर चोट, संपत्ति को नुकसान तथा अन्य अत्याचार संबंधी मामलों में नियमानुसार दी जाती है। उन्होंने बताया कि एक मई से 31 जुलाई तक कुल सात केस दर्ज किए गए थे और इन सभी केसों पर विस्तार से चर्चा कर चार केसों को निरस्त किया गया है।

बैठक में एसआई रामहेर, गैर सरकारी सदस्य विजय सिंहमार व रतनपाल के अलावा तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि अधिकारी मौजूद थे।

शिक्षा बोर्ड में दीपावली मेला एवं शहीदों के नाम एक दीप कार्यक्रम का भव्य आयोजन

- बोर्ड अध्यक्ष व सचिव ने दीप प्रज्वलित कर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, दीपावली की खुशियां आपस में साझा कीं।

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



भिवानी, 05 नवंबर, 2026: हरि याणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी परिसर में बोर्ड अध्यक्ष डॉ0 शंकर लाल धूपड़ की अध्यक्षता में दीपावली के शुभ अवसर पर भव्य दीपावली मेला उत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोर्ड अध्यक्ष डॉ0 शंकर लाल धूपड़ ने की तथा बोर्ड सचिव श्री दीपक बाबूलाल करवा, आई.ए.एस. की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवारजन तथा सर्वपल्ली राधा कृष्णन स्कूल के अध्यापक, बच्चे व उनके अभिभावक भारी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए दीपावली का पर्व आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान दीपावली के पारंपरिक महत्व को रेखांकित करते हुए दीप प्रज्वलित किए गए तथा परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल के अध्यापकों, बच्चों व उनके अभि भावकों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभ कामनाएं देते हुए सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना की तथा मेले के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से शहीदों के नाम एक दीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्व लित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस पहल के माध्यम से राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता, देशभक्ति एवं शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को सदैव स्मरण रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ0 शंकर लाल धूपड़ ने अपने संबोधन में कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य तथा निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें इस पावन पर्व पर अपने जीवन में सकारात्मकता, सद्भावना, सेवा एवं परोपकार की भावना को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि देश की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों का योगदान अतुलनीय है। उनके त्याग एवं समर्पण के कारण ही हम सुरक्षित वातावरण में अपने त्योहार मना पा रहे हैं। इसलिए शहीदों के नाम एक दीप प्रज्वलित करना उनके प्रति हमारी सच्ची कृतज्ञता एवं सम्मान का प्रतीक है। बोर्ड सचिव श्री दीपक बाबूलाल करवा, आई.ए.एस. ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन संस्थान में सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित करने के साथ-साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग, समन्वय एवं पारिवारिक भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली का वास्तविक संदेश समाज में प्रेम, भाईचारा, सद्भाव एवं खुशियां बांटना है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि त्योहारों को पारंपरिक उत्साह के साथ मनाते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारियों का भी विशेष ध्यान रखें। इस दीपावली उत्सव मेले में शिक्षा बोर्ड एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से मनोरंजक, मनमोहक व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल के बच्चों द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ कर कार्यक्रम में समा बांध दिया। बोर्ड अध्यक्ष व सचिव द्वारा दीपावली मेले में लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया गया।

मेले में आए लोगों विशेष तौर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार की स्वदेशी स्टालों पर खाद्य पदार्थों का रसास्वादन किया तथा स्टालों से उपयोगी सामग्रियाँ खरीदी। कार्यक्रम के समापन पर बोर्ड अध्यक्ष एवं सचिव ने समस्त बोर्ड के अधिकारी/ कर्मचारी एवं उनके परिवारजन तथा सर्वपल्ली राधा कृष्णन स्कूल के अध्यापक, बच्चे व उनके अभि भावकों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। साथ ही उन्होंने सभी से राष्ट्र निर्माण एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

मिलावटी मिठाइयों के कारोबार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की रहस्यमयी चुप्पी !

समाज जागरण

क्या अधिकारियों की कथित मिली भगत से फल-फूल रहा मिलाव टखोरी का धंधा? जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों को किसका संरक्षण? कालांवाली 5 नवम्बर (सुरेश जोरासिया) मिठाइयों के नाम पर आम जनता की थाली में जहर परोसने का खेल आखिर कब रुकेगा? खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बाजारों में मिलावटी मिठाइयों की बिक्री को लेकर लगातार आशंकाएं जताई जा रही हैं, लेकिन विभाग की सक्रियता और ठोस कार्रवाई को लेकर सवाल उठना लाजिमी है। हैरानी की बात है कि जिस विभाग की जिम्मेदारी लोगों को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना है, उसी विभाग की कथित निष्क्रियता पर अब सवाल उठने लगे हैं। क्या खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को बाजारों में बिक रही मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच करने की फुर्सत नहीं है? क्या केवल कागजी कार्रवाई और औपचारिक निरीक्षण से ही विभाग अपनी जिम्मेदारी पूरी मान रहा है? यदि मिठाइयों में मिलावट की शिकायतें सामने आ रही हैं तो अब तक व्यापक स्तर पर छापेमारी, सैंपलिंग और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं दिखाई दे रही? कहीं ऐसा तो नहीं कि जिम्मेदार अधिकारियों की कथित लापरवाही या मिलीभगत के कारण मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं? जनता पूछ रही है तीखे सवाल मिलावटी मिठाइयों की नियमित जांच क्यों नहीं हो रही? संदिग्ध दुकानों पर औचक निरीक्षण क्यों नहीं किए जा रहे? खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर उनकी रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जाती? यदि विभाग कार्रवाई कर रहा है तो उसका परिणाम जनता के सामने क्यों नहीं है? लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई कब होगी? अब चुप्पी नहीं, जवाबदेही चाहिए! खाद्य सुरक्षा विभाग को चाहिए कि वह तत्काल बाजारों में विशेष जांच अभियान चलाए, मिठाइयों के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में जांच करवाए और मिलावट साबित होने पर दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई करे। आखिर आम जनता की सेहत की जिम्मेदारी किसकी है? विभाग की चुप्पी पर उठ रहे सवालों का जवाब कौन देगा? यदि जिम्मेदार अधिकारी अपनी ड्यूटी निभाने में विफल हैं तो उनकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। अब देखना यह है कि खाद्य सुरक्षा विभाग नींद से जागकर कार्रवाई करता है या फिर मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई के दावे केवल कागजों तक ही सीमित रहेंगे।

अब पढ़ाई नहीं लगेगी बोझ, खेल-खेल में सीखेंगे नौनिहाल

जीएमएसएसएस सिवानी में छह दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का तीसरा चरण संपन्न, अध्यापकों को सिखाए गए रोचक शिक्षण के तरीके

बीईओ हीरालाल सांगवान ने अध्यापकों को बांटे प्रशस्ति पत्र, बालवाटिका से तीसरी कक्षा तक बुनियादी शिक्षा मजबूत बनाने पर दिया जोर

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

सिवानी मंडी। नन्हे बच्चों के लिए पढ़ाई को रोचक, सरल और आनंद दायक बनाने की दिशा में जीएमएसएसएस सिवानी में आयोजित छह दिवसीय एफएलएन (बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान) प्रशिक्षण शिविर का तीसरा चरण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान अध्यापकों को ऐसे प्रभावी शिक्षण तरीके सिखाए गए, जिनके माध्यम से बालवाटिका से तीसरी कक्षा तक के बच्चे खेल-खेल में पढ़ना, लिखना और गिनती करना सीख सकेंगे। शिविर में गतिविधि आधारित शिक्षण, मनोरंजक खेलों और सरल उदाहरणों के माध्यम से बच्चों की सीखने की क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। अध्यापकों को बताया गया कि प्रत्येक बच्चे की रुचि और सीखने की गति को ध्यान में रखते हुए शिक्षण प्रक्रिया अपनाई जाए, ताकि कक्षा का वातावरण तनावमुक्त रहे और बच्चे उत्साह के साथ पढ़ाई में भागीदारी करें।

बीईओ ने अध्यापकों को किया सम्मानित नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य सुरेश कुमार श्योराण के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण के समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी हीरालाल सांगवान ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई तकनीकों को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत हो सके और सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावशाली बने। प्रशिक्षण संचालन में इनका रहा सहयोग छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के सफल संचालन में संदीप कुमार, मनीषा, पंकज श्योराण, राकेश और बलराम सेविलिया ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

प्रशिक्षण के माध्यम से अध्यापकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास और बुनियादी शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए नए तरीके अपनाने की प्रेरणा मिली।

जनगणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु रैली आयोजित

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। जनगणना के महत्व एवं इसके प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम वाराणसी द्वारा अपर नगर आयुक्त बरखा सिंह के नेतृत्व में आज मच्छोदरी स्मार्ट स्कूल में जनगणना जागरूकता रैली एवं रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से जनगणना के महत्व, इसकी उपयोगिता तथा इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।



विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए जनगणना के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। वहीं, रंगोली के माध्यम से जनगणना के महत्व को आकर्षक एवं रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि जनगणना देश के विकास की योजनाओं के निर्माण, जनसंख्या संबंधी आंकड़ों के संकलन तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जनगणना में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता एवं सही जानकारी उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है।

नगर निगम वाराणसी द्वारा जनगणना के प्रति व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। मच्छोदरी स्मार्ट स्कूल में आयोजित यह कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम में जोनल अधिकारी पवन गुप्ता, प्रधानाध्यापिका रीता यादव, स्कूल के बच्चे एवं अध्यापकगण उपस्थित थे।

आज से कोटे की दुकानों पर शुरू होगा निःशुल्क गेहूं-चावल का वितरण

30 नवंबर तक चलेगा वितरण, अंत्योदय कार्डधारकों को 35 किलो और पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों को प्रति यूनिट पांच किलो मिलेगा खाद्यान्न।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर नवंबर माह के राशन का निश्शुल्क वितरण शुक्रवार छह नवंबर से शुरू होगा। खाद्यान्न वितरण 30 नवंबर तक चलेगा। इसके लिए जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय की ओर से सभी राशन विक्रेताओं को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण बल्लभ सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को नवंबर माह का गेहूं और चावल निश्शुल्क वितरित किया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 10 किलो गेहूं और 25 किलो चावल, कुल 35 किलो खाद्यान्न मिलेगा। वहीं, पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट एक किलो गेहूं और चार किलो चावल यानी कुल पांच किलो खाद्यान्न दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राशन वितरण सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक किया जाएगा। सभी कार्डधारक निर्धारित समय के भीतर अपनी उचित दर की दुकान से राशन प्राप्त कर लें। जिन कार्डधारकों का किसी कारणवश ई-पॉस मशीन पर अंगूठा या फिंगरप्रिंट नहीं लग पाएगा, उन्हें वितरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर को मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से भी निश्शुल्क खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

सफाईकर्मचारियों को दीपावली पर मिलेगा पुरस्कार

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। दीपावली के पावन पर्व पर नगर निगम ने अपने कर्मचारियों को एक ऐतिहासिक सौगात देने का निर्णय लिया है। इस बार निगम दिवाली के अवसर पर अपने सभी कर्मचारियों का मुंह मीठा कराएगा। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने घोषणा की है कि नगर निगम एवं जलकल के करीब 10,000 कर्मचारियों को दीपावली पर विशेष रूप से मिठाई दी जाएगी। निगम के इतिहास में यह पहली बार है जब इतने बड़े पैमाने पर, विशेषकर सफाईकर्मियों को सीधे तौर पर इस तरह के सम्मान और उपहार से नवाजा जा रहा है।

इस पूरी पहल का सबसे मुख्य और सराहनीय पहलू हमारे सफाई मित्र हैं। कुल 10 हजार लाभार्थियों में लगभग 8,500 सफाईकर्मी शामिल हैं। दिन-रात शहर की स्वच्छता में जुटे रहने वाले इन फ्रंटलाइन कर्मचारियों के लिए यह निर्णय किसी बड़े प्रोत्साहन से कम नहीं है। महापौर ने विशेष रूप से सफाईकर्मियों के अथक परिश्रम को रेखांकित करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में उनका योगदान अतुलनीय है। हाल ही में बीते नवरात्रि, दशहरा और दुगार्पूजा जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान नगर निगम का प्रबंधन और सफाई व्यवस्था बेहद उत्कृष्ट रही। लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं और नागरिकों के बीच शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना एक बड़ी चुनौती थी, जिसे सफाईकर्मियों और निगम की पूरी टीम ने निष्ठापूर्वक पूरा किया। महापौर की इस संवेदनशील और कर्मचारी-हितैषी पहल की चारों तरफ जमकर सराहना हो रही है। उनके इस कदम से न केवल सफाई कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है, बल्कि निगम के पूरे तंत्र में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है।

मर गया सिपाही लेकिन रैली की धुन में कानपुर के नेताओं ने नहीं दिया एंबुलेंस को रास्ता

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर। रैली में हुई भीड़ के मद में चूर कानपुर के नेताओं की लापरवाही ने एक सिपाही की असमय जान ले ली। डंपर की टक्कर से घायल सिपाही को इलाज के लिए परिजन एंबुलेंस से अस्पताल लिए जा रहे थे। तभी एम्बुलेंस रैली की भीड़ में फंस गई सिपाही का पिता लगातार चिल्लाता रहा लेकिन रैली में शामिल किसी भी नेता ने उसकी नहीं सुनी, जिसके फल स्वरुप अस्पताल पहुंचने के पहले ही सिपाही की मौत हो गई। मामला भाजपा की लोकतंत्र बचाओ रैली से जुड़ा हुआ है।

प्राप्त विवरण के मुताबिक फतेहपुर में डंपर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल अंबेडकरनगर में तैनात सिपाही प्रांशु सचान को एंबुलेंस से हैलट अस्पताल लाया जा रहा था। इसी दौरान टाटमिल चौराहे पर एंबुलेंस करीब डेढ़ से दो घंटे तक जाम में फंसी रही। बेबस पिता रास्ते में लोगों और पुलिस के सामने हाथ जोड़कर बेटे की जान बख्शने की गुहार लगाते रहे, लेकिन हैलट पहुंचने से पहले ही गंभीर रूप से घायल इकलौते सिपाही बेटे ने एंबुलेंस में ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया।

पिता के मुताबिक डॉक्टरों ने कहा, सॉरी दादा, आप लाने में देर कर चुके हैं। यह सुनकर पिता बदहवास होकर जमीन पर गिर पड़े। फिलहाल आज गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव मोतीपुर गांव ले जाया गया, जहां पुलिस विभाग की ओर से अंतिम सलामी दी जाएगी और इसके बाद अंतिम संस्कार होगा। दुखद यह भी है कि रैली में शामिल कोई भी नेता सिपाही के परिजनों को सांत्वना देने के लिए भी नहीं पहुंचा। वैसे चर्चा का विषय बनी यह घटना यहां की पहली नहीं है। इसके पहले भी इसी तरह से जाम में फंसकर और भी कई लोग अपनी जान गवा चुके हैं।

अवादा फाउंडेशन द्वारा दीपावली बाल मेला का आयोजन

समाज जागरण रंजीत तिवारी





वाराणसी। अवादा फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने, रचनात्मकता विकसित करने एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 04 नवंबर को अवादा कम्युनिटी डेवलपमेंट सेंटर, चिचलिक में दीपावली बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले में चिचलिक, खोड़ैला एवं पनौरा गांवों के लगभग 370झ380 बच्चों, महिलाओं, पुरुषों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, विज्ञान मॉडल प्रदर्शन एवं खान-पान के स्टॉलों ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय हाई स्कूल, चिचलिक के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अवादा फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण शिक्षा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अवादा फाउंडेशन की निदेशक श्रीमती ऋतु पटवारी ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास शिक्षा के साथ खेलकूद, नवाचार एवं रचनात्मक गतिविधियों से संभव है। फाउंडेशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को ऐसे अवसर उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी प्रतिभा पहचान सकें, आत्मविश्वास विकसित कर सकें और उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ सकें।

बाल मेले में बॉल थ्रोइंग, बैलून रेस, बॉल-इन-द-पॉट सहित विभिन्न रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने भी खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं एवं प्रतिभागियों को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया गया। बच्चों की मुस्कान, उत्साह और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया।

मेले का विशेष आकर्षण सीडीसी चिचलिक की कक्षा 9 की छात्रा साहिबा द्वारा तैयार इसरो रॉकेट का विज्ञान मॉडल रहा। छात्रा की वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं रचनात्मक प्रतिभा की प्रधानाचार्य, शिक्षकों और ग्रामीणों ने सराहना की। इस प्रदर्शन ने अन्य बच्चों को भी विज्ञान एवं नवाचार के प्रति प्रेरित किया।

मेले में बच्चों के लिए गोलगप्पे, जलेबी, समोसे एवं मूंगफली सहित विभिन्न खान-पान के स्टॉल लगाए गए। बच्चों को वितरित फूड टोकन के माध्यम से उन्होंने अपनी पसंद के व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर बच्चों के साथ ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषों की सहभागिता ने आयोजन को एक सामुदायिक उत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र दुबे ने अवादा कम्युनिटी डेवलपमेंट सेंटर में संचालित निःशुल्क कोचिंग एवं कंप्यूटर कक्षाओं का अवलोकन किया तथा ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं डिजिटल साक्षरता से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय श्री महेश कुमार माथुर, मैनेजर, अवादा फाउंडेशन द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में फाउंडेशन की टीम से सुश्री दीपशिखा श्रीवास्तव (प्रोग्राम ऑफिसर), शीलू द्विवेदी, प्रियंका चतुवेर्दी, प्रवीण मिश्रा, धीरेन्द्र कुमार एवं अमित कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम के सदस्यों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं मनोरंजक गतिविधियों का संचालन कर बच्चों और ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

अवादा फाउंडेशन का यह आयोजन बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ सीखने, अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने एवं आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर बना। साथ ही इस पहल ने ग्रामीण समुदाय, विद्यालय एवं फाउंडेशन के बीच आपसी जुड़ाव को और मजबूत किया।

आधुनिक रोबोट से दूर होगी सीवर लाइनों की सफाई

समाज जागरण रंजीत तिवारी



वाराणसी। शहर की सीवर लीकेज, चोक और गंदे पानी की समस्याओं से निपटने के लिए नगर निगम अब रोबोटिक तकनीक सहयोग ले रहा है। इसके तहत सीवर लाइनों की अड़चनें दूर करने के लिए रोबोट और कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

इसके लिए गत दिनों सोलिनास इंटीग्रिटी प्राइवेट लिमिटेड के मध्य अनुबंध भी हो चुका है । चेन्नई की इस कंपनी के साथ हुए इस समझौते का मुख्य उद्देश्य सीवर लाइनों की देखरेख और स्वच्छता व्यवस्था को तकनीकी रूप से उन्नत करना है। इस पूरी परियोजना के लिए कोका-कोला कंपनी सीएसआर के तहत फंडिंग कर रही है। इसका जमीनी कार्य और फील्ड फोटोग्राफी सत्र भी गुरुवार से शुरू कर दिया गया।

समारोह में महापौर अशोक कुमार तिवारी, उपसभापति नरसिंह दास, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, महाप्रबंधक जलकल अनूप सिंह सहित अन्य लोगों ने अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस आधुनिक परियोजना के तहत कंपनी के पास पाइपलाइन निरीक्षण के लिए विशेष रोबोट और अत्याधुनिक कैमरे उपलब्ध हैं। इसके जरिए शहर में कहीं भी ब्लॉककेज, लीकेज या गंदे पानी की समस्या आने पर तुरंत सटीक जांच की जाती है। जल समस्याओं की शिकायत मिलने पर जेई के निर्देश पर पूरी टीम वहां पिट और गड्ढा तैयार कर छोटा पाइप डालकर कैमरे व रोबोट इंसर्ट करती है। इससे पाइप के अंदर की वास्तविक स्थिति, जैसे- जंग लगना, ब्लॉकेज या जाम होना, साफ पता चल जाता है। इस प्रक्रिया में दो प्रमुख तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। एक स्पेशल एंडोकैम के माध्यम से 50 मिमी से 125 मिमी व्यास तक के पाइपों का निरीक्षण किया जाता है। एंडो-90 रोबोट यह उन्नत रोबोट 125 मिमी से लेकर 400 मिमी तक के बड़े पाइपों की जांच करने में सक्षम है, जिससे सटीक लोकेशन मिल जाती है कि किस मीटर पर खुदाई करके ब्लॉकेज ठीक करना है।

महापौर श्री अशोक कुमार तिवारी ने इस पहल पर जोर देते हुए कहा कि शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग समय की मांग है। इस तकनीकी सहयोग से न केवल सड़कों की अनावश्यक खुदाई बचेगी, बल्कि शहरवासियों को सीवर समस्याओं से त्वरित राहत भी मिलेगी। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी देवांशु कुमार, मोइनाज बनर्जी उपस्थित थे।

कार्यकताओं के कड़ी मेहनत से मजबूत होगा संगठन

समाज जागरण रंजीत तिवारी



वाराणसी। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल जी के निदेर्शानुसार हर घर झंडा एवं नेम प्लेट अभियान के तहत आज रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के सराय डंगरी, टिकरी व केशरीपुर में सेक्टर अध्यक्ष सूरज पटेल , किशन निषाद व प्रवीण सिंह के आवास पर पार्टी का झंडा एवं नेम प्लेट लगाया गया। इस अवसर पर रोहनिया के विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अपना दल (एस) डॉ. सुनील पटेल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन में पहचान देना तथा जन-जन तक पार्टी की विचारधारा को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) सामाजिक न्याय, वंचितों के अधिकारों की रक्षा, व्यवस्था परिवर्तन तथा शोषित, पिछड़े, मजदूर और किसान वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर संघर्षरत है।

विधायक ने स्व डॉ. सोनेलाल पटेल के विचारों एवं संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराते हुए अनुप्रिया पटेल जी के नेतृत्व को मजबूत करने की अपील की।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष युवा मंच मानस सिंह , जोन अध्यक्ष झआदर्श पटेल, राजबली पटेल, जय हिन्द पटेल, निश्चल पटेल, दीपक पटेल , श्यामबली , विनोद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दीपावली से पहले योगी सरकार का कर्मचारियों को बड़ा तोहफा, 30 दिन के बोनस को मिली मंजूरी

समाज जागरण

लखनऊ, 5 नवंबर। दीपावली से पहले योगी सरकार ने राज्य कर्मचारियों को बड़ा उपहार दिया है। प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 30 दिन का तदर्थ बोनस देने का निर्णय लिया है। वित्त विभाग ने गुरुवार को इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया। इसके तहत पात्र अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों को अधिकतम 6,908 रुपये का बोनस मिलेगा। सरकार ने राज्य कर्मचारियों के साथ सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों, राजकीय विभागों के कार्यभारित कर्मचारियों और निर्धारित शर्तें पूरी करने वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी बोनस के दायरे में रखा है।

वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 तक के कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

शासनादेश के अनुसार, तदर्थ बोनस का लाभ उन पूर्णकालिक अराजपत्रित कर्मचारियों को मिलेगा, जिनके धारित पद का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 अर्थात 47,600 से 1,51,100 रुपये तक है। अपुनरीक्षित वेतनमान में 4,800 रुपये ग्रेड पे तक के पदों पर कार्यरत कर्मचारी भी इसके पात्र होंगे। विशेष बात यह है कि वित्तीय स्तरोन्नयन के कारण किसी कर्मचारी को उच्च वेतन मैट्रिक्स लेवल मिल गया है, तब भी उसके मूल धारित पद की पात्रता के आधार पर बोनस दिया जाएगा।

अधिकतम 6,908 रुपये बोनस, 7,000 रुपये की सीमा पर होगी गणना

योगी सरकार ने बोनस की गणना के लिए अधिकतम मासिक परिलब्धियों की सीमा 7,000 रुपये निर्धारित की है। शासनादेश के मुताबिक 31 मार्च 2026 को ग्राह्य परिलब्धियों के आधार पर 30 दिन के बोनस की गणना होगी। इसके लिए एक महीने में औसतन 30.4 दिन माने जाएंगे। इस प्रकार 7,000 रुपये को आधार मानने पर 30 दिन का बोनस 6,907.89 रुपये बनता है, जिसे पूर्णांकित करके 6,908 रुपये दिया जाएगा। जिन कर्मचारियों की ग्राह्य मासिक परिलब्धियां निर्धारित सीमा से कम हैं, उनका बोनस वास्तविक परिलब्धियों के आधार पर तय होगा।

31 मार्च तक एक वर्ष की निरंतर सेवा जरूरी

बोनस के लिए सरकार ने सेवा अवधि की शर्त भी निर्धारित की है। सामान्य पात्र कर्मचारियों को इसका लाभ तभी मिलेगा, जब उन्होंने 31 मार्च 2026 तक एक वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली हो। इस व्यवस्था के तहत निर्धारित वेतन स्तर और अन्य पात्रता शर्तें पूरी करने वाले कर्मचारियों को ही वित्तीय वर्ष 2025-26 का बोनस दिया जाएगा।

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को अधिकतम 1,184 रुपये बोनस

योगी सरकार ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए भी बोनस की व्यवस्था की है। छह कार्यदिवसीय सप्ताह वाले कार्यालयों में लगातार तीन वर्ष या उससे अधिक समय तक कार्य करने वाले और प्रत्येक वर्ष कम से कम 240 दिन की सेवा देने वाले कर्मचारी इसके पात्र होंगे। पांच कार्यदिवसीय सप्ताह वाले कार्यालयों में प्रत्येक वर्ष कम से कम 206 दिन कार्य करने की शर्त रखी गई है। ऐसे कर्मचारियों के लिए अधिकतम मासिक परिलब्धि 1,200 रुपये मानकर बोनस की गणना की जाएगी, जिससे अधिकतम 1,184 रुपये मिलेंगे। वास्तविक मासिक परिलब्धियां कम होने पर बोनस भी उसी अनुपात में निर्धारित होगा।

दैनिक वेतनभोगी से नियमित बने कर्मचारियों को भी राहत

शासनादेश में ऐसे कर्मचारियों के लिए भी प्रावधान किया गया है, जो पहले दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्यरत थे और बाद में पूर्णकालिक कर्मचारी बने। यदि उन्होंने 31 मार्च 2026 तक नियमित पूर्णकालिक सेवा का एक वर्ष पूरा नहीं किया है, लेकिन दैनिक वेतनभोगी और पूर्णकालिक सेवा की संयुक्त अवधि तीन वर्ष या उससे अधिक है तथा निर्धारित वार्षिक कार्यदिवसों की शर्त पूरी होती है, तो उन्हें भी बोनस का लाभ मिल सकेगा।

ईंट भट्ठों पर गूंज रही शिक्षा की अलख, आशा ट्रस्ट ने शुरू किए 11 शिक्षण केंद्र

समाज जागरण अनिल कुमार



हरहुआ वाराणसी प्रवासी श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट ने इस वर्ष भी ईंट भट्ठों पर आशा सामाजिक शिक्षण केंद्रों का संचालन शुरू कर दिया है। वाराणसी जनपद के चोलापुर और आराजीलाइन विकासखंड क्षेत्रों में कुल 11 ईंट भट्ठों पर ये केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से करीब 300 बच्चे शिक्षा और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का लाभ उठा रहे हैं।

दरअसल, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिक परिवार सहित ईंट भट्ठों पर काम करने आते हैं। इन परिवारों के बच्चे साल का अधिकांश समय भट्ठों पर ही बिताते हैं। लगातार स्थान परिवर्तन और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उनकी नियमित स्कूली शिक्षा प्रभावित होती है। ऐसे बच्चों का भविष्य संवारने और उन्हें शिक्षा से जोड़े रखने के लिए आशा ट्रस्ट की ओर से अस्थायी अनौपचारिक शिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इस पहल में ईंट भट्ठा संचालकों का भी सहयोग मिल रहा है।

आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने बताया कि बिहार और झारखंड में दीपावली एवं छठ पर्व के बाद प्रवासी श्रमिकों का भट्ठों पर पहुंचना शुरू हो जाता है। इसके साथ ही संस्था के कार्यकर्ता श्रमिक परिवारों के बच्चों का सर्वेक्षण कर उन्हें आसपास के सरकारी विद्यालयों में नामांकित कराने का प्रयास करते हैं। विद्यालय की अवधि समाप्त होने के बाद बच्चों को आशा सामाजिक शिक्षण केंद्रों पर पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ा जाता है।

उन्होंने बताया कि केंद्रों पर आने वाले सभी बच्चों को संस्था की ओर से गर्म कपड़े, किताबें, कॉपियां और स्लेट उपलब्ध कराई जाती हैं, ताकि संसाधनों के अभाव में उनकी पढ़ाई बाधित न हो। मानसून शुरू होने पर प्रवासी श्रमिकों की अपने गृह प्रदेशों में वापसी होने लगती है। इसके साथ ही इन शिक्षण केंद्रों का संचालन भी लगभग चार महीने के लिए स्थगित कर दिया जाता है। केंद्रों के संचालन में दीन दयाल सिंह, प्रदीप सिंह, अमित कुमार, रमेश प्रसाद, अनीता देवी, आंचल कुमारी, विद्या देवी, अरुण कुमार, नीलम प्रधान, रचना, शशिकला, लालमणि, अमृता, सुनीता और सौरभ चन्द्र सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

अज्ञात वाहन की टक्कर में युवक की मौत क्षेत्र में शोक की लहर

राजगढ़ मीरजापुर/राजगढ़ थाना क्षेत्र के ददरा हिनौता हनुमान मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दो लोग घायल

समाज जागरण

मीरजापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के हिनौता हनुमान मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल एक युवक को वाराणसी ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, मृतक के परिजनों ने इसे महज एक हादसा मानने से इनकार किया है।



मृतक की पहचान हिनौता गांव निवासी अजय कुमार सिंह (35 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय दिनेश सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार की शाम लगभग आठ बजे अजय अपने दो साथियों के साथ हिनौता मंदिर के पास पैदल जा रहे थे। तभी पीछे से आई एक तेज रफ्तार चार पहिया गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अजय और उनके दोनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोग तुरंत घायलों को लेकर राजगढ़ अस्पताल पहुंचे, जहाँ डॉक्टरों ने अजय की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए बीएचयू ट्रॉमा सेंटर, वाराणसी रेफर कर दिया। हालांकि, वहाँ इलाज के दौरान अजय की मौत हो गई।

मामले की जानकारी देते हुए राजगढ़ थाना अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस को परिजनों की ओर से कोई लिखित प्रार्थना पत्र नहीं मिला है। शिकायत या तहरीर मिलते ही मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

20 साल से राम नाम लिख रही कलम, अब फिर भाजपा की सरकार के लिए अरदास

- संत तुलसीदास घाट पर रहकर 60 वर्षीय रामभक्त विनोद मिश्रा अनवरत लिख रहे राम नाम
- विनोद मिश्रा का कहना है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से राम की नगरी का अभूतपूर्व विकास हुआ
- राम मंदिर निर्माण की कामना से शुरू हुई साधना, आंखों के सामने साकार हुआ भव्य मंदिर
- राम नाम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम भी लिख रहे

अयोध्या, 5 नवंबर। एक कलम, कागज पर उतरते राम नाम के अनगिनत अक्षर और मन में अटूट आस्था। संत तुलसीदास घाट पर बैठे 60 वर्षीय रामभक्त विनोद मिश्रा की साधना पिछले 20 वर्षों से अनवरत जारी है। बलिया के रहने वाले विनोद मिश्रा ने कभी भव्य राम मंदिर निर्माण की कामना लेकर राम नाम लिखना शुरू किया था। समय बदला, अयोध्या बदली और उनकी आंखों के सामने राम मंदिर का सपना साकार हो गया। लेकिन उनकी कलम आज भी नहीं रुकी है। अब राम नाम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिखते हुए वह भगवान श्रीराम से प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने की प्रार्थना कर रहे हैं ताकि डबल इंजन सरकार भगवान राम की नगरी का निरंतर विकास करती रहे। उनके लिए राम नाम केवल भक्ति नहीं, बल्कि संकल्प से सिद्धि तक की यात्रा है।

राम मंदिर की कामना से शुरू हुई 20 वर्षों की साधना

विनोद मिश्रा की राम नाम लेखन यात्रा उस दौर में शुरू हुई, जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण रामभक्तों की सबसे बड़ी आकांक्षा था। उन्होंने राम नाम लिखते हुए भगवान श्रीराम से मंदिर निर्माण की प्रार्थना की। दो दशक तक चली इस साधना के बीच राम मंदिर का निर्माण हुआ और रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए। जिस मंदिर के निर्माण की कामना लेकर उन्होंने कलम उठाई थी, उसे अपनी आंखों के सामने साकार होते देखना उनके लिए भावुक करने वाला अनुभव है। राम मंदिर निर्माण के बाद भी उनकी साधना जारी है। उनके लिए राम नाम लिखना जीवन का हिस्सा बन चुका है।

राम नाम के साथ भाजपा की विजय की कामना

आज रामभक्त विनोद मिश्रा की कलम राम नाम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम भी लिख रही है। उनकी वर्तमान साधना में एक विशेष कामना जुड़ी है। वह भगवान श्रीराम से प्रार्थना कर रहे हैं कि वर्ष 2027 में फिर उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बने। विनोद मिश्रा का कहना है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से अयोध्या का अभूतपूर्व विकास हुआ है। आज देश के कोने-कोने से श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। अयोध्या को मिली नई पहचान और यहां हुए विकास कार्यों को वह योगी सरकार की अद्भुत देन मानते हैं।

पांच प्रांतों की आस्था का केंद्र है बेचूबीर बाबा का तीन दिवसीय मेला

समाज जागरण/ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र/मिजार्पुर। मिजार्पुर जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र स्थित जंगल महाल गांव में जरगो नदी के तट पर लगने वाला बेचूबीर बाबा का तीन दिवसीय मेला पांच प्रांतों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इस वर्ष मेला 18 से 20 नवंबर तक आयोजित होगा। यहां उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार समेत देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मान्यता है कि बेचूबीर बाबा की चौरी का स्पर्श करने से प्रेत-बाधा से मुक्ति मिलती है और



निःसंतान महिलाओं की मनोकामना पूरी होती है। श्रद्धालु जरगो नदी में स्नान कर बाबा की पूजा-अर्चना करते हैं। किवदंती के अनुसार, लगभग ढाई-तीन सौ वर्ष पूर्व भगवान शिव के उपासक बेचूबीर तीन दिन तक बाघ से संघर्ष करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार पुत्र रघुराई ने उन्हें समाधि दी, जो आज चौरी के नाम से प्रसिद्ध है। मुख्य पूजा दशमी की रात और एकादशी की सुबह संपन्न होती है। मेला व्यवस्थापक रोशनलाल यादव एडवोकेट ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस ऐतिहासिक मेले को पर्यटन मानचित्र में स्थान दिया जाए। उन्होंने मेले में सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की भी अपील की है।

नर सेवा नारायण सेवा के तीन वर्ष पूर्ण, भक्ति, सेवा और सम्मान के संग आयोजित हुआ भव्य आयोजन

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

चोपन/ सोनभद्र। नर सेवा नारायण सेवा के तत्वावधान में संचालित निःशुल्क खिचड़ी वितरण सेवा के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कैलाश मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधि-विधान एवं भक्तिमय वातावरण के बीच 151 हनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया। इसके पश्चात अगले दिन नर सेवा नारायण सेवा कार्यालय के समीप विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, नगरवासियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान हनुमान जी के पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से 151 हनुमान चालीसा का पाठ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा द्वारा पिछले तीन वर्षों से प्रत्येक शनिवार को जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय और पुनीत कार्य है। भूखे को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य है। ऐसे सेवा कार्य समाज में आपसी सहयोग, भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने संस्था से जुड़े सभी लोगों को इस पुनीत कार्य के तीन वर्ष पूर्ण होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा मिश्रा ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा का यह तीन वर्षों का सफर समाज के प्रति समर्पण और सेवाभाव का उत्कृष्ट उदाहरण है। बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। इस





प्रकार के आयोजन समाज के अन्य लोगों को भी सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। पूर्व ग्राम प्रधान लवकुश भारती ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा द्वारा लगातार तीन वर्षों से प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी वितरण करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस कार्य में लगे सभी सेवाभावी लोगों का समर्पण प्रशंसनीय है। समाज के सक्षम लोगों को भी ऐसे पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को निरंतर सहायता मिलती रहे।कार्यक्रम में विशेष रूप से उत्तम दिव्यांग सेवा संस्थान से आए दिव्यांगजनों को भी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके प्रति सम्मान एवं आत्मीयता व्यक्त करते हुए समाज में समानता, सहयोग और सेवा भावना का संदेश दिया गया। दिव्यांगजनों को सम्मानित करने की इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की। उल्लेखनीय है कि नर सेवा नारायण सेवा द्वारा विगत तीन वर्षों से प्रत्येक शनिवार को जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों के लिए निःशुल्क खिचड़ी वितरण सेवा संचालित की जा रही है। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाना और समाज में मानव सेवा की भावना को मजबूत करना है। आयोजकों ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा केवल एक संस्था या कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता के प्रति समर्पण का संकल्प है। तीन वर्षों की यह सेवा यात्रा समाज के सहयोग और लोगों के विश्वास का परिणाम है। भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखते हुए अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

इस मौके पर क्षेत्र प्रचारिका शशि दीदी, माया पाण्डेय काशी प्रान्त कार्यवाहिका, प्रियंका दीदी शारिरिक प्रमुख, गीतांजलि चौबे विभाग कार्यवाहिका सोनभद्र, दयाशंकर सिंह, कमल किशोर सिंह रजनीकांत सिंह, डा सत्येन्द्र आर्य, डा बृजेश सिंह, एडवोकेट दिनेश पाण्डेय, धर्मेन्द्र जायसवाल, एडवोकेट संजीत चौबे, मोना दास, राजन जायसवाल, राजेश अग्रहरि, सुनील तिवारी, दिव्य विकास सिंह, विकास चौबे इत्यादि लोग मौजूद रहे।

"धन का नहीं आरोग्य का दिन है धनतेरस"- राम अनुज धर द्विवेदी

अच्छे स्वास्थ्य से
बड़ा कोई धन नहीं है,

समाज जागरण/ डॉ अरुण पांडेय "गुरुजी"

घोरावल/ सोनभद्र। सिद्धेश्वर महादेव सेवा संस्थान महुआंव पाण्डेय के संस्थापक व्यवस्थापक राम अनुज धर द्विवेदी ने कहा कि धन त्रयोदशी (धन तेरस) धन का दिन नहीं है। बल्कि धन्वंतरि त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयंती का दिन है। इस दिन भगवान धन्वंतरि जी समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे। इस दिन धन-संपत्ति से कही तात्पर्य नहीं है।पुराणों के अनुसार जब समुद्र मंथन में देवों और असुरों ने



समुद्र मंथन कर अमृत-घट के साथ महान चिकित्सक भगवान श्री धन्वंतरि को प्रकट किया था। प्राकृतिक चिकित्सा-विज्ञान में पारंगत धन्वंतरि को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का आदिपुरुष कहा जाता है। देवों ने उन्हें अपना चिकित्सक बनाया। धन्वंतरि जी भगवान विष्णु के अवतार हैं । हजारों वर्षों से लोगों का यह विश्वास रहा है कि इस दिन संध्या समय भगवान धन्वंतरि का पूजन कर यमराज जी को दीपदान करने से विभिन्न प्रकार के रोगों से तथा अकाल मृत्यु से सुरक्षा मिलती है। आयुर्वेद के आदिपुरुष भगवान धन्वंतरि को याद कर अपने आरोग्य की प्राप्ति के लिए पूजन-अर्चन करिये तथा स्वास्थ्य रूपी धन को एकत्र करिये और आयुर्वेद औषधियों की रक्षा करें।अच्छे स्वास्थ्य से बड़ा इस दुनिया में और कोई धन नहीं है।

मानस भवन और रामलीला प्रांगण , आम जनता को नि : शुल्क उपलब्ध कराने की उठी मांग

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

ओबरा/ सोनभद्र। श्रीरामचरितमानस मंदिर समिति, ओबरा से जुड़े विवाद में न्यायालय के आदेशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग तेज हो गई है। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य विशाल गुप्ता, सी.बी. राय एवं सामाजिक कार्यकर्ता आलोक कुमार भाटिया ने जिला प्रशासन से मामले में केवल नोटिस और मुनादी की औपचारिकता पूरी करने के बजाय ठोस एवं विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। तीनों ने बताया कि 3 नवंबर को उप जिलाधिकारी ओबरा तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ओबरा को लिखित पत्र सौंपकर माननीय आयुक्त न्यायालय, मिजार्पुर मंडल के 4 जून 2026 के आदेश तथा माननीय उच्च न्यायालय के 29 अक्टूबर 2026



के आदेश का प्रभावी अनुपालन कराने की मांग की गई है। विशाल गुप्ता ने कहा कि आयुक्त न्यायालय ने समिति के पंजीकरण निरस्तीकरण संबंधी सक्षम प्राधिकारी के निर्णय को उचित ठहराया है। साथ ही जिला धिकारी सोनभद्र, उपजिला धिकारी ओबरा एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ओबरा को शासन के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में प्रशासन को न्यायालय के आदेशों की भावना के अनुरूप धरातल पर कार्रवाई करनी चाहिए। सी.बी. राय ने कहा कि सरकारी संपत्ति की सुरक्षा करना प्रशासन का विधिक दायित्व है। समिति का पंजीकरण निरस्त होने के बाद संपत्ति के प्रबंधन, नियंत्रण एवं उपयोग के अधिकारों की विधिसम्मत जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। वहीं आलोक कुमार भाटिया ने कहा कि केवल नोटिस जारी करने और मुनादी कराने से प्रशासन की जिम्मेदारी पूरी नहीं होती। न्यायालय में लंबित वादों एवं प्रभावी अंतरिम आदेशों का सम्मान करते हुए प्रशासन को कानून के दायरे में रहकर आगे की कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही अब तक उठाए गए कदमों और आगे की कार्ययोजना को भी सार्वजनिक करना चाहिए। तीनों ने संयुक्त रूप से मांग की कि श्रीरामचरितमानस मंदिर परिसर स्थित मानस भवन एवं रामलीला प्रांगण को धार्मिक अनुष्ठान, रामलीला, कथा, प्रवचन, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विवाह एवं अन्य मांगलिक आयोजनों के लिए आम जनता को पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन परिसरों का उद्देश्य धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देना होना चाहिए, न कि व्यावसायिक लाभ कमाना। उन्होंने शासन से परिसर के संरक्षण, रखरखाव एवं पारदर्शी संचालन के लिए स्पष्ट नियमावली बनाने तथा सक्षम शासकीय अथवा स्थानीय निकाय के नियंत्रण में व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि किसी व्यक्ति या समूह का एकाधिकार स्थापित न हो सके। अंत में तीनों ने जिलाधिकारी सोनभद्र, एसडीएम ओबरा एवं नगर पंचायत प्रशासन से न्यायालयीय आदेशों का परीक्षण कर समयबद्ध और निष्पक्ष कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि अनुपालन में अनावश्यक विलंब होने पर सक्षम उच्च प्रशासनिक एवं न्यायिक मंचों पर विधिसम्मत तरीके से मामला उठाया जाएगा।

दुद्धी सीएचसी में स्ट्रेचर ट्रॉली की कमी से मरीजों को परेशानी, आपात व्यवस्था अधर में

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

सोनभद्र। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में स्ट्रेचर ट्रॉली की भारी कमी और उपकरणों की खराब स्थिति से आपातकालीन मरीजों के तीमारदार परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना में घायल और गंभीर रूप से बीमार मरीजों को ओपीडी या आईपीडी वार्ड तक ले जाने के लिए स्टाफ और तीमारदार परिजनों को भागदौड़ करनी पड़ रही है। अस्पताल में पहले से मौजूद दो स्ट्रेचर ट्रॉली में से एक का नीचे का होल्डिंग हिस्सा टूट चुका है, जिससे वह इस्तेमाल के लायक नहीं बची है। दूसरी ट्रॉली में ऊपरी हिस्सा तो मौजूद है, लेकिन पहियों वाला पूरा निचला ढांचा गायब है। इसके अलावा आपातकालीन मरीजों के लिए दो स्ट्रेचर चेयर व्हीलचेयर उपलब्ध हैं, जो पूरी तरह खराब नहीं हैं, पर इन्हें कामचलाऊ स्थिति में इस्तेमाल किया जा रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब



एकमात्र चालू ट्रॉली पर पहले से कोई मरीज होता है। ऐसे में एम्बुलेंस कर्मियों को अपनी ही एम्बुलेंस के स्ट्रेचर से सड़क दुर्घटनाओं में घायलों या डिलीवरी के लिए आई महिलाओं को अस्पताल के अंदर तक लाना पड़ता है। एक से अधिक एक्सीडेंटल मरीजों की स्थिति में स्टाफ, एम्बुलेंस चालक और परिजनों को बिना पहिए वाले स्ट्रेचर या खाली कराकर मरीजों को अंदर लाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। समस्या से अवगत होने के बाद चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वरुणा निधि के निर्देश पर नसबंदी कक्ष में रखी एक स्ट्रेचर ट्रॉली को बाहर निकाला गया है। फिलहाल इसी ट्रॉली से आपातकालीन व्यवस्था संभाली जा रही है। डॉ. निधि ने बताया कि टूटे होल्डिंग वाली स्ट्रेचर ट्रॉली की जल्द मरम्मत कराकर उसे दोबारा काम में लाया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों और जिला प्रशासन से मांग की है कि दुद्धी सीएचसी में तत्काल पर्याप्त संख्या में नई स्ट्रेचर ट्रॉली और व्हीलचेयर उपलब्ध कराए जाएं। उनका कहना है कि इससे दुर्घटना के शिकार गंभीर मरीजों और गर्भवती महिलाओं को समय पर इलाज मिल सकेगा।

सोनभद्र पुलिस ने 151 परिवारों को दी खुशियों की सौगात, CEIR पोर्टल के माध्यम से बरामद किए लगभग ₹27 लाख कीमत के 151 खोए/ गुम हुए मोबाइल फोन

बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को किए गए सुपुर्द

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। दीपावली पर्व के अवसर पर आमजन की खुशियों को दोगुना करते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा खोए/गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों तक वापस पहुंचाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया गया है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रूणवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। इसी क्रम में सर्विलांस सेल, एसओजी टीम एवं जनपद के समस्त थानों की संयुक्त टीमों द्वारा CEIR पोर्टल के माध्यम से तकनीकी विश्लेषण एवं सतत मॉनिटरिंग करते हुए माह सितम्बर-2026 से अब तक कुल 151 खोए/गुम हुए मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग ₹27 लाख है, सफल



तापूर्वक ट्रेस कर बरामद किए गए। बरामद मोबाइल फोन को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा मोबाइल फोन उनके स्वामियों को वितरित किए गए। दीपावली के अवसर पर अपने खोए हुए बहुमूल्य मोबाइल फोन पुनः प्राप्त कर नागरिकों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली तथा उन्होंने सोनभद्र पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। यह सफलता सर्विलांस सेल, एसओजी टीम एवं जनपद के समस्त थानों द्वारा किए गए समन्वित प्रयास, तकनीकी दक्षता एवं सतत अनुश्रवण का परिणाम है। सोनभद्र पुलिस आमजन से अपील करती है कि मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल CEIR पोर्टल अथवा निकटतम थाने पर सूचना दें, जिससे समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

रायपुर पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में लम्बे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुधीर कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थाना रायपुर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में लम्बे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। थाना रायपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-97/2025 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त राजकुमार राम पुत्र जिउत राम निवासी ग्राम डूमरकोन, थाना अधौरा, जनपद कैमूर (भभुआ), बिहार काफी समय से फरार चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक रायपुर विजय कुमार चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 05.11.2026 को समय 06:35 बजे ग्राम दरमा स्थित दरमा पहाड़ी मोड़, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र से उक्त वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया।

डोडहर के पाल बस्ती आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण, महज दो बच्चे मिले; कार्यकर्ता नदारद

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

बीजपुर/ सोनभद्र। क्षेत्र के डोडहर स्थित पाल बस्ती के आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे पत्रकार को मौके पर कई अनिय मितताएं देखने को मिलीं। निरीक्षण के दौरान केंद्र में महज दो बच्चे उपस्थित मिले। मौके पर आंगनबाड़ी सहायिका बबिता मौजूद थीं, जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा देवी केंद्र से अनुपस्थित मिलीं। इस संबंध में फोन पर संपर्क किए जाने पर आशा देवी ने बताया कि वह कुछ कामकाज कर रही हैं और केंद्र पर आ जाएंगी। वहीं, ग्रामीणों ने भी आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियमित रूप से केंद्र पर नहीं आती हैं। ग्रामीणों के अनुसार, केंद्र पर उनकी अनुपस्थिति अक्सर देखने को मिलती है। गौरतलब है कि सरकार की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकताओं के मानदेय में बढ़ोतरी



सहित कई प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर केंद्रों के संचालन, बच्चों की उपस्थिति और प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्देश्य छोटे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में केंद्र पर महज दो बच्चों की उपस्थिति और कार्यकर्ता की अनुपस्थिति व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़े करती है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने संबंधित विभाग से आंगनबाड़ी केंद्र की नियमित जांच कराने और शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है।

अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था में सुधार के लिए क्या कदम उठाता है।

चोपन पुलिस को बड़ी सफलता, डीजल चोरी कर एकत्रित कर बेचने वाले गिरोह का पदार्फाश, 02 अभियुक्त गिरफ्तार

340 लीटर चोरी का डीजल एवं डीजल चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री मेविस टॉक एवं क्षेत्राधिकारी नगर *श्री रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना चोपन पुलिस द्वारा दिनांक 04.11.2026 की रात्रि करीब 23:43 बजे हार्ड मिक्स प्लांट, डाला के पास से डीजल चोरी कर एकत्रित कर बेचने वाले गिरोह के 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से कुल 340 लीटर चोरी का डीजल बरामद किया गया। साथ ही डीजल चोरी एवं भंडारण में प्रयुक्त 02 अदद 200 लीटर क्षमता के प्लास्टिक के खाली ड्रम, 01 अदद 200 लीटर क्षमता का लोहे का खाली ड्रम, 04 अदद



प्लास्टिक की खाली बाल्टियां, 01 अदद प्लास्टिक की तेल कुप्पी, 01 अदद प्लास्टिक का लूज पाइप, 02 अदद ट्रक की टंकी के ढक्कन एवं 01 अदद ट्रक का फिल्टर भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान 1. शिव कुमार विश्वकर्मा पुत्र भूषण विश्वकर्मा, निवासी ग्राम मानपुर, थाना गम्हरिया, जिला मधेपुर, बिहार तथा 2. प्रहलाद पाण्डेय पुत्र उमेशचन्द्र पाण्डेय, निवासी ग्राम सरसौल, थाना चौबेपुर, जनपद वाराणसी के रूप में हुई। दोनों अभियुक्त वर्तमान में हार्ड मिक्स प्लांट, डाला चढ़ाई, थाना चोपन क्षेत्र में रह रहे थे।

उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0सं0-415/26, धारा 287, 303(2), 317(2), 317(5) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

ऑपरेशन शुद्धि के तहत थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई

60.500 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त सुजुकी सियाज कार बरामद

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन शुद्धि के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री मेविस टॉक एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा दिनांक 04.11.2026 को रात्रि करीब 20:45 बजे मुखबिर की सूचना पर ग्राम लोढ़ी स्थित टीवीएस गोदाम के पास से 02 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान 1. सत्यम यादव पुत्र राजेश्वर यादव, निवासी ग्राम लैसना, थाना जला लाबाद, जनपद शाहजहांपुर तथा 2. सीबू अली पुत्र सब्बन अली, निवासी ब्रह्मनान, थाना अल्लागंज के पीछे, जनपद शाहजहांपुर के रूप में हुई। अभियुक्तों द्वारा कार में गुप्त केबिन बनाकर उसमें गांजा छिपाकर तस्करी की जाती थी। उनके कब्जे/ निशानदेही से 03 प्लास्टिक



के कट्टों में रखे कुल 60 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा (कुल 43 पैकेट), जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ₹30 लाख है, बरामद किया गया। गांजा तस्करी में प्रयुक्त सुजुकी सियाज कार को धारा 60 एनडी पीएस एक्ट के अंतर्गत पुलिस कब्जे में लिया गया। उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-892/ 2026, धारा 8/20/ 27ए/ 29/ 60/61 एनडी पीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

शक्तिनगर पुलिस द्वारा गुण्डा एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही, 01 अभियुक्त 06 माह के लिए जिला बदर।

समाज जागरण/ अकबर अली

शक्तिनगर/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सुश्री मेविस टॉक एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मा0 अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जनपद सोनभद्र के आदेश के अनुपालन में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत निरुद्ध 01 अभियुक्त को दिनांक 05.11.2026 से आगामी 06 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। थाना शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को जनपद सोनभद्र की सीमा से बाहर ले जाकर जिला बदर आदेश की नोटिस तामील कराई गई तथा आदेश में निहित दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए सख्त हिदायत दी गई कि नोटिस तामील की तिथि से आगामी 06 माह तक जनपद सोनभद्र की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। आदेश का उल्लंघन कर जनपद की सीमा में प्रवेश करने पर अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

चोपन पुलिस को मिली सफलता, चोरी के मुकदमे में काफी दिनों से फरार चल रहा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री मेविस टॉक एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना चोपन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 362/2025, धारा 303(2), 317(2), 317(5) बीएनएस में काफी दिनों से वांछित चल रहे अभियुक्त लल्ला चेरो पुत्र बाबूलाल चेरो, निवासी ग्राम सिन्दुरिया, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 22 वर्ष को दिनांक 05.11.2026 को प्रातः करीब 07:30 बजे सिन्दुरिया रोड, बरदिया मोड़ गेट के पास से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

दीपावली और छठ पूजा को लेकर महुली बाजार में पुलिस का पैदल भ्रमण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

सोनभद्र। आगामी दीपावली एवं छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार, 05 नवंबर 2026 को शाम करीब 7 बजे महुली बाजार में पुलिस प्रशासन द्वारा पैदल भ्रमण किया गया। इस दौरान विंढमगंज थाना के थानाध्यक्ष श्री रविकान्त मिश्र एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी श्री विनय प्रभाकर साहनी ने महुली बाजार के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने बाजार में दुकानदारों, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर त्योहारों के दौरान सतर्कता बरतने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

पैदल भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने त्योहारी सीजन में बाजार में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही लोगों से अपील की कि दीपावली एवं छठ पूजा का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं।

किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रशासन की इस सक्रियता से स्थानीय व्यापारियों एवं आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा देखने को मिला। त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है।

धनपुरी माइंस में आरकेटीसी की लापरवाही का आरोप, बिना ट्रेनिंग चल रहे हाइवा

समाज जागरण राजीव कुमार

अमलाई/ धनपुरीः एसईसीएल (SECL) क्षेत्रों में खनन कार्यों में लगी निजी कंपनियों की मनमानी और सुरक्षा मानकों की अनदेखी थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला धनपुरी माइंस क्षेत्र का है, जहां कोयला और ओवरबर्डन (OB) परिवहन के कार्य में लगी आरकेटीसी (RKTC) कंपनी द्वारा खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर हाइवा संचालित किए जा रहे हैं। कंपनी के प्रबंधकीय अमले की लापरवाही के कारण खदान परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कागजी साबित हो रही है। बिना बीटीसी ट्रेनिंग के थमाए जा रहे भारी वाहन के स्टीयरिंग

सूत्रों और मिली जानकारी के अनुसार, आरकेटीसी कंपनी द्वारा माइंस क्षेत्र में ऐसे चालकों से हाइवा और भारी वाहन चलवाए जा रहे हैं, जिनके पास खनन सुरक्षा नियमों के तहत अनिवार्य बीटीसी ट्रेनिंग तक पूरी नहीं है। खदान जैसे जोखिम भरे और संवेदनशील कार्यक्षेत्र में बिना वैधानिक प्रशिक्षण के अप्रशिक्षित चालकों से वाहन चलवाना सीधे तौर पर कोयला खदान सुरक्षा नियमों DGMS का खुला उल्लंघन है।

दुर्घटना के बाद चालकों की अदला-बदली का गंभीर आरोप धनपुरी माइंस क्षेत्र में हुई एक घटना के बाद आरकेटीसी प्रबंधन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि खदान परिसर में वाहन संचालन के दौरान जब दुर्घटना घटी, तो मामले को दबाने और अपनी जवाबदेही से बचने के लिए कंपनी के स्तर पर चालकों की तत्काल अदला-बदली कर दी गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जिस व्यक्ति से दुर्घटना के वक्त ट्रक चलवाया जा रहा था, उसके पास न तो वैध बीटीसी प्रशिक्षण था और न ही खनन क्षेत्र में गाड़ी चलाने की आधिकारिक पात्रता। इस दुर्घटना में संबंधित चालक को चोटें भी आईं हैं, लेकिन कंपनी प्रबंधन मामले पर पर्दा डालने में जुटा हुआ है।

प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल कोयला खदानों में दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने के लिए एसईसीएल प्रबंधन और खान सुरक्षा महानि देशालय (DGMS) के कड़े निर्देश होते हैं। इसके बावजूद अमलाई-धनपुरी क्षेत्र में संचालित होने वाली आउटसोर्सिंग और ट्रांसपोर्ट कंपनियों द्वारा इस तरह की मनमानी करना बड़े हादसों को न्योता देना है। क्या खदान प्रबंधन और सुरक्षा विभाग इस गंभीर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर आरकेटीसी कंपनी पर वैधानिक कार्रवाई करेगा या फिर हादसों को छुपाने का यह खेल यूं ही चलता रहेगा? यह जांच का विषय है।

ऐतिहासिक रानी तालाब को मिला नया स्वरूप, सौंदर्यीकरण से बढ़ी जैतहरी की सुंदरता

नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता के प्रयासों से विकास की नई पहचान बना जैतहरी, एम.बी. पावर के सहयोग से नवीन घाट, पेवर ब्लॉक और आकर्षक लैंप लाइटिंग का कार्य पूर्ण

समाज जागरण

जैतहरी। नगर परिषद जैतहरी में विकास कार्यों को नई गति देने के साथ ही नगर की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित और सुसज्जित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 12, 13, 14 एवं 15 के मध्य स्थित ऐतिहासिक रानी तालाब का व्यापक सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कराया गया है। नगर परिषद जैतहरी द्वारा एम.बी. पावर के सहयोग से कराए गए इस कार्य के बाद रानी तालाब अब नए और आकर्षक स्वरूप में नजर आने लगा है। रानी तालाब के सौंदर्यीकरण के अंतर्गत नवीन घाट का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही तालाब के चारों ओर पेवर ब्लॉक लगाए गए हैं तथा आकर्षक डिजाइनर लैंप लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। इन कार्यों से न केवल तालाब की सुंदरता में वृद्धि हुई है, बल्कि आसपास के क्षेत्र को भी एक नया और व्यवस्थित स्वरूप मिला है। शाम के समय आकर्षक रोशनी से तालाब का दृश्य और भी मनमोहक दिखाई देगा।

इससे नगरवासियों को एक बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा, जहां वे परिवार के साथ समय बिता सकेंगे। इस उपलब्धि पर नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जैतहरी की ऐतिहासिक धरोहर को नए स्वरूप में नगरवासियों को समर्पित करना उनके लिए गर्व और खुशी का विषय है। विकास का अर्थ केवल सड़कों, नालियों और भवनों का निर्माण करना नहीं है, बल्कि अपनी ऐतिहासिक विरासत को संजोना, सार्वजनिक स्थलों को सुंदर बनाना और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर नगर तैयार करना भी है। नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता के नेतृत्व और प्रयासों से जैतहरी के गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले में विकास कार्यों को गति मिल रही है। मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही नगर की सुंदरता, स्वच्छता और व्यवस्थित विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रानी तालाब का सौंदर्यीकरण इसी सोच का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

नगर परिषद की इस पहल से जहां ऐतिहासिक रानी तालाब को नई पहचान मिली है, वहीं नगरवासियों में भी उत्साह का माहौल है। स्थानीय धरोहरों को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने का यह प्रयास जैतहरी को एक सुंदर, स्वच्छ और विकसित नगर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

लगातार दूसरे दिन जुआ फड़ ध्वस्त, 8 जुआरी धरे

एसपी के अभियान को मिल रही बड़ी सफलता

समाज जागरण विजय तिवारी

नौरोजाबाद --- जिले में अवैध कारोबार के खिलाफ चल रहे सघन अभियान में नौरोजाबाद पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और कार्यकुशलता का शानदार परिचय दिया है। थाना प्रभारी बालेंद्र शर्मा की अगुवाई में पुलिस टीम ने लगातार दूसरे दिन ग्राम देवगवां में चल रहे जुआ फड़ पर ताबड़तोड़ दबिश देकर 8 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस दमदार कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में जुआरियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान और बढ़ गया है। मुखबिर तंत्र मजबूत, घेराबंदी कर दबोचा 4 नवंबर को थाना नौरोजाबाद को जैसे ही मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि ग्राम देवगवां में कुछ लोग ताश के पत्तों पर हजारों रुपये का दांव लगा रहे हैं, थाना प्रभारी बालेंद्र शर्मा ने तत्काल रणनीति बनाई। बिना समय गंवाए पुलिस टीम ने मौके को चारों तरफ से घेर लिया और जुआ फड़ पर धावा बोल दिया। पुलिस की इस अचानक और सटीक कार्रवाई को देख जुआरी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस की चुस्त घेराबंदी के आगे उनकी एक न चली। मौके से 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 3 और 4 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। नकदी और बाइक समेत 2.38 लाख का मशरूका जब्त पुलिस ने मौके से 38 हजार 400 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते और जुआ खेलने के लिए उपयोग की जा रही तीन मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। कुल 2 लाख 38 हजार 400 रुपये के मशरूका की जब्ती इस कार्रवाई की बड़ी सफलता को दशार्ती है। कप्तान के कुशल नेतृत्व में अपराध मुक्त उमरिया की ओर कदम यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा एवं एसडीओपी पाली ललित गठरे के मार्गदर्शन में की गई। एसपी विजय भागवानी के पदभार संभालने के बाद से जिले में अपराध और अवैध कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है, जिसका असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। थाना प्रभारी बालेंद्र शर्मा और उनकी टीम की लगातार दूसरे दिन की गई इस साहसिक कार्रवाई की चारों ओर सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी निरंतर कार्रवाई से ही क्षेत्र में कानून का राज स्थापित होगा और युवा पीढ़ी जुए जैसी सामाजिक बुराई से बचेगी। निसंदेह, नौरोजाबाद पुलिस की यह कार्रवाई काबिले-तारीफ है।

आईपीएस स्कूल उमरिया में दीया मेकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

शिक्षा के साथ संस्कार , संस्कृति और सर्वांगीण विकास की ओर एक सार्थक पहल

समाज जागरण विजय तिवारी

उमरिया-- दीपावली पर्व के पावन अवसर पर जिले की प्रतिष्ठित आईपीएस स्कूल उमरिया में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ दीपावली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में दीया मेकिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता सहित विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दीया मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए आकर्षक एवं सुंदर दीपक तैयार किए। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने रंग-बिरंगे रंगों से मनमोहक रंगोलियाँ बनाकर अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की आकर्षक कलाकृतियों से विद्यालय परिसर दीपावली के रंगों में सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ना तथा शिक्षा के साथ-साथ उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं



को निखारने के लिए मंच प्रदान करना था। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में रचनात्मक सोच, आत्म विश्वास, कलात्मक कौशल एवं आपसी सहयोग की भावना को प्रोत्साहित किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के उत्साह एवं प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में प्रतियोगिता में विजय छात्रों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया'

सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत पाठ्यक्रम पुस्तकों का वितरण एवं शिक्षक अनुभव साझा कार्यशाला आयोजित

समाज जागरण

पाली, उमरिया। दिनांक 04 नवंबर 2026 को माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, पाली, जिला उमरिया में सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत खरह सीमेंट संस्था के सहयोग से पाठ्यक्रम पुस्तकों के वितरण एवं शिक्षक अनुभव साझा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त डॉ. पूजा द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा मंडल संयोजक श्री संजय पाण्डेय एवं सक्षम कार्यक्रम के जिला प्रबंधक श्री महारन प्रताप सिंह परमार के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में कन्या शिक्षा परिसर पाली के प्राचार्य श्री महेंद्र मिश्रा, सक्षम कार्यक्रम के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक श्री नागू लाल हाड़ा, प्रशिक्षक श्री संजय गौतम, श्री आशीष गुप्ता, श्री संदीप शुक्ला एवं खरह सीमेंट संस्था से श्री संतोष राजपूत उपस्थित रहे।



कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य खरह सीमेंट संस्था के सहयोग से शिक्षकों को सक्षम कार्यक्रम की पाठ्यक्रम पुस्तकों का वितरण करना, जीवन कौशल सत्रों के प्रभावी संचालन को प्रोत्साहित करना तथा विद्यालयों में कार्यक्रम के क्रियान्वयन के दौरान प्राप्त अनुभवों एवं नवाचारों को साझा करना रहा। इस अवसर पर शिक्षकों ने सहायक आयुक्त महोदया के समक्ष अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सक्षम कार्यक्रम की गतिविधियों से शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच संबंध मधुर हो रहे हैं तथा बच्चों की झिझक दूर होकर उनमें आत्मविश्वास एवं संवाद क्षमता का विकास हो रहा है। शिक्षकों ने बताया कि BMS (Beha viour Management System) के माध्यम से बच्चों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। विद्यार्थियों में स्वच्छता, समय पर गृहकार्य करने एवं नियमित विद्यालय आने जैसी आदतों का विकास हो रहा है। साथ ही, बच्चे मेरी सीख कॉपी में अपने अनुभव एवं सीख को नियमित रूप से साझा कर रहे हैं।

सक्षम कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में Good Touch–Bad Touch, पॉक्सो अधिनियम (POCSO Act) एवं किशोर न्याय अधिनियम (JJ Act) जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है, जिससे बच्चे बाल सुरक्षा, संरक्षण एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहे हैं। गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को इन विषयों की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रदान की जा रही है। कार्यशाला के दौरान सहायक आयुक्त महोदया ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई मेरी सीख कॉपियों का अवलोकन किया तथा विद्यालयों में कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की। उन्होंने कहा कि सक्षम कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंडल संयोजक श्री संजय पाण्डेय जी को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों ने अपने अनुभवों एवं नवाचारों को साझा करते हुए सक्षम कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं जीवन कौशल संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

खड़ुहली विद्यालय पहुंचे एसडीएम, विद्यार्थियों को पढ़ाई और करियर निर्माण के दिए टिप्स

परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित समय -सारणी बनाने की सलाह, छात्रावास की सुविधाओं का भी लिया जायजा

समाज जागरण विजय तिवारी

शहडोल 'जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) ने खड़ुहली विद्यालय का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की पढ़ाई, परीक्षा की तैयारी, भविष्य की योजनाओं और विद्यालय एवं छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। एसडीएम ने विद्यार्थियों की समस्याएं सुनते हुए शिक्षा और करियर निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

एसडीएम ने विद्यार्थियों को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर नियमित मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी रुचि, क्षमता और योग्यता को पहचानें तथा उसी के अनुरूप अपने भविष्य के करियर का चयन करें। शिक्षा का



उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करना नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुशासन, व्यवहार और आत्मविश्वास का विकास करना भी है।

परीक्षा की तैयारी को लेकर उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने, कक्षा में पढ़ाए गए विषयों का प्रतिदिन दोहराव करने और कठिन विषयों में शिक्षकों से मार्गदर्शन लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अंतिम समय में पढ़ाई का दबाव लेने के बजाय समय-सारणी बनाकर तैयारी करें। पुराने प्रश्नपत्रों का अभ्यास करें, लिखकर उत्तर देने की आदत विकसित करें और पढ़ाई के बीच पर्याप्त विश्राम भी लें। मोबाइल और अन्य अनावश्यक गतिविधियों में समय व्यर्थ करने से बचने की समझाइश भी दी गई। करियर मार्गदर्शन के दौरान एसडीएम ने उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और प्रशासनिक, पुलिस, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षण सहित विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए भी आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर हैं। सही दिशा, नियमित अध्ययन और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विद्यार्थी अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

एसडीएम ने विद्यार्थियों को आपसी सद्भाव, सहयोग और भाईचारे के साथ रहने की सलाह देते हुए कहा कि छात्रावास में सभी विद्यार्थी एक परिवार की तरह रहते हैं। उन्हें एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और पढ़ाई में भी सहयोग करना चाहिए। अनुशासन, सकारात्मक सोच और अच्छे संस्कार विद्यार्थी जीवन की महत्वपूर्ण पूंजी हैं। विद्यालय निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से भोजन, राशन, पेयजल, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं के बारे में सीधे जानकारी प्राप्त की। छात्रावास अधीक्षक एवं रसोइया को राशन की उपलब्धता और भोजन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने तथा विद्यार्थियों को सही जानकारी देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

एनकेजे पुलिस ने 75 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा, कीमत 15 हजार रुपये

ठरका टैंक के पास सिंघनपुरी हार में दबिश देकर की कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

समाज जागरण

कटनी/। अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए एनकेजे पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 75 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित महुआ शराब जब्त की गई है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 15 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 4 नवंबर 2026 को थाना एनकेजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम ठरका टैंक के पास सिंघनपुरी हार में एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध महुआ शराब लेकर बिक्री के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रूपेंद्र राजपूत ने पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस टीम को मौके पर एक व्यक्ति दिखाई दिया, जिसने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम कल्लू लुनिया पिता चूड़ामन (48 वर्ष), निवासी गुबराधरी, थाना एनकेजे बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से पांच प्लास्टिक के डिब्बों में रखी कुल 75 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब बरामद हुई। शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज और लाइसेंस मांगे जाने पर आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जिला जेल कटनी भेज दिया गया। इनकी रही सराहनीय भूमिकाः कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रूपेंद्र राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक केवल उइके, सहायक उपनिरीक्षक सहपाल परतेती, प्रधान आरक्षक 503 अजय सिंह एवं आरक्षक 513 रणविजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भाजपा से पुराने जुड़ाव पर बोले अजय यादव, कहा- बचपन से संघ की विचारधारा से जुड़ा हूं

नगर पालिका की कथित अनियमितताओं को उजागर करने के बाद विरोधियों पर प्रचार करने का लगाया आरोप

समाज जागरण,स्थानः पसान, जिला अनूपपुर (मध्यप्रदेश)।

। पसान नगर पालिका की राजनीति में भाजपा से जुड़ाव को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। राम अवधेश द्वारा अजय यादव के भाजपा कार्यकर्ता नहीं होने संबंधी कथित बयान के बाद अजय यादव ने अपनी राजनीतिक पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़ाव बचपन से रहा है। वे वर्षों से पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। अजय यादव ने बताया कि उन्होंने करीब दो वर्षों तक युवा मोर्चा में जिला स्तर पर सदस्यता अभियान प्रभारी की जिम्मेदारी निभाई। इसके अलावा वे अनूपपुर विधानसभा के जमुना सेक्टर प्रभारी और पिछले वर्ष पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान के प्रभारी भी रहे हैं। उन्होंने अपने दावे के समर्थन में





पुरानी तस्वीरों और सोशल मीडिया पोस्ट का भी उल्लेख किया। इनमें तत्कालीन भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह के साथ उनकी तस्वीरें तथा भाजपा में शामिल होने और घर वापसी से संबंधित पुराने पोस्ट शामिल बताए जा रहे हैं। अजय यादव ने आरोप लगाया कि पसान नगर पालिका में कथित अनियमितताओं, निर्माण कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाने के कारण नगर पालिका अध्यक्ष और CMO उनसे नाराज हैं। उनका कहना है कि वास्तविक मुद्दों का जवाब देने के बजाय उनकी राजनीतिक पहचान को लेकर प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनहित के सवाल उठाना उनका अधिकार है और वे इससे पीछे नहीं हटेंगे।

फिलहाल इस मामले में भाजपा के संबंधित पदाधिकारियों, नगर पालिका अध्यक्ष और CMO की आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब देखना होगा कि अजय यादव के संगठनात्मक दावों और नगर पालिका पर लगाए गए आरोपों को लेकर संबंधित पक्ष क्या जवाब देते हैं।

मेटल सेक्टर में निवेश का मौका, टाटा और एक्सिस म्यूचुअल फंड लाएंगे 2 नए इंडेक्स फंड

म्यूचुअल फंड निवेशकों को जल्द मेटल सेक्टर में निवेश के दो नए विकल्प मिल सकते हैं। टाटा म्यूचुअल फंड और एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपनी नई इंडेक्स फंड स्कीमों के ड्राफ्ट बाजार नियामक सेबी के पास जमा किए हैं। दोनों स्कीमें निफ्टी मेटल इंडेक्स को ट्रैक करेंगी। इन स्कीमों के जरिए निवेशकों का पैसा मेटल सेक्टर की कंपनियों के शेयरों में लगाया जाएगा। दोनों ओपन एंडेड स्कीमें होंगी, यानी निवेशक एनएफओ के बाद भी इनमें पैसा लगा सकेंगे और निकाल सकेंगे। फिल हाल एनएफओ शुरू और बंद होने की तारीखें नहीं बताई गई हैं। कितने रुपये से शुरू होगा निवेश? टाटा निफ्टी मेटल इंडेक्स फंड के ड्राफ्ट के मुताबिक, एनएफओ में न्यूनतम 5,000 रुपये से निवेश किया जा सकेगा। इसके बाद एक रुपये के मल्टीपल में अतिरिक्त रकम लगाई जा सकेगी। बाद में अतिरिक्त निवेश की न्यूनतम रकम 1,000 रुपये होगी। वहीं, एक्सिस निफ्टी मेटल इंडेक्स फंड में केवल 100 रुपये से निवेश शुरू किया जा सकेगा। एक्सिस की स्कीम में रोजाना, साप्ताहिक और मासिक एसआईपी के लिए भी न्यूनतम रकम 100 रुपये रखी गई है। दोनों स्कीमों में



एनएफओ के दौरान एक यूनिट की फेस वैल्यू 10 रुपये होगी।

दोनों स्कीमों में कहां लगेगा पैसा?

टाटा निफ्टी मेटल इंडेक्स फंड का मकसद निफ्टी मेटल इंडेक्स के प्रदर्शन के करीब रिटर्न देना है। यह स्कीम इंडेक्स में शामिल कंपनियों के शेयरों में निवेश करेगी। इसमें डायरेक्ट और रेगुलर दोनों प्लान उपलब्ध होंगे। एक्सिस निफ्टी मेटल इंडेक्स फंड भी इसी इंडेक्स को ट्रैक करेगा। ड्राफ्ट के मुताबिक, यह अपनी कुल संपत्ति का 95 से 100 फीसदी हिस्सा इंडेक्स में शामिल कंपनियों के शेयरों में लगाएगा। बाकी अधिकतम 5 फीसदी रकम मनी मार्केट और डेट या लिक्विड म्यूचुअल फंड में रखी जा सकेगी। दोनों स्कीमों का रिटर्न इंडेक्स के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। हालांकि, खर्च और ट्रैकिंग एरर के कारण वास्तविक रिटर्न में अंतर हो सकता है। दोनों स्कीमों में यूनिट मिलने के 15 दिनों के भीतर पैसा निकालने पर 0.25 फीसदी एग्जिट लोड लगेगा। एक्सिस की स्कीम में 15 दिन के बाद कोई एग्जिट लोड नहीं होगा। टाटा की स्कीम के ड्राफ्ट में भी 15 दिनों के भीतर निकासी पर यह चार्ज बताया गया है।

कौन कर सकता है निवेश?

ये स्कीमें उन निवेशकों के लिए विकल्प हो सकती हैं, जो मेटल सेक्टर में लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करना चाहते हैं। हालांकि, दोनों फंड एक ही सेक्टर पर केंद्रित होंगे।

भारत में ग्रीन एनर्जी निवेश तोड़ सकता है रिकॉर्ड, 2030 तक बड़ा लक्ष्य

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 220 अरब डॉलर से अधिक निवेश हो सकता है। देश का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावाट क्षमता हासिल करना है केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज कहा कि सरकार को इस बात का भरोसा है कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को पर्याप्त निवेश मिलेगा। यह निवेश साल 2030 तक गैर-जीवाश्म स्त्रोतों से 190 गीगावाट की स्थापित बिजली क्षमता जोड़ने के लिए जरूरी 220 अरब डॉलर की राशि से भी अधिक हो सकता है। वर्तमान में गैर-जीवाश्म स्त्रोतों पर आधारित बिजली क्षमता 310 गीगावाट है और भारत ने साल 2030 तक 500 गीगावाट तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में हो रही तेज वृद्धि का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा, पहली 100 गीगावाट तक पहुंचने में 7 दशक लगे, अगले 100



गीगावाट 7 साल में हासिल किए गए और उसके बाद के 100 गीगावाट 2 साल में जुड़ गए। भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट ऐंड एक्सपो 206 के चौथे दिन आयोजित संवाददाता सम्मेलन में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा सचिव संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि मंत्रालय सोलर मॉड्यूल कचरे की रीसाइक्लिंग के लिए नए दिशानिर्देश तैयार करने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, हम जल्द से जल्द ये दिशानिर्देश तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे विनिमार्ताओं के लिए भी ऐसे मॉड्यूल बनाना अनिवार्य हो जाएगा, जिनकी आसानी से रीसाइकिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि विंड टर्बाइनों को रीसाइकल करने की क्षमता काफी अधिक है, लेकिन ब्लेड और उन्हें बनाने में इस्तेमाल होने वाले एपॉक्सी के लिए

ऑपरेशन मुस्कान: किशनगंज पुलिस ने 53 लोगों को लौटाए खोए मोबाइल, कीमत करीब 14 लाख रुपये

अप्रैल 2026 से अब तक 159 मोबाइल बरामद, 41.20 लाख रुपये के मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को सौंपे गए

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



किशनगंज पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत विशेष अभियान चलाकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से खोए, गुमशुदा और चोरी हुए 53 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने पुलिस कार्यालय में मोबाइल फोन उनके वास्तविक धारकों को सौंपे। लंबे समय बाद अपना खोया मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थानों के अपर थानाध्यक्षों और जिला आसूचना इकाई की विशेष टीम गठित कर यह अभियान चलाया जा रहा है। टीम ने CEIR पोर्टल, आधुनिक तकनीक और तकनीकी विश्लेषण की मदद से विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद किए।

बरामद मोबाइल में किशनगंज थाना क्षेत्र से 16, कोचाधामन से 08, कुलीकोट से 07, ठाकुरगंज से 04, साइबर थाना और दिघलबैंक से 03-03, गलगलिया, बहादुरगंज और अरार्बाड़ी से 02-02 तथा कोढ़ोबारी, फतेहपुर, पहाड़कट्टा, सुखानी, पौआखाली और पाठामारी थाना क्षेत्र से 01-01 मोबाइल शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, अप्रैल 2026 से अब तक किशनगंज जिले में कुल 159 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को लौटाए जा चुके हैं। इनकी अनुमानित कुल कीमत करीब 41 लाख 20 हजार रुपये है। मोबाइल बरामदगी अभियान में बेहतर कार्य करने वाले जिला आसूचना इकाई के कर्मियों और संबंधित थानों के अपर थानाध्यक्षों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मोबाइल बरामदगी का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि मोबाइल खोने, गुम होने या चोरी होने पर संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं। इसके साथ ही CEIR पोर्टल (https://www.ceir.gov.in) पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर अपने मोबाइल की बरामदगी के लिए पहल करें।

संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकताओं को दिए गए आवश्यक निर्देश

प्रदेश महामंत्री राजू झा की उपस्थिति में भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित, मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने वाले मंडल अध्यक्ष हुए सम्मानित

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।



धरमगंज स्थित मझिया रोड स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार, 5 नवंबर को नवंबर माह की संगठनात्मक बैठक जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री सह संभाग प्रभारी राजू झा उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद वंदे मातरम् गीत के साथ बैठक की औपचारिक शुरूआत की गई।

इस दौरान प्रदेश महामंत्री राजू झा ने कार्यकताओं से परिचय प्राप्त किया और संगठन के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने पूर्व में आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मंडल अध्यक्षों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

बैठक में जिला प्रभारी राजकुमार राय, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशांत गोप, ज्योति कुमार सोनू, गौतम चंद्रवंशी, पंकज कुमार साहा, मनीष सिन्हा, कौशल झा, सुबोध माहेश्वरी, जय किशन प्रसाद, लखवीर कोर, सोनी देवी, संजय पासवान, शिवनारायण यादव, राकेश गुप्ता, अरविंद मंडल, राजेश गुप्ता, वीणा देवी, शोभा रानी, अतुल सिंह, राहुल यादव, अनिल दास, दरपलाल सिंह, देव मोहन सिंह, गौरव गुप्ता, कौशल आनंद, शिवम साहा एवं रंजीत मंडल सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पटना में निशांत हत्याकांड के एक आरोपित गिरफ्तार, खून से सने कपड़े बरामद

पुलिस अनुसंधान में आठ लोगों की संलिप्तता आई सामने

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तारेगना डीह निवासी निशांत कुमार हत्याकांड में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए गुरुवार को एक और मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।



गिरफ्तार आरोपित की पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड निवासी विवेकानंद के रूप में हुई है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बुधवार को कुम्हरटोली मोहल्ला निवासी अंशु कुमार को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपितों से गहन पूछताछ के बाद पुलिस ने गुरुवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती ने जानकारी दी कि हत्याकांड के तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान के दौरान विवेकानंद की संलिप्तता स्पष्ट रूप से सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर घटना के समय पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिए गए हैं। आरोपित ने इन कपड़ों को छिपाकर रखा था, जिन पर हत्या के वक्त के खून के धब्बे अभी भी लगे हुए हैं। पुलिस इन कपड़ों को एक अहम वैज्ञानिक साक्ष्य के रूप में देख रही है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस के शुरूआती अनुसंधान में इस खौफनाक वारदात में कुल आठ लोगों के शामिल होने की बात सामने आई है। इनमें से अब तक छह आरोपितों की पहचान पुख्ता तौर पर की जा चुकी है। शेष अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इधर, मृतक निशांत के बड़े भाई अविनाश कुमार सिंह के लिखित बयान पर मसौढ़ी थाने में तीन नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में तारेगना डीह निवासी ईशु कुमार उर्फ जुब्लैंड, मोहम्मद हसन और कुम्हारटोली निवासी अंशु कुमार उर्फ गोल्डन का नाम बतौर नामजद अभियुक्त शामिल है। गौरतलब है कि मंगलवार की शाम निशांत कुमार की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इसके बाद हत्यारों ने साक्ष्य मिटाने और पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से उसके शव को धनरूआ थाना क्षेत्र के कोल्हाचक-रमणीबिगहा के पास दरधा नदी के किनारे फेंक दिया था। बुधवार को पुलिस ने मुख्य आरोपित अंशु की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर ही नदी किनारे से शव बरामद किया था। पुलिस के अनुसार, इस हत्या के पीछे आपसी विवाद और पुरानी रंजिश मुख्य कारण रही है। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जाँच कर रही है।

आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं और किशोरियों को किया गया जागरूक, सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

बाल विवाह, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर दी गई जानकारी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।



जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के निदेर्शानुसार गुरुवार को कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-97 में महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के तत्वावधान में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरियों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला सशक्तीकरण, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण तथा आर्थिक स्वावलंबन से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान बाल विवाह, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, लैंगिक हिंसा और मानव तस्करी जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जेंडर विशेषज्ञ सुशील कुमार झा, बीबी चमन आरा, केस वर्कर देविका कुमारी एवं महिला पर्यवेक्षिका ऋतु रानी ने महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न को चुपचाप सहन नहीं करना चाहिए, बल्कि संबंधित विभाग से संपर्क कर सहायता प्राप्त करनी चाहिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान और मिशन शक्ति सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को शिक्षा, कौशल विकास और स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने अपने संदेश में कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण विकसित एवं समृद्ध समाज की आधारशिला है। महिलाओं के शिक्षित, जागरूक, सुरक्षित और आत्मनिर्भर होने से ही परिवार एवं समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने बाल विवाह, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी कुरीतियों के खिलाफ सामूहिक प्रयास करने की अपील की।

वहीं, डीपीओ-सह-नोडल पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास निगम, किशनगंज वंदना पांडेय ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने महिलाओं से स्वयं जागरूक बनने के साथ अपने परिवार और समाज की अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने की अपील की।

किशनगंज में 83,022 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित, पिछले साल से 5,479 मीट्रिक टन अधिक

डीएम नवीन कुमार ने पैक्स अध्यक्षों के साथ की बैठक, किसानों के निबंधन में तेजी लाने और समितियों की बकाया राशि भुगतान का दिया निर्देश

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।



धान अधिप्राप्ति विपणन वर्ष 2026-27 को लेकर गुरुवार को जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में जिले के पैक्स अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान खरीद की तैयारियों, विभागीय दिशा-निदेर्शों और अधिप्राप्ति के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस वर्ष किशनगंज जिले में 83,022 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष के 77,543 मीट्रिक टन की तुलना में 5,479 मीट्रिक टन अधिक है। अधिप्राप्त धान के एवज में 56,324 मीट्रिक टन चावल (सीएमआर) जमा करना होगा। इसमें 49,566 मीट्रिक टन सामान्य उसना और 6,759 मीट्रिक टन सामान्य अरवा चावल शामिल है।

बैठक में बताया गया कि इस वर्ष कृषि विभाग के एग्रीस्टैक पोर्टल पर निबंधित किसानों से ही उनकी अपलोड की गई भूमि संबंधी विवरणी के आधार पर धान की खरीद की जाएगी। रैयती किसानों से अधिकतम 250 क्विंटल तथा गैर रैयती किसानों से अधिकतम 100 क्विंटल धान खरीद की सीमा निर्धारित की गई है। पैक्स एवं व्यापार मंडलवार खरीद का लक्ष्य क्षेत्र में धान उत्पादन के वास्तविक आंकड़ों के आधार पर तय किया जाएगा। राज्य स्तर पर पिछले तीन खरीफ वर्षों के औसत धान उत्पादन को आधार बनाया गया है। इसके तहत किशनगंज जिले के लिए प्रति हेक्टेयर 39 क्विंटल धान का औसत निर्धारित किया गया है।

बैठक के दौरान पैक्स अध्यक्षों ने धान अधिप्राप्ति में आ रही समस्याओं से डीएम को अवगत कराया। दिघलबैंक पैक्स अध्यक्ष ने एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसानों के निबंधन के दौरान भूमि विवरण अपलोड करने में आ रही परेशानी उठाई। इस पर डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को समस्याओं का समाधान कराने का निर्देश दिया। वहीं, जिला कृषि पदाधिकारी को अधिक से अधिक किसानों का जल्द निबंधन सुनिश्चित कराने को कहा। इसके अलावा मिलिंग, हथालन और परिवहन की दरों का लंबे समय से पुनरीक्षण नहीं होने, मिलों से समितियों की संबद्धता में समिति का मंतव्य लेने तथा पड़ोसी राज्यों में धान चले जाने से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा हुई। डीएम ने विगत वर्षों में समितियों की बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित कराने का निर्देश जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को दिया।

बैठक में पूर्णिया डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष ने पैक्स अध्यक्षों के साथ धान अधिप्राप्ति को लेकर बैठक आयोजित करने के लिए डीएम के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता सह अधिप्राप्ति नोडल पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, जिले के सभी पैक्स अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पटना में दुल्हिन बाजार को नगर परिषद बनाने के प्रस्ताव पर घमासान

प्रखंड प्रमुख ने किया विरोध, विधायक ने रखी मूलभूत सुविधाओं की मांग

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ बिहार सरकार द्वारा दुल्हिन बाजार को नगर परिषद बनाने की घोषणा के बाद से स्थानीय स्तर पर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। इसी सिलसिले में सरकार के निदेर्शानुसार बुधवार को दुल्हिन बाजार प्रखंड कार्यालय परिसर



में बीस सूत्री कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष यशवंत कुमार ने की, जिसमें मुख्य रूप से दुल्हिन बाजार को नगर परिषद का दर्जा दिए जाने के प्रस्ताव पर लंबी चर्चा हुई। बैठक के दौरान दुल्हिन बाजार की प्रखंड प्रमुख रेखा देवी ने नगर परिषद बनाए जाने के फैसले का खुलकर विरोध किया। उन्होंने तर्क दिया कि बगल के पालीगंज अनुमंडल को नगर पंचायत बनाया गया है, जहाँ पहले से ही सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके विपरीत, दुल्हिन बाजार एक पूरी तरह से ग्रामीण और किसान-बहुल क्षेत्र है। यहाँ न तो कोई सुव्यवस्थित सब्जी मंडी है और न ही बेहतर अस्पताल की सुविधा। ऐसे में बिना बुनियादी सुविधाओं के दुल्हिन बाजार को अचानक नगर परिषद घोषित किया जाना किसी भी दृष्टिकोण से न्यायसंगत नहीं है।

मौके पर मौजूद स्थानीय माले विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने सरकार के समक्ष स्पष्ट शर्तें रखीं। उन्होंने मांग की कि नगर परिषद बनाने से पहले दुल्हिन बाजार में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, एक आधुनिक सब्जी मंडी का निर्माण हो और अन्य मूलभूत नागरिक सुविधाएं जनता को उपलब्ध कराई जाएं। विधायक ने दो टूक कहा कि क्षेत्र के विकास से उन्हें खुशी होगी, लेकिन प्रक्रिया के तहत पहले यहाँ सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल की जानी चाहिए। विरोध करने वालों में प्रखंड प्रमुख और पैक्स अध्यक्ष अंजलि देवी सहित कुछ अन्य लोग शामिल रहे, जबकि कई अन्य स्थानीय लोगों ने दुल्हिन बाजार को नगर परिषद बनाए जाने के निर्णय का समर्थन भी किया।

बैठक के दौरान पालीगंज एसडीओ चंदन कुमार, विधायक डॉ. संदीप सौरभ, प्रखंड प्रमुख रेखा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष यशवंत कुमार, उपाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार उर्फ सिंधु शर्मा, पैक्स अध्यक्ष अंजलि देवी और बीस सूत्री सदस्य विनोद शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रशासनिक स्तर पर मामले को लेकर मंथन जारी है।

पटना में हथियार के बल पर रंगदारी वसूलने वाला फरार अभियुक्त मनेर से गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी घाट पर नाविकों से हथियार के बल पर अवैध रंगदारी वसूली करने के एक मामले में फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त को पुलिस ने दबोच लिया है। गुप्त सूचना के आधार पर मनेर थाना पुलिस ने गुरुवार को मनेर बाजार में एक विशेष छापेमारी अभियान चलाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के पथलोटिया गांव निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोन नदी घाट क्षेत्र में नाविकों को निशाना बनाकर हथियार का खौफ दिखाया जाता था और जबरन रंगदारी की वसूली की जा रही थी। इस सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी और आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही थी। इसी क्रम में पुलिस को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि इस कांड का फरार अभियुक्त मनीष कुमार मनेर बाजार में किसी काम से आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना देर किए जाल बिछाया और उसे दबोच लिया। इस पूरे मामले पर जानकारी देते हुए मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि सोन नदी घाट पर नाविकों से हथियार के बल पर रंगदारी वसूलने की वारदात में मनीष कुमार लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ मनेर थाने में रंगदारी और आर्म्स एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज है।

थानाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि इस आपराधिक घटना में पुलिस पहले ही दो अन्य साथियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज चुकी है। पुलिस गिरफ्त में आए मनीष कुमार से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और उनके नेटवर्क का भी खुलासा किया जा सके। पूछताछ पूरी होने के बाद अभियुक्त को आगे की कानूनी कार्रवाई के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

पटना में स्मैक तस्करों को 11 लाख रुपये लेकर छोड़ने के मामले में एक सिपाही गिरफ्तार, सात पुलिसकर्मी फरार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र में स्मैक तस्करों के साथ पुलिस की मिलीभगत और रिश्वतखोरी के मामले में गाज गिरनी शुरू हो गई है। तस्करों को 11 लाख रुपये लेकर थाने से छोड़ने के गंभीर आरोप में गुरुवार को फुलवारीशरीफ थाने के आरक्षी आनंद राज को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं, इस सनसनीखेज मामले में नामजद अन्य सात पुलिसकर्मी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस महकमे ने एक विशेष टीम का गठन किया है और लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस पूरे प्रकरण में मुख्य तस्कर आकिब खान को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। इसी कड़ी में गुरुवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आफताब, शाहबाज और परवेज को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जाँच कर रही है, ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य चेहरों को भी बेनकाब किया जा सके।

फुलवारीशरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-1 (SDPO) नारायण उपाध्याय ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरक्षी आनंद राज को गुरुवार को जेल भेज दिया गया है, जबकि बाकी आरोपित पुलिसकर्मियों की धरपकड़ के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी जारी है। यह पूरा मामला 26 अक्टूबर का है, जब गुप्त सूचना के आधार पर फुलवारीशरीफ थाना पुलिस ने नया टोला स्थित पठान टोली (वार्ड संख्या 24) में एक बड़ी छापेमारी की थी। इस दौरान पुलिस ने आकिब खान उर्फ मोहम्मद साकिब खान (32) को अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) के साथ दबोचा था। इस सिलसिले में फुलवारीशरीफ थाना कांड संख्या 1867/26 दर्ज करते हुए उसे जेल भेजा गया था।

अनुसंधान के दौरान पुलिस की आंतरिक कार्यप्रणाली में भारी गड़बड़ी और भ्रष्टाचार उजागर हुआ। जाँच में पता चला कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने आकिब के साथ-साथ मोहम्मद आफताब आलम और मोहम्मद एहसान को भी हिरासत में लिया था और थाने लाई थी। लेकिन, सांठगांठ के तहत दोनों युवकों के नाम मुख्य प्राथमिकी से गायब कर दिए गए। आरोप है कि कुछ पुलिसकर्मियों ने इन दोनों युवकों से लगभग 11 लाख रुपये की भारी रकम घूस के रूप में वसूली और उन्हें छोड़ दिया। इस खेल की भनक वरीय अधिकारियों को भी नहीं लगने दी गई। मामला तूल पकड़ने पर सहायक पुलिस अधीक्षक (ASP) फुलवारीशरीफ से इसकी विस्तृत जाँच कराई गई। जाँच रिपोर्ट में आठ पुलिसकर्मियों की संलिप्तता प्रथम दृष्टया सही पाई गई, जिसके बाद सभी के खिलाफ फुलवारीशरीफ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

आरोपियों में सहायक थाना प्रभारी दिवाकर प्रसाद, नारद मुनि सिंह, रितेश कुमार, आकाश कुमार, पवन कुमार, साबिर आलम, आनंद राज और शुभम कुमार शामिल हैं। इनमें से सिपाही आनंद राज की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि शेष सात पुलिसकर्मियों की तलाश में पुलिस की विशेष टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। इस कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

पटना के मसौढ़ी में जीविका के डाटा ऑपरेटर की गला दबाकर हत्या

पानी भरे गड्ढे से मिला शव; चेहरे और हाथ पर जख्म के निशान

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र स्थित दहिभत्ता के जवाहर नगर मोहल्ले में उपकारा के पीछे एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ गुरुवार सुबह सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में जीविका कार्यालय के एक डाटा एंट्री ऑपरेटर का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान नालंदा जिले के पावापुरी थाना क्षेत्र स्थित दरियापुर गाँव निवासी महेंद्र पुरी के 24 वर्षीय पुत्र श्लोक कुमार गिरी के रूप में हुई है। वह पिछले सात वर्षों से मसौढ़ी जीविका कार्यालय में कार्यरत था और उपकारा के पीछे किराए के मकान में अकेले रहता था। सहकर्मियों के मुताबिक, श्लोक बुधवार को रोज की तरह कार्यालय आया था और शाम करीब पाँच बजे काम निबटाकर अपने कमरे पर लौटा था। मकान मालिक के अनुसार, बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आने के बाद वह कमरे से बाहर निकला था। इसके बाद वह वापस लौटा या नहीं, इसकी जानकारी किसी को नहीं मिल सकी। गुरुवार की सुबह उसका शव किराए के कमरे से महज 50 कदम की दूरी पर जलकुंभी के बीच पानी भरे गड्ढे में पड़ा मिला। प्रथम दृष्टया पुलिस और परिजनों द्वारा गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। मृतक के चेहरे और हाथ पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं, जिससे अंदेशा है कि हत्या से पहले उसके साथ मारपीट भी की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ राघव दयाल और थानाध्यक्ष विवेक भारती दल-बल के साथ मौके पर पहुँचे। मृतक के जीजा अजीत कुमार—जो गया में जीविका कार्यालय में रोकड़पाल हैं—सबसे पहले मौके पर पहुँचे और शव की पहचान की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि श्लोक का जहानाबाद की एक युवती से संपर्क था। उन्होंने आशंका जताई है कि रात में किसी ने उसे बहाने से बुलाकर इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल, युवती से उसके संबंधों और अन्य सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर गहन जाँच कर रही है।

पटना में दीपावली की सफाई के दौरान पानी गिरने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत सराय पंचायत के महुआरी बगीचा गाँव में दीपावली के पावन पर्व से ठीक पहले सफाई को लेकर उपजा विवाद तूल पकड़ गया। घर की साफ-सफाई के दौरान पानी गिराने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक ही परिवार के सदस्यों समेत कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में संतोष कुमार, उनकी बहन खुशबू कुमारी और राहुल कुमार प्रमुख रूप से शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए मनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महुआरी बगीचा गाँव निवासी संतोष कुमार और उनकी बहन खुशबू कुमारी आगामी दीपावली पर्व की तैयारियों में जुटे थे। वे अपने घर की पानी से अच्छी तरह साफ-सफाई कर रहे थे। इसी दौरान घर से निकला गंदा पानी बाहर गिरने और सफाई करने के तौर-तरीकों को लेकर उनके ही पट्टीदार राहुल कुमार के साथ तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के बीच पहले जमकर गाली-गलौज हुई और देखते ही देखते मामला हाथापाई से होते हुए खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों के साथ आमने-सामने आ गए, जिससे पूरे इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और दहशत का माहौल कायम हो गया। इस हिंसक झड़प में संतोष कुमार, खुशबू कुमारी और राहुल कुमार समेत चार लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत मनेर अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से संतोष कुमार और खुशबू कुमारी ने मनेर थाने में पहुँचकर इस संबंध में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच की जाए और इस तरह सरेआम हिंसा पर उतारू होने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मनेर थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयानों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिवत कार्रवाई की जा रही है। त्योहार के वक्त हुई इस घटना से गाँव में तनाव का माहौल है, जिसपर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।

सरकारी नौकरी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म करने वाला फरार मुख्य आरोपी सूरत से गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिला के खगौल थाना क्षेत्र में सरकारी नौकरी का झांसा देकर एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने त्वरित और साहसिक कार्रवाई करते हुए फरार मुख्य आरोपी को गुजरात के सूरत से दबोच लिया है। घटना के बाद से लगातार आठ दिनों तक पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस की विशेष टीम को आखिरकार बड़ी सफलता हाथ लगी है। मामले की जानकारी देते हुए दानापुर-1 के अपर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार ने एक प्रेसवार्ता में बताया कि रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र का रहने वाला आरोपी अभिषेक दुबे उर्फ राकेश दुबे पिछले 25 अक्टूबर को पीड़ित किशोरी को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर झांसे में लिया। आरोपी ने उसे ददन हांडी रोड स्थित सैनिक गेस्ट हाउस में कागजात के साथ बुलाया। जब किशोरी वहाँ पहुँची, तो आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म की इस घृणित घटना को अंजाम दिया।

वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसके बाद डरी-सहमी पीड़िता ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही खगौल थाना पुलिस मौके पर पहुँची और छानबीन शुरू की। पीड़िता के लिखित बयान के आधार पर खगौल थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

संगठन की मजबूती और बूथ सशक्तीकरण पर भाजपा कुकडू मंडल की बैठक में हुई चर्चा

मंडल अध्यक्ष सुमन मुखर्जी की अध्यक्षता में जुटे पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, संगठन विस्तार का लिया संकल्प

समाज जागरण

चांडिल। कुकडू सामुदायिक भवन में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी कुकडू मंडल की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष सुमन मुखर्जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में मंडल प्रभारी दिवाकर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत महतो, प्रदेश किसान मोर्चा कोल्हान के सह प्रभारी विजय कोईरी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की मजबूती का आधार बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। इसलिए प्रत्येक बूथ पर संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाने के साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अभिराम महतो, महामंत्री ठाकुरदास मुंडा एवं प्रवीर महतो, सोशल मीडिया प्रभारी आनंद प्रामाणिक, अजय सिंह सरदार, शत्रुघ्न माछुवा, राजकिशोर सिंह मुंडा, निधुराम कुमार, सुमन पोद्दार, राहुल पांडेय, बबलू कालिंदी, मनोरंजन पांडेय, मनोरंजन सिंह, सुभोजीत दत्ता, रूपेण मंडल, संजय महतो, आनंद दास, निखिल मंडल, इन्द्र कालिंदी एवं राकेश महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

मनोरंजन महतो के निधन पर विधायक सविता महतो ने जताया शोक, परिजनों को सरकारी सहायता दिलाने का दिया निर्देश

समाज जागरण

कुकडू प्रखंड के छोटा लापांग निवासी स्वर्गीय मनोरंजन महतो के त्रयोदशाह कर्म में गुरुवार को ईचागढ़ की विधायक सविता महतो शामिल हुईं। उन्होंने दिवंगत मनोरंजन महतो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान विधायक ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि मनोरंजन महतो का असमय चले जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। उन्होंने अंचलाधिकारी कुकडू अभय द्विवेदी और तिरुलडीह थाना प्रभारी विपुल ओझा को निर्देश दिया कि मामले में न्यायिक प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक कार्रवाई जल्द पूरी की जाए, ताकि सरकार की ओर से मिलने वाली सहयोग राशि पीड़ित परिवार को शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके। विधायक ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की कामना की। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य राजीव (काबलू) महतो, इंद्रजीत महतो, प्रखंड सचिव युधिष्ठिर माझी, सूर्य कांत महतो, शिक्षक गुणाधर महतो, अमर महतो, संजीव सरदार, सालबो सिंह सरदार, प्रकाश महतो, जगन्नाथ महतो, अजय सिंह मानकी, धीरज महतो, गोपाल गोप समेत अन्य उपस्थित थे।



प्रभात खबर के वरिष्ठ पत्रकार प्रियारंजन के खाते से एक लाख रुपये की साइबर ठगी,थाने में की लिखित शिकायत

अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 05 नवंबर 2026: आदित्यपुर क्षेत्र में साइबर ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसी क्रम में आदित्यपुर निवासी एवं प्रभात खबर के वरिष्ठ पत्रकार प्रियरंजन के बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से एक लाख रुपये की अवैध निकासी का मामला सामने आया है।

इस संबंध में उन्होंने गुरुवार को आदित्यपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से राशि की रिकवरी कराने की गुहार लगाई है।



शिकायत के अनुसार, प्रियरंजन के आईसीआईसीआई बैंक, बिस्टुपुर शाखा स्थित खाते से बीते दो नवंबर को दोपहर 3:19 बजे यूपीआई के माध्यम से एक लाख रुपये का ट्रांजेक्शन किया गया। यह राशि इमामुल हसन नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हुई है। हालांकि, प्रियरंजन का कहना है कि उन्होंने उक्त व्यक्ति को कोई पैसा ट्रांसफर नहीं किया है और न ही इस तरह के किसी लेनदेन की जानकारी उन्हें थी। गुरुवार को जब वे एक व्यक्ति को पैसे भेजने के लिए मोबाइल से यूपीआई ट्रांजेक्शन कर रहे थे, तब खाते में एक लाख रुपये कम होने की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने बैंक प्रबंधन को मामले से अवगत कराया और आदित्यपुर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत के साथ लेनदेन का पूरा विवरण पुलिस को सौंपा। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर ठगी गई एक लाख रुपये की राशि जल्द से जल्द वापस कराने की मांग की है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है और मामले की जानकारी जुटा रही है।

जामडीह ओवरब्रिज के चालू होने का इंतजार जल्द होगा खत्म, 14 नवंबर की मिली डेडलाइन

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण, बोले- तकनीकी अड़चन नहीं आई तो शुरू होगा आवागमन

समाज जागरण

चांडिल। नीमडीह प्रखंड के जामडीह में निमार्णाधीन ओवरब्रिज को लेकर क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। लंबे समय से ओवरब्रिज चालू होने का इंतजार कर रहे लोगों को आगामी 14 नवंबर से आवागमन की सुविधा मिल सकती है। गुरुवार को रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने जामडीह पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से निर्माण की प्रगति एवं ओवरब्रिज को चालू करने की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के बाद संजय सेठ ने कहा कि ओवरब्रिज को आम लोगों के लिए चालू करने की दिशा में काम किया जा रहा है। यदि किसी प्रकार की तकनीकी या अन्य समस्या सामने नहीं आती है, तो 14 नवंबर को इसे आम जनता के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्धारित समय तक आवश्यक कार्य पूरे कर लिए जाएंगे, जिससे लोगों को जल्द इसका लाभ मिल सकेगा। गौरतलब है कि जामडीह ओवरब्रिज के चालू होने से नीमडीह प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। लंबे समय से इस ओवरब्रिज के चालू होने की प्रतीक्षा की जा रही है। इसके निर्माण और चालू होने में हो रही देरी के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब 14 नवंबर की संभावित तारीख सामने आने के बाद लोगों में जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है।



स्थानीय लोगों का मानना है कि ओवरब्रिज शुरू होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों का समय भी बचेगा। इसके साथ ही दैनिक यात्रियों, राहगीरों और वाहन चालकों को भी काफी सहूलियत मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता हरेलाल महतो, पप्पू वर्मा, खोगेन महतो और अनिता पारित समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

दिवाली पर एक क्लिक से खाली हो सकता है बैंक खाता, टाटा स्टील के कर्मचारी के खाता से बीस हजार का साइबर ठगी का प्रयास

अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान

जमशेदपुर (झारखंड) 05 नवंबर 2026: दिवाली पर एक क्लिक से खाली हो सकता है बैंक खाता, यूजर्स के लिए बनी चेतावनी।साइबर ठगों से सावधान, गृह मंत्रालय ने भी जारी की चेतावनी, ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए अलर्ट जारी।दिवाली का त्योहार खुशियों, खरीदारी, उपहारों और अपनों के साथ खुशियां बांटने का अवसर होता है। त्योहार के दौरान बाजारों के साथ-साथ ऑनलाइन खरीदारी का चलन भी तेजी से बढ़ जाता है। लोग मोबाइल फोन से मिठाइयां, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान और दूसरे उपहार खरीदते हैं। इसके अलावा व्हाट्सऐप और अन्य माध्यमों से शुभकामना संदेश, दिवाली कार्ड और उपहारों के लिंक भी एक-दूसरे को भेजे जाते हैं। लेकिन इस उत्सवी माहौल के बीच साइबर ठग भी सक्रिय हो जाते हैं। वे लोगों की जल्दबाजी, आकर्षक छूट पाने की इच्छा और मुफ्त उपहार के लालच का फायदा उठाकर उनके बैंक खातों तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। ऐसे में दिवाली की एक छोटी-सी डिजिटल लापरवाही आपकी वर्षों की जमा पूंजी पर भारी पड़ सकती है। कई बार किसी अनजान लिंक पर क्लिक करना, नकली वेबसाइट पर बैंक की जानकारी भरना या मोबाइल में संदिग्ध ऐप डाउनलोड करना आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है। खास बात यह है कि साइबर अपराधी केवल तकनीकी रूप से कम जानकारी रखने वाले लोगों को ही निशाना नहीं बनाते, बल्कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का नियमित इस्तेमाल करने वाले लोग भी उनके जाल में फंस सकते हैं।



घटना क्या हुआ

इसी बीच टाटा स्टील लिमिटेड के एरिया मैनेजर दीपक कुमार के खाता से लगभग बस हजार की ठगी होते हुए बचे।उन्होंने अपने सूझ बूझ से अपने साथ होने वाले ठगी को बचा लिया।दीपक का कहना है कि आज त्योहारों का मौसम चल रहा है इसी भी साइबर ठगो की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और वे सीधे साधे लोगों को मौका देखते ही अपना शिकार बना लेते है।दीपक के फोन में जब एक साइबर ठगी करने वाले ने वाट्सअप के जरिए बीस हजार रुपए की मदद मांगी तो उन्होंने पहले जड़ तक जाने का कोशिश किया उसके बाद उन्होंने डायरेक्ट फोन करने की कोशिश की जिसमें पता चला कि फोन ऑफ है।जिससे दीपक होशियारी से काम किया और शिकार होने से अपने आप को बचा लिया।

जीर्णोद्धार के बाद बजरंगबली मंदिर में आज विराजेंगे भगवान बजरंगबली, धार्मिक अनुष्ठान के साथ अखंड संकीर्तन शुरू

समाज जागरण

गोड्डा मेहरमा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित भगवान बजरंगबली मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद प्रतिमा स्थापना को लेकर गुरुवार को पूरे विधि-विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुआ। इस अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन भी प्रारंभ किया गया। हरे रामा, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे की धून से पूरा परिसर गुंजायमान हो रहा है। संकीर्तन में श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान में यजमान के रूप में अपनी पत्नी के साथ बाबूलाल साह के अलावा बीडीओ अभिनव कुमार, सीओ खगेन महतो,बीपीओ अजीत कुमार सिंह सहित कई श्रद्धालु शामिल हुए। बताया गया कि प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर की स्थिति इन दिनों काफी जर्जर हो गई थी। इसे देखते हुए बीडीओ अभिनव कुमार की अगुवाई में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। कार्य पूरा होने के बाद पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार पूजा-अर्चना और अन्य धार्मिक अनुष्ठान शुरू किए गए। आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार को विधि-विधान के साथ नवनिर्मित मंदिर में भगवान बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसे लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। नवनिर्मित मंदिर में भगवान बजरंगबली के विराजने के साथ ही मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर स्थानीय लोगों में संतोष कुमार साह, गोपी साह, जगदीश साह, गनोरी साह, मुकेश कुमार, योगेश कुमार, टिंकू यादव, मुरलीधर यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।



सासाराम में युवती से सामूहिक दुष्कर्म, ऑटो चालक समेत दो आरोपी गिरफ्तार

ताराचंडी मंदिर के पास से युवती ने किराये पर लिया था ऑटो, सुनसान रास्ते पर ले जाकर वारदात को दिया अंजाम; पुलिस ने ऑटो भी किया बरामद

समाज जागरण पारसनाथ दुबे, समाज जागरण, डेहरी।

सासाराम (रोहतास)। रोहतास जिले के सासाराम में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के संबंध में रोहतास पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑटो चालक और उसके सहयोगी दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त ऑटो भी बरामद कर लिया है।



पुलिस के अनुसार, युवती ने ताराचंडी मंदिर के समीप से ऑटो किराये पर लिया था। इसके बाद ऑटो चालक और उसके सहयोगी युवती को सुनसान रास्ते से करवंदिया स्थित एक दुकान पर ले गए, जहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप कुमार (27 वर्ष), पिता स्व. विश्वनाथ साह, निवासी करवंदिया तथा चितरंजन कुमार (27 वर्ष), पिता स्व. राजेश पासवान, निवासी बांसा के रूप में हुई है। दोनों करवंदिया थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, घटना में इस्तेमाल किए गए ऑटो को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

छठ-दीपावली से पहले डीएम सख्त, सड़क, बिजली और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को नहीं होनी चाहिए परेशानी, जर्जर तारों और सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने का आदेश

समाज जागरण पारसनाथ दुबे, समाज जागरण, डेहरी।

सासाराम (रोहतास)। छठ और दीपावली पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सड़क, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पर्व से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और जनसुविधाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के सख्त निर्देश दिए।







जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण विभाग (आरसीडी) और ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) के अधिकारियों को जिले की सभी प्रमुख सड़कों, संपर्क पथों और ग्रामीण सड़कों पर बने गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं और आम लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर विशेष ध्यान दिया जाए।

विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने छठ घाटों और प्रमुख मार्गों पर निर्बाध एवं सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जर्जर बिजली तारों और क्षतिग्रस्त उपकरणों को तत्काल बदलने अथवा ठीक कराने का निर्देश दिया, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे।

वहीं, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) को सार्वजनिक स्थलों और छठ घाटों पर पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने तथा खराब पड़े चापाकलों की तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनसुरक्षा और आम लोगों की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।

डीएम-एसपी ने डेहरी के छठ घाटों का लिया जायजा, सुरक्षा और व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

सुधा फैक्ट्री और एनीकट छठ घाटों का किया निरीक्षण, बैरिकेडिंग, रोशनी, सफाई और पेयजल की व्यवस्था समय पर पूरी करने को कहा

समाज जागरण पारसनाथ दुबे, समाज जागरण, डेहरी।

डेहरी (रोहतास)। छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक ने डेहरी स्थित सुधा फैक्ट्री एवं एनीकट छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों पर उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग कराने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और आवागमन के रास्तों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े।

वहीं, पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को भी कहा गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। घाटों की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी डेहरी, ओएसडी, अंचलाधिकारी और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पटना के पालीगंज में दहेज की खातिर नवविवाहिता की हत्या

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के खपुरा गाँव से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर एक नवविवाहिता की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इतना ही नहीं, आरोप है कि हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से ससुराल वालों ने मृतका के शव को चुपचाप जलाकर ठिकाने लगा दिया। इस सनसनीखेज घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान धनबाद निवासी बेबी देवी की 22 वर्षीय पुत्री रीता कुमारी के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका रीता कुमारी की शादी महज छह महीने पहले ही पालीगंज थाना क्षेत्र के खपुरा गाँव निवासी सुरेंद्र भगत के पुत्र प्रद्युम्न कुमार के साथ हिंदू रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुई थी। मायके वालों का कहना है कि शादी के वक्त उन्होंने अपनी सामर्थ्य और क्षमता के अनुसार भरपूर दान-दहेज दिया था। लेकिन, शादी के कुछ ही हफ़्तों बाद से ससुराल पक्ष की भूख शांत नहीं हुई और वे अतिरिक्त दहेज की माँग को लेकर रीता पर मानसिक और शारीरिक अत्याचार करने लगे।

मृतका की माँ बेबी देवी ने थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया है कि जब उन्होंने अपनी बेटी को कुछ दिनों के लिए मायके बुलाना चाहा, तो ससुराल वालों ने बकाया दहेज की माँग पूरी किए बिना उसे भेजने से साफ इनकार कर दिया। जब मायके पक्ष ने अतिरिक्त दहेज देने में अपनी असमर्थता जताई, तो रीता पर जुल्म और बढ़ा दिए गए। आरोप है कि इसी प्रताड़ना के दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने दो दिन पूर्व रीता की हत्या कर दी। क्रूरता की हदें पार करते हुए उन्होंने मामले को दबाने और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को जला दिया और रातों-रात घर छोड़कर फरार हो गए। घटना की भनक लगते ही मृतका के परिवार में कोहराम मच गया और वे तुरंत खपुरा गाँव के लिए रवाना हुए। घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज थाना पुलिस तुरंत हरकत में आई और पुलिस बल के साथ खपुरा गाँव पहुँचकर मामले की गहन छानबीन शुरू की। पुलिस ने मृतका की माँ के आवेदन के आधार पर पति समेत अन्य ससुराल वालों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जाँच के बाद वैधानिक कार्रवाई तेज कर दी गई है। हालांकि, हत्या और शव को साक्ष्य छिपाने की नीयत से जलाने के इन गंभीर आरोपों की सच्चाई पुलिसिया अनुसंधान और फॉरेंसिक जाँच के बाद ही पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

दीपावली पर राज्य कर्मचारियों को योगी सरकार का तोहफा, सीएम ने दी 30 दिन के बोनस की स्वीकृति

समाज जागरण

लखनऊ, 5 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए वर्ष 2025-26 के लिए 30 दिन का तदर्थ बोनस देने की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है।

सरकार के इस फैसले का लाभ पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों के साथ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और सरकारी विभागों में कार्यरत पात्र कर्मचारियों को भी मिलेगा।

शासनादेश के अनुसार, बोनस की गणना के लिए अधिकतम मासिक वेतन 7,000 रुपये तय किया गया है। इसके आधार पर पात्र कर्मचारियों को अधिकतम 6,908 रुपये बोनस मिलेगा। इसका लाभ उन्हीं कर्मचारियों को मिलेगा, जिन्होंने 31 मार्च 2026 तक एक साल की लगातार सेवा पूरी कर ली है। वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 तक के अराजपत्रित कर्मचारी इसके दायरे में आएंगे।

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी बोनस

योगी सरकार ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी बोनस देने का फैसला किया है। इसके लिए छह दिन के कार्य सप्ताह वाले कार्यालयों में कर्मचारी का लगातार तीन साल तक काम करना और हर साल कम से कम 240 दिन कार्य करना जरूरी है। पांच दिन के कार्य सप्ताह वाले कार्यालयों में हर साल कम से कम 206 दिन काम करने की शर्त है। ऐसे कर्मचारियों को अधिकतम 1,184 रुपये बोनस मिलेगा।

बोनस की कुल राशि का 75 प्रतिशत हिस्सा कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खाते में जमा किया जाएगा, जबकि 25 प्रतिशत राशि नकद दी जाएगी। जिन कर्मचारियों का पीएफ खाता नहीं है, उन्हें नियमानुसार एनएससी या पीपीएफ के माध्यम से यह राशि दी जाएगी। वहीं, 31 मार्च 2026 के बाद सेवानिवृत्त हो चुके या 30 अप्रैल 2027 तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को बोनस की पूरी राशि नकद दी जाएगी।

दोषी पाए गए कर्मचारियों को नहीं मिलेगा बोनस

शासनादेश के अनुसार, वर्ष 2025-26 में विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई या आपराधिक मुकदमे में दोषी पाए गए कर्मचारियों को बोनस नहीं मिलेगा। जिन कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई या आपराधिक मुकदमा लंबित है, उनका बोनस मामले का फैसला आने तक रोक दिया जाएगा। कर्मचारी के दोषमुक्त होने पर नियमानुसार बोनस का भुगतान किया जाएगा।

सिवानी में 9 नवंबर को सजेगा हरियाणवी संस्कृति का रंग , श्री विश्वकर्मा दिवस पर होगा भव्य आयोजन

हवन-यज्ञ, हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशाल भंडारे का होगा आयोजन, वंदना राजेश केडिया व रविंद्र केडिया होंगे मुख्य अतिथि

वीरपाल खरकिया, पूजा राव, रेखा लांबा सहित कई प्रसिद्ध कलाकार देंगे रंगारंग प्रस्तुतियां, प्रधान भागीरथ जांगड़ा ने क्षेत्रवासियों को दिया निमंत्रण

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

सिवानी मंडी। श्री विश्वकर्मा दिवस के पावन अवसर पर श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला सेवा समिति की ओर से 9 नवंबर को सिवानी में भव्य धार्मिक एवं हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हवन-यज्ञ, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान के साथ हवन-यज्ञ से होगी। इसके बाद हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगीत, रागनी और भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी। वंदना राजेश केडिया और रविंद्र केडिया होंगे मुख्य अतिथि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वंदना राजेश केडिया, चेयरपर्सन एवं प्रतिष्ठित उद्योगपति व समाजसेवी तथा रविंद्र केडिया, प्रतिष्ठित उद्योग पति एवं समाजसेवी शिरकत करेंगे। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता, सेवा भावना और हरियाणवी लोक संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।

प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम में वीरपाल खरकिया एवं पार्टी, पूजा राव एवं पार्टी, रेखा लांबा, पिंकी शर्मा, ओमपाल खरखड़िया, राममेहर शर्मा भाड़वा, कृष्ण सिंधवा, लक्ष्य बैनीवाल तथा कृष्ण बामला अपनी शानदार प्रस्तुतियां देंगे। कलाकारों की प्रस्तुतियों के माध्यम से हरियाणवी लोक संगीत, रागनी और पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। प्रधान भागीरथ जांगड़ा ने की क्षेत्रवासियों से अपील श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला सेवा समिति के प्रधान भागीरथ जांगड़ा और सदस्यों ने बताया कि श्री विश्वकर्मा दिवस समाज के लिए श्रद्धा, मेहनत, निर्माण और एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य समाज की परंपराओं को आगे बढ़ाना और नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों, श्रद्धालुओं और समाज के लोगों से अपील की कि वे 9 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर हवन-यज्ञ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विशाल भंडारे में भाग लें तथा आयोजन की शोभा बढ़ाएं।

प्रेम नगर में भेड़-बकरी चोरी के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की टीम ने प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी को लिया गिरफ्त में, 1,000 रुपये बरामद

पशु चोरी के मामले में दो आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार, जींद जिले का रहने वाला है तीसरा आरोपी

दैनिक समाज जागरण [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी। डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की पुलिस टीम ने प्रेम नगर में भेड़-बकरी चोरी के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1,000 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए। पुलिस अधीक्षक भिवानी मयंक मिश्रा, आईपीएस के निर्देशानुसार जिले में पशु चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रेम नगर निवासी सुनील ने थाना सदर भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 फरवरी 2026 की रात को अज्ञात व्यक्ति उनके गांव में बने बाड़े से भेड़-बकरियां चोरी करके ले गए थे। शिकायत के आधार पर थाना सदर भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की टीम ने एएसआई कश्मीर सिंह के नेतृत्व में माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर चोरी की वारदात में शामिल तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्रम पुत्र रोहतास निवासी गांव रिजवान खुर्द, जिला जींद के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 1,000 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी विक्रम को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला कारागार भेज दिया गया है। वहीं, मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयास कर रही है।

तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने ई रिक्शा में मारी जोरदार टक्कर चालक सहित दो गंभीर घायल

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

मंडावर। बुधवार की देर शाम कस्बे का ई रिक्शा चालक मोहम्मद जावेद पुत्र रियाजुद्दीन मोहल्ला काजियान निवासी अपनी ई रिक्शा से सवारी अमीर अहमद पुत्र जमीर अहमद मोहल्ला कसावान निवासी को दयालवाला बस स्टैंड पर छोड़ने के लिए जा रहा था। जब वह मंडावर बस स्टैंड पर पहुंचा तो चंदक की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो गाडी ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें ई रिक्शा चालक मोहम्मद जावेद व अमीर अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची मडावर पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना देते हुए दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल बिजनौर पहुंचवाया। बोलेरो चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बोलेरो गाडी को कब्जे में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस ने बोलोरो चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कार्तिक गंगा स्नान मेले के लिए मेला मजिस्ट्रेट नामित

20 से 24 नवंबर तक दारानगर गंज विदुर कुटी के गंगा घाट पर आयोजित होगा कार्तिक गंगा स्नान मेला

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

बिजनौर 5 नवंबर। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बिजनौर द्वारा प्रेषित पत्र के क्रम में जनपद बिजनौर में कार्तिक गंगा स्नान मेला 2026 का आयोजन आगामी 20 नवंबर से 24 नवंबर 2026 तक तहसील बिजनौर के ग्राम दारानगर गंज स्थित विदुर कुटी के गंगा घाट पर किया जाएगा। मेले का मुख्य पर्व 24 नवंबर, मंगलवार को संपन्न होगा। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मेले के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी (सदर) बिजनौर स्मृति मिश्रा मोबाइल नंबर 9454 416896 को मेला मजिस्ट्रेट नामित किया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार मेला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया है कि वह निर्धारित अवधि में मेले का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करें। कार्तिक गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

वेल्डिंग दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

सिवानी पुलिस ने दोनों आरोपियों से 3 हजार रुपये किए बरामद, वेल्डिंग सेट की चार लीड चोरी करने का था आरोप

पूछताछ में थाना क्षेत्र की तीन अन्य चोरी की वारदातों का भी किया खुलासा, दोनों आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में रहे हैं शामिल

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

सिवानी। थाना सिवानी पुलिस ने वेल्डिंग की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 3,000 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने थाना सिवानी क्षेत्र में तीन अन्य स्थानों पर भी चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया है। पुलिस अधीक्षक भिवानी मयंक मिश्रा, आईपीएस के निदेर्शानुसार जिले में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार गांव देवसर निवासी विक्रम ने थाना सिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि सिवानी में उसकी वेल्डिंग की दुकान है। 30 सितंबर 2026 की रात को अज्ञात व्यक्तियों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखा वेल्डिंग सेट की चार लीड चोरी कर ली थीं। शिकायत के आधार पर थाना सिवानी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। एएसआई देवेंद्र कुमार की टीम ने की गिरफ्तारी मामले की जांच के दौरान थाना सिवानी के एएसआई देवेंद्र कुमार की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय पुत्र महेंद्र निवासी वार्ड नंबर 11, सिवानी तथा राकेश पुत्र कृष्ण निवासी वार्ड नंबर 11, सिवानी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी अजय के कब्जे से 2,000 रुपये तथा आरोपी राकेश के कब्जे से 1,000 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में शामिल रहे हैं और उनके खिलाफ पूर्व में भी चोरी के अभियोग दर्ज हैं। तीन अन्य चोरी की वारदातें भी कबूली पुलिस पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने थाना सिवानी क्षेत्र में तीन अन्य स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम देना भी कबूल किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए हैं।

पिपरी पुलिस को मिली सफलता, वर्ष 2021 से चोरी के मुकदमे में फरार चल रहा वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निदेर्शों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री मेविस टॉक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना पिपरी पुलिस द्वारा वर्ष 2021 से चोरी के मुकदमे में फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त *लाला कुमार पुत्र मिन्द्रा उर्फ मोहन, निवासी जैन सिनेमा हॉल के सामने, वार्ड नं0-01, मलिन बस्ती पिपरी, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 05.11.2026 को थाना पिपरी पुलिस क्षेत्र में देखभाल एवं रोकथाम जुर्म-जरायम में मामूर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि वर्ष 2021 से चोरी के मुकदमे में फरार चल रहा वारंटी अभियुक्त दीपावली के अवसर पर पुणे से अपने घर आया हुआ है। अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर अभियुक्त भागने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा काफी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

पंजाब में अगली सरकार बनाने की चाबी भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी के हाथ में होगी: सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल

समाज जागरण

जैतो,5 नवंबर(रघुनंदन पराशर जैतो): भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी (बीआरपी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पंजाब प्रदेश प्रभारी सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भुखड़ी कलां ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में भाजपा का डबल इंजन बुरी तरह फेल होगा। ग्रेवाल ने अपने एक्स खाते पर लिखी पोस्ट में कहा कि यदि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने अपने पुराने अनुभवी नेताओं, वफादार कार्यकताओं और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने वाले लोगों पर भरोसा किया होता तो आज पंजाब में भाजपा की मजबूत राजनीतिक जमीन हो सकती थी। लेकिन अपने पुराने नेताओं और समर्पित कार्यकताओं को संभालने के बजाय दूसरी पार्टियों से नेताओं को लाने पर भारी पैसा और संसाधन खर्च किए गए।उन्होंने कहा, जो भाजपा अपने पुराने नेताओं और वफादार कार्यकताओं पर भरोसा नहीं कर सकी, वह पंजाब के लोगों से भरोसे की उम्मीद कैसे कर सकती है? पंजाब कोई सियासी मंडी नहीं है, जहां दूसरी पार्टियों से नेताओं को लाकर इकट्ठा कर देने से चुनाव जीत लिया जाए। पंजाबी हर राजनीतिक चाल को अच्छी तरह समझते हैं।ह्वग्रेवाल ने आगे कहा कि किसान आंदोलन, तीन कृषि कानूनों की वापसी और पंजाब के किसानों, खेत



मजदूरों तथा ग्रामीण लोगों के मन में मौजूद पुराने सवालों को केवल दल-बदल और राजनीतिक गठबंधनों के सहारे खत्म नहीं किया जा सकता।आम आदमी पार्टी से भाजपा में शामिल हुए दस नेताओं पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि दस राजनीतिक चेहरों को पार्टी में शामिल कर लेने का अर्थ यह नहीं है कि दस मजबूत वोट बैंक भी मिल गए हैं। किसी नेता की पहचान होना अलग बात है और अपने दम पर जनता की वोट हासिल करने की ताकत होना बिल्कुल अलग बात हैभाजपा के पिछले चुनावी प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए ग्रेवाल ने कहा कि 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में भाजपा केवल दो सीटें जीत सकी थी और 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ने के बावजूद पंजाब की 13 सीटों में से एक भी सीट नहीं जीत पाई।ग्रेवाल ने कहा, मैंने भारतीय जनता पार्टी में 34 वर्ष काम किया है। मैं पार्टी के संगठन, अंदरूनी कामकाज और राजनीतिक हकीकतों को भीतर से जानता हूं। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि दिल्ली के रिमोट कंट्रोल, बाहर से लाए गए नेताओं और धनबल के सहारे भाजपा पंजाब नहीं जीत सकती।सीधी चेतावनी देते हुए ग्रेवाल ने कहा, नितिन नवीन जी और श्री अमित शाह जी, मेरी इस भविष्यवाणी को एक सफेद कागज पर लिखकर अपने पास संभालकर रख लीजिए। 2027 में पंजाब की जनता भाजपा के डबल इंजन को पूरी तरह नकार देगी। आप जितने मर्जी नेता ले आइए, शिरोमणि अकाली दल या किसी दूसरी पार्टी के साथ जितने मर्जी गठबंधन कर लीजिए, लेकिन पंजाबियों की राजनीतिक इच्छा शक्ति को नहीं हरा सकते।ग्रेवाल ने जोरदार घोषणा की कि भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी पंजाब की राजनीति में निर्णायक ताकत बनकर उभरेगी और पंजाब में अगली सरकार बनाने की चाबी बीआरपी के हाथ में होगी।उन्होंने कहा, पंजाब में अगली सरकार किसकी बनेगी, इसका अंतिम फैसला पंजाब के लोगों की इच्छा, सोच और आकांक्षाओं के अनुसार होगा। सरकार बनाने की चाबी बीआरपी के हाथ में होगी। पंजाब को किस दिशा में आगे ले जाना है, इसमें हमारी पार्टी निर्णायक भूमिका निभाएगी। 2027 का समय अब दूर नहीं है।ग्रेवाल ने कहा, पंजाब दिल्ली के रिमोट कंट्रोल से नहीं चलेगा। पंजाबी अपना फैसला खुद करेंगे, अपना जनादेश खुद देंगे और भाजपा को जनता के फैसले के सामने सिर झुकाना पड़ेगा।

शुभम हत्याकांड में पुलिस को एक और सफलता, तीन आरोपी गिरफ्तार

बवानी खेड़ा पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त तीन डंडे किए बरामद, पांच आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार अब तक कुल आठ आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम की दबिश जारी

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी। शुभम हत्याकांड में थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए तीन डंडे बरामद किए हैं। इस मामले में इससे पहले पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब तक कुल आठ आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस अधीक्षक भिवानी मयंक मिश्रा, आईपीएस के निदेर्शानुसार हत्या जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने शुभम हत्याकांड की जांच आगे बढ़ाते हुए 4 नवंबर 2026 को तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोस्तों के साथ गाड़ी में गया था शुभम,



हमले में हुई थी मौत पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार शिकाय तकर्ता का भाई शुभम 1 नवंबर 2026 की रात करीब 9 बजे अपने दोस्तों के साथ गाड़ी में बैठकर गया था। आरोप है कि जब शुभम गाड़ी से नीचे उतरा तो वहां पहले से मौजूद युवकों ने उस पर लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से हमला कर दिया। हमले में शुभम को गंभीर चोटें आईं। उसे उपचार के लिए हिसार स्थित आधार अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शिकायत के आधार पर थाना बवानी खेड़ा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जमालपुर गांव के तीन आरोपी गिरफ्तार थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार मामले की जांच कर रही है। उप निरीक्षक पवन कुमार की टीम ने 4 नवंबर को तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार है: 1. बलविंदर सिंह पुत्र जसपाल सिंह, निवासी जमालपुर। 2. समीर पुत्र सोमबीर, निवासी जमालपुर। 3. संदीप पुत्र सियाराम, निवासी जमालपुर। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त तीन डंडे बरामद किए हैं। अब तक आठ आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी पुलिस के अनुसार इस हत्याकांड में पहले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

तीन और गिरफ्तारियों के साथ अब तक कुल आठ आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। तीनों नए आरोपियों को 5 नवंबर 2026 को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए। पुलिस का कहना है कि वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

युवा महोत्सव में राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कार विजेता युवाओं को मिले आइकॉन के रूप में सम्मान, अनुभव साझा करने के लिए किया जाए आमंत्रित

युवाओं की प्रतिभा को मंच देने के साथ उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना भी सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी, वर्षों से अनदेखी होने पर पुरस्कार विजेता युवाओं में नाराजगी

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी। जिला स्तरीय युवा महोत्सव-2026 की तैयारियों के बीच राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा और सामाजिक योगदान से पहचान बनाने वाले पुरस्कार विजेता युवाओं को भी आयोजन में विशेष स्थान देने की मांग उठने लगी है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा हरियाणा सरकार की ओर से राष्ट्रीय और राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित युवाओं को युवा महोत्सव में बतौर आइकॉन आमंत्रित किया जाना चाहिए, ताकि वे अपनी संघर्ष यात्रा, उपलब्धियों और अनुभवों को नई पीढ़ी के साथ साझा कर सकें। उपरोक्त विचार भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग, जिला प्रशासन व सरकार के संज्ञान के लिए व्यक्त किए हैं। गौरतलब है कि पूर्व में कांग्रेस सहित



विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों के कार्यकाल में राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार विजेता युवाओं को संबंधित विभागों, जिला प्रशासन और सरकार की ओर से विभिन्न युवा कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता रहा है। उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में प्रस्तुत कर सम्मान दिया जाता था। लेकिन पिछले कई वर्षों से ऐसे सम्मानित युवाओं की अनदेखी किए जाने की बात सामने आ रही है, जिससे पुरस्कार विजेता युवाओं में नाराजगी है। युवाओं का मानना है कि युवा महोत्सव केवल गीत, संगीत, नृत्य और प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह उन युवाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने का भी मंच बने, जिन्होंने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सरकार से सम्मान प्राप्त कर समाज, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। ऐसे युवाओं को आइकॉन बनाकर आमंत्रित करने से प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले युवाओं को सकारात्मक प्रेरणा मिलेगी और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में 19 व 20 नवंबर को आयोजित होने वाले जिला युवा महोत्सव-2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

महोत्सव की मुख्य थीम 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' रखी गई है। इसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवा भाग ले सकेंगे। इच्छुक प्रतिभागी 16 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिताएं 19 नवंबर को तथा पुरस्कार वितरण समारोह 20 नवंबर को आयोजित होगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 4100 रुपये, द्वितीय को 3100 रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1100 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। ऐसे में जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से अपेक्षा है कि युवा महोत्सव में राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार विजेता युवाओं को विशेष अतिथि, युवा आइकॉन और प्रेरक वक्ता के रूप में आमंत्रित कर उन्हें उचित सम्मान प्रदान करें। इससे न केवल सम्मानित युवाओं का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि नई पीढ़ी को भी यह संदेश मिलेगा कि प्रतिभा, मेहनत, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले युवाओं का सम्मान सर्वोपरि है।

सोन नदी तट पर भव्य महागंगा आरती, जनपद सोनभद्र में पहली बार हुई नौका दौड़; लोकसंस्कृति की रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा गंगा उत्सव

जिला गंगा समिति, सोनभद्र के तत्वावधान में गंगा उत्सव-2026 का भव्य आयोजन

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

चोपन/ सोनभद्र। जिला गंगा समिति, सोनभद्र के तत्वावधान में गंगा उत्सव-2026 के अवसर पर सोन नदी तट स्थित छठ घाट, चोपन में भव्य महागंगा आरती, नौका दौड़ प्रतियोगिता एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नदी संरक्षण, जन सहभागिता एवं सोनभद्र की समृद्ध आदिवासी लोकसंस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली। जनपद में पहली बार आयोजित हुई नौका दौड़ बनी आकर्षण का केंद्र गंगा उत्सव का प्रमुख आकर्षण जनपद सोनभद्र में पहली बार आयोजित नौका दौड़ प्रतियोगिता रही। सोन नदी की सहायक नदियों के नाम पर आयोजित इस प्रतियोगिता में बजरंग घाट से छठ घाट, चोपन तक विभिन्न नदियों के नाम पर नाविकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में गंडक नदी के नाविकों ने प्रथम, पांडु नदी के नाविकों ने द्वितीय तथा बिजुल नदी के नाविकों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सोन, रिहंद, कर्मनाशा, कनहर, बेलन सहित अन्य नदियों के नाविकों ने भी प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। महागंगा आरती एवं दीप प्रज्वलन से भक्तिमय हुआ सोन नदी तट सायंकाल छठ घाट, चोपन पर भव्य महागंगा आरती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष कुमार जायसवाल, एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली द्वारा दीप प्रज्वलित कर महागंगा आरती का शुभारंभ किया गया। दीपों की जगमगाहट एवं आरती के भक्तिमय वातावरण ने पूरे घाट को आध्यात्मिक एवं उत्सवमय स्वरूप प्रदान किया। कर्मा एवं परसोना नृत्य से जीवंत हुई सोनभद्र की लोकसंस्कृति कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं व रंगोली बनाकर कार्यक्रम मे अलग ही चाप छोड़ी। वहीं स्थानीय आदिवासी लोक कलाकारों द्वारा सोनभद्र की पारंपरिक लोकसंस्कृति



के प्रतीक करमा एवं परसोना नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं संवर्धन हेतु उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन को संरक्षण शपथ दिलाई गई तथा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जनसहभागिता का संदेश दिया गया। नदी एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष कुमार जायसवाल, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चोपन अखिलेश, उप प्रभागीय वनाधिकारी शत्रुघ्न त्रिपाठी, उप प्रभागीय वनाधिकारी श्री कपिल, क्षेत्रीय वनाधिकारी अभिषेक यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम एवं जिला गंगा समिति, सोनभद्र के जिला परियोजना अधिकारी महेंद्र गौतम, नगर पंचायत चोपन के लिपिक अंकित पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं आमजन उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से जिला गंगा समिति ने नदियों को केवल जलधारा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, आजीविका एवं जीवन का आधार मानते हुए उनके संरक्षण का संदेश दिया। जनपद में पहली बार आयोजित नौका दौड़ के माध्यम से विभिन्न नदियों के नाविकों को एक साझा मंच प्रदान किया गया, जिससे भविष्य में भी नदी संरक्षण एवं जनसहभागिता के ऐसे आयोजनों को नई दिशा मिल सके।



भारत में गेहूँ एक मुख्य फसल है। गेहूँ का लगभग 97% क्षेत्र सिंचित है। गेहूँ का प्रयोग मनुष्य अपने जीवनयापन हेतु मुख्यत रोटी के रूप में प्रयोग करते हैं, जिसमे प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पायी जाती है। भारत में पंजाब, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश मुख्य फसल उत्पादक क्षेत्र हैं।

गेहूँ की खेती

प्रमुख प्रजातियाँ

गेहूँ की प्रजातियों का चुनाव भूमि एवं साधनों की दशा एवं स्थित के अनुसार किया जाता है, मुख्यत : तीन प्रकार की प्रजातिया होती है सिंचित दशा वाली, असिंचित दशा वाली एवं उसरीली भूमि की, आसिंचित दशा वाली प्रजातियाँ निम्न हैं–

असिंचित दशा

इसमें मगहर के 8027, इंद्रा के 8962, गोमती के 9465, के 9644, मन्दाकिनी के 9251, एवं एच डी आर 77 आदि हैं।

सिंचित दशा

सिंचित दशा वाली प्रजातियाँ सिंचित दशा में दो प्रकार की प्रजातियाँ पायी जाती हैं, एक तो समय से बुवाई के लिए–

इसमें देवा के 9107, एच पी 1731, राजश्य लक्ष्मी, नरेन्द्र गेहूँ1012, उजियार के 9006, डी एल 784–3, (वैशाली) भी कहतें हैं, एचयूडब्लू468, एचयूडब्लू510, एच डी2888, एच डी2967, यूपी 2382, पी बी डब्लू443, पी बी डब्लू 343, एच डी 2824 आदि हैं। देर से बुवाई के लिए त्रिवेणी के 8020, सोनाली एच पी 1633 एच डी 2643, गंगा, डी वी डब्लू 14, के 9162, के 9533, एचपी 1744, नरेन्द्र गेहूँ1014, नरेन्द्र गेहूँ 2036, नरेन्द्र गेहूँ1076, यूपी 2425, के 9423, के 9903, एच डब्लू2045,पी बी डब्लू373,पी बी डब्लू 16 आदि हैं।

उसरीली भूमि के लिए–

के आर एल 1–4, के आर एल 19, लोक 1, प्रसाद के 8434, एन डब्लू 1067, आदि हैं, उपर्युक्त प्रजातियाँ अपने खेत एवं दशा को समझकर चयन करना चाहिए।

जलवायु एवं भूमि की आवश्यकता

गेहूँ की खेती के लिए समशीतोषण जलवायु की आवश्यकता होती है, इसकी खेती के लिए अनुकूल तापमान बुवाई के समय 20–25 डिग्री सेंटीग्रेट उपयुक्त माना जाता है, गेहूँ की खेती मुख्यत सिंचाई पर आधारित होती है गेहूँ की खेती के लिए दोमट भूमि सर्वोत्तम मानी जाती है, लेकिन इसकी खेती बलुई दोमट,भारी दोमट, मटियार तथा मार एवं कावर भूमि में की जा सकती है। साधनों की उपलब्धता के आधार पर हर तरह की भूमि में गेहूँ की खेती की जा सकती है।

बीजदर और बीज शोधन

गेहूँकि बीजदर लाइन से बुवाई करने पर 100 कि0ग्रा0 प्रति हैक्टर तथा मोटा दाना 125 कि0ग्रा0 प्रति हैक्टर तथा छिड़काव से बुवाई कि दशा से 125 कि0ग्रा0 सामान्य तथा मोटा दाना 150 कि0ग्रा0 प्रति हैक्टर कि दर से प्रयोग करते हैं, बुवाई के पहले बीजशोधन अवश्य करना चाहिए बीजशोधन के लिए बाविस्टिन, काबेन्डाजिम कि 2 ग्राम मात्रा प्रति कि0ग्रा0 कि दर से बीज शोधित करके ही बीज की बुवाई करनी चाहिए।

बुवाई विधि

गेहूँ की बुवाई समय से एवं पर्याप्त नमी पर करनी चाहिए अंन्यथा उपज में कमी हो जाती है। जैसे–जैसे बुवाई में बिलम्ब होता है वैसे–वैसे पैदावार में गिरावट आती जाती है, गेहूँ की बुवाई सीड्रिल से करनी चाहिए तथा गेहूँ की बुवाई हमेशा लाइन में करें। सयुंक्त प्रजातियों की बुवाई अक्तूबर के प्रथम पक्ष से द्वितीय पक्ष तक उपयुक्त नमी में बुवाई करनी चाहिए, अब आता है सिंचित दशा इसमे की चार पानी देने वाली हैं समय से अर्थात 15–25 नवम्बर, सिंचित दशा में ही तीन पानी वाली प्रजातियों के लिए 15 नवंबर से 10 दिसंबर तक उचित नमी में बुवाई करनी चाहिए और सिंचित दशा में जो देर से बुवाई करने वाली प्रजातियाँ हैं वो 15–25 दिसम्बर तक उचित नमी में बुवाई करनी चाहिए, उसरीली भूमि में जिन प्रजातियों की बुवाई की जाती है वे 15 अक्टूबर के आस पास उचित नमी में बुवाई अवश्य कर देना चाहिए, अब आता है किस विधि से बुवाई करें गेहूँ की बुवाई देशी हल के पीछे लाइनों में करनी चाहिए या फर्टीसीड्रिल से भूमि में उचित नमी पर करना लाभदायक है, पंतनगर सीड्रिल बीज व खाद सीड्रिल से बुवाई करना अत्यंत लाभदायक है।

गेहूँ की फसल में खरपतवार नियंत्रण

गेहूँ की फसल में रबी के सभी खरपतवार जैसे बथुआ, प्याजी, खरतुआ, हिरनखुरी, चटरी, मटरी, सैंजी, अंकरा, कृष्णनील, गेहुंसा, तथा जंगली जई आदि खरपतवार लगते हैं। इनकी रोकथाम निराई गुड़ाई करके की जा सकती है, लेकिन कुछ रसायनों का प्रयोग करके रोकथाम किया जा सकता है जो की निम्न है जैसे की पेंडामेथेलिन 30 ई सी 3.3 लीटर की मात्रा 800–1000 लीटर पानी में मिलकर फ़्लैटफैन नोजिल से प्रति हैक्टर की दर से छिड़काव बुवाई के बाद 1–2 दिन तक करना चाहिए। जिससे की जमाव खरपतवारों का न हो सके, चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों को नष्ट करने के लिए बुवाई के 30–35 दिन बाद एवं पहली सिंचाई के एक सप्ताह बाद 24डी सोडियम साल्ट 80% डब्लू पी. की मात्रा 625 ग्राम 600–800 लीटर पानी में मिलकर 35–40 दिन बाद बुवाई के फ़्लैटफैन नीजिल से छिड़काव करना चाहिए। इसके बाद जहाँ पर चौड़ी एवं संकरी पत्ती दोनों ही खरपतवार हों वहां पर सल्फोसल्फ्युरान 75% 32 म. एल. प्रति हैक्टर इसके साथ ही मेटासल्फ्युरान मिथाइल 5 ग्राम डब्लू जी. 40 ग्राम प्रति हैक्टर बुवाई के 30–35 दिन बाद छिड़काव करना चाहिए, इससे खरपतवार नहीं उगते हैं या उगते हैं तो नष्ट हो जाते हैं।

गेहूँ की फसल में रोग और उनका नियंत्रण

खड़ी फसल में बहुत से रोग लगते हैं,जैसे अल्टरनेरिया, गेरुई या रतुआ एवं ब्लाइट का प्रकोप होता है जिससे भारी नुकसान हो जाता है इसमे निम्न प्रकार के रोग और लगते हैं जैसे काली गेरुई, भूरी गेरुई, पीली गेरुई सेंहू, कण्डुआ, स्टाम्प ब्लाच, करनालबंट इसमें मुख्य रूप से झुलसा रोग लगता है पत्तियों पर कुछ पीले भूरे रंग के लिए हुए धब्बे दिखाई देते हैं, ये बाद में किनारे पर कत्थई भूरे रंग के तथा बीच में हल्के भूरे रंग के हो जाते हैं- इनकी रोकथाम के लिए मैन्कोजेब 2 किग्रा0 प्रति हैक्टर की दर से या प्रापिकोनाजोल 25 % ई सी. की आधा लीटर मात्रा 1000 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए, इसमे गेरुई या रतुआ मुख्य रूप से लगता है,गेरुई भूरे पीले या काले रंग के, काली गेरुई पत्ती तथा तना दोनों में लगती है इसकी रोकथाम के लिए मैन्कोजेब 2 किग्रा0 या जिनेब 25% ई सी. आधा लीटर, 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टर छिड़काव करना चाहिए। यदि झुलसा, रतुआ, कर्नालबंट तीनो रोगों की संका हो तो प्रोपिकोनाजोल का छिड़काव करना अति आवश्यक है।

गेहूँ की फसल में कीट और उनका नियंत्रण

गेहूँ की फसल में शुरू में दीमक कीट बहुत ही नुकसान पहुंचता है इसकी रोकथाम के लिए दीमक प्रकोपित क्षेत्र में नीम की खली 10 कुंतल प्रति हैक्टर की दर से खेत की तैयारी के समय प्रयोग करना चाहिए तथा पूर्व में बोई गई फसल के अवशेष को नष्ट करना अति आवश्यक है, इसके साथ ही माहू भी गेहूँ की फसल में लगती है, ये पत्तियों तथा बालियों का रस चूसते हैं, ये पंखहीन तथा पंखयुक्त हरे रंग के होते हैं, सैनिक कीट भी लगता है पूर्ण विकसित सुंडी लगभग 40 मि0मी0 लम्बी बादामी रंग की होती है। यह पत्तियों को खाकर हानि पहुंचाती है, इसके साथ साथ गुलाबी तना बेधक कीट लगता है ये अण्डो से निकलने वाली सुंडी भूरे गुलाबी रंग की लगभग 5 मिली मीटर की लम्बी होती है, इसके काटने से फल की वानस्पतिक बढ़वार रुक जाती है, इन सभी कीट की रोकथाम के लिए कीटनाशी जैसे क्यूनालफास 25 ई सी. की 1.5–2.0 लीटर मात्रा 700–800 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टर की दर से छिड़काव करना चाहिए, या सैपरमेथ्रिन 750 मी0ली0 या फेंवेलेरेट 1 लीटर 700–800 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिए। कीटों के साथ साथ चूहे भी लगते हैं, ये खड़ी फसल में नुकसान पहुँचाते हैं, चूहों के लिए जिंक फास्फाइट या बेरियम कार्बोनेट के बने जहरीले चारे का प्रयोग करना चाहिए, इसमे जहरीला चारा बनाने के लिए 1 भाग दवा 1 भाग सरसों का तेल तथा 48 भाग दाना मिलाकर बनाया जाता है जो कि खेत में रखकर प्रयोग करते हैं।

खेत की तैयारी

गेहूँ की बुवाई अधिकतर धान की फसल के बाद ही की जाती है, पहली जुताई मिटटी पलटने वाले हल से तथा बाद में डिस्क हैरो या कल्टीवेटर से 2–3 जुताईयां करके खेत को समतल करते हुए भुरभुरा बना लेना चाहिए, डिस्क हैरो से धान के ढूंठे कट कर छोटे छोटे टुकड़ों में हो जाते हैं- इन्हें शीघ्र सड़ाने के लिए 20–25 कि0ग्रा0 यूरिया प्रति हैक्टर कि दर से पहली जुताई में अवश्य दे देनी चाहिए। इससे ढूंठे, जड़ें सड़ जाती हैं ट्रैक्टर चालित रोटावेटर से एक ही जुताई द्वारा खेत पूर्ण रूप से तलैयार हो जाता है।



उर्वरकों का प्रयोग

किसान भाइयों उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना चाहिए, गेहूँ की अच्छी उपज के लिए खरीफ की फसल के बाद भूमि में 150 कि0ग्रा0 नत्रजन, 60 कि0ग्रा0 फास्फोरस, तथा 40 कि0ग्रा0 पोटाश प्रति हैक्टर तथा देर से बुवाई करने पर 80 कि0ग्रा0 नत्रजन, 60 कि0ग्रा0 फास्फोरस, तथा 40 कि0ग्रा0 पोटाश, अच्छी उपज के लिए 60 कुंतल प्रति हैक्टर सड़ी गोबर की खाद का प्रयोग करना चाहिए। गोबर की खाद एवं आधी नत्रजन की मात्रा तथा पोटाश की पूरी मात्रा खेत की तैयारी के समय आखिरी जुताई में या बुवाई के समय खाद का प्रयोग करना चाहिए, शेष नत्रजन की आधी मात्रा पहली सिंचाई पर तथा बची शेष मात्रा दूसरी सिंचाई पर प्रयोग करनी चाहिए।

कटाई

फसल पकते ही बिना प्रतीक्षा किये हुए कटाई करके तुरंत ही मड़ाई कर दाना निकाल लेना चाहिए, और भूसा व दाना यथा स्थान पर रखना चाहिए, अत्यधिक क्षेत्री वाली फसल कि कटाई कम्बाईन से करनी चाहिए इसमे कटाई व मड़ाई एक साथ ही जाती है जब कम्बाईन से कटाई कि जाती है।

भण्डारण

मौसम का बिना इंतजार किये हुए उपज को बखारी या बोरो में भर कर साफ सुथरे स्थान पर सुरक्षित कर सूखी नीम कि पत्ती का बिछावन डालकर करना चहिए या रसायन का भी प्रयोग करना चाहिए।

उपज

असिंचित दशा में 35–40 कुंतल प्रति हैक्टर होती है, सिंचित दशा में समय से बुवाई करने पर 55–60 कुंतल प्रति हैक्टर पैदावार मिलती है, तथा सिंचित देर से बुवाई करने पर 40–45 कुंतल प्रति हैक्टर तथा उसरीली भूमि में 30–40 कुंतल प्रति हैक्टर पैदावार प्राप्त होती है।



तिलहन की खेती

भारत में तिल की खेती पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु,महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश एवम उत्तर प्रदेश में की जाती हैढ्ढ भारत के कुल उत्पादन 20 प्रतिशत उत्पादन अकेले गुजरात से होता हैढ्ढ उत्तर प्रदेश में तिल की खेती मुख्यत : बुंदेलखंड के राकर भूमि में तथा मिर्जापुर, सोनभद्र, कानपुर, इलाहाबाद, फतेहपुर, आगरा एवम मैनपुरी में शुद्ध एवम मिश्रित रूप से की जाती हैढ्ढ तिल की उत्पादकता बहुत ही कम है सघन पद्धतियाँ अपनाकर उत्पादन बढाया जा सकता हैढ्ढ

जलवायु

तिल की खेती के लिए किस प्रकार की जलवायु और भूमि की आवश्यकता पड़ती है

तिल के लिए शीतोषण जलवायु उपयुक्त होती है मुख्यत : बरसात या खरीफ में इसकी खेती की जाती है यह बहुत ही ज्यादा बरसात या सूखा पड़ने पर फसल अच्छी नहीं होती हैढ्ढ इसके लिए हल्की भूमि तथा दोमट भूमि अच्छी होती हैढ्ढ यह फसल पी एच 5.5 से 8.2 तक की भूमि में उगाई जा सकती हैढ्ढ फिर भी यह फसल बलुई दोमट से काली मिट्टी में भी उगाई जाती हैढ्ढ

प्रजातियां

तिल की जो उन्नतशील प्रजातियाँ है उनके बारे में जाने किसान भाईयो को बताईये उन उन्नतशील प्रजातियों के बारे में

तिल की कई प्रजातियाँ पाई जाती है जैसे की टाईप 4, टाईप12, टाईप13, टाईप78, शेखर, प्रगति, तरुण, कृष्णा, एवम बी.63 प्रजातियाँ हैढ्ढ

भूमि की तैयारी

फसल की तैयारी के लिए अपने खेतों की तैयारी किस प्रकार करनी चाहिए

खेत की तैयारी के लिए पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से तथा दो–तीन जुताई कल्टीवेटर या देशी हल से करके खेत में पाटा लगाकर भुरभुरा बना लेना चाहिएढ्ढ इसके पश्चात ही बुवाई करनी चाहिएढ्ढ 80 से 100 कुंतल सड़ी गोबर की खाद को आख़िरी जुताई में मिला देना चाहिएढ्ढ

बीज और बुआई

तिल की फसल में बीज की मात्रा प्रति हेक्टेयर कितनी लगती है और बीज का शोधन हमारे किसान भाई किस प्रकार करे

एक हेक्टेयर क्षेत्र के लिए तीन से चार किलोग्राम बीज पर्याप्त होता हैढ्ढ बीज जनित रोगों से बचाव के लिए 2.5 ग्राम थीरम या कैप्टान प्रति किलोग्राम बीज की दर से शोधन करना चाहिएढ्ढ

तिल की बुवाई किस समय और किस विधि द्वारा करनी चाहिए

तिल की बुवाई का उचित समय जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई का दूसरा पखवारा माना जाता हैढ्ढ तिल की बुवाई हल के पीछे लाइन से लाइन 30 से 45 सेंटीमीटर की दूरी पर बीज को कम गहराई पर करते हैढ्ढ

पोषण प्रबंधन

फसल में खाद एवम उर्वरको का प्रयोग कब करना चाहिए और कितनी मात्रा में करना चाहिए

उर्वरको का प्रयोग भूमि परीक्षण के आधार पर करना चाहिएढ्ढ 80 से 100 कुंतल सड़ी गोबर की खाद खेत तैयारी करते समय आख़िरी जुताई में मिला देना चाहिएढ्ढ इसके साथ ही साथ 30 किलोग्राम नत्रजन, 15 किलोग्राम फास्फोरस तथा 25 किलोग्राम गंधक प्रति हेक्टेयर प्रयोग करना चाहिएढ्ढ रकार तथा भूड भूमि में 15 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर प्रयोग करना चाहिएढ्ढ नत्रजन की आधी मात्रा तथा फास्फोरस,पोटाश एवम गंधक की पूरी मात्रा बुवाई के समय बेसल ड्रेसिंग में तथा नत्रजन की आधी मात्रा प्रथम निराई–गुडाई के समय खड़ी फसल में देना चाहिएढ्ढ

सिंचाई प्रबंधन – सिंचाई प्रबंधन तिल की फसल में कब होना चाहिए किस प्रकार होना चाहिए इस बारे में बताईये

वर्षा ऋतू की फसल होने के कारण सिंचाई की कम आवश्यकता पड़ती हैढ्ढ यदि पानी न बरसे तो आवश्यकतानुसार सिंचाई करनी चाहिएढ्ढ फसल में 50 से 60 प्रतिशत फलत होने पर एक सिंचाई करना आवश्यक हैढ्ढ यदि पानी न बरसे तो सिंचाई करना आवश्यक होता है